वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच **
मंगलवार, 22 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 198, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 443 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसेक्स 443 अंक की बढ़त के साथ 82,200 .34 अंक पर बंद हुआ। } 14

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है सरकारः नड्डा

सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए तैयार है। तत्काल चर्चा कराये जाने की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। } 16



# बम और बंदूक पर हो रही है संविधान की जीत : प्रधानमंत्री मोदी

### संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम ने किया संबोधित, ऑपरेशन सिंदूर को बताया बड़ी उपलब्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर अपेक्षित चर्चा के लिए सरकार का रुख तय करते हुए कहा कि यह सत्र विजयोत्सव की तरह है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि सभी संसद सदस्य इस भावना को एक स्वर में अभिव्यक्त करेंगे।

सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में मोदी ने कई सकारात्मक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि बम और बंदूक पर संविधान की जीत हो रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और रेड जोन धीरे-धीरे हरित विकास क्षेत्र में बदल रहा है। संसद का मानसून सत्र सोमवार (21 जुलाई) से आरंभ हुआ और 21 अगस्त तक इसकी कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा यह मानसून सत्र देश के लिए




बेहद गर्व वाला सत्र है। यह विजयोत्सव की तरह है। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्यों को प्राप्त किया। पूरी दुनिया ने हमारे सशस्त्र बलों का सामर्थ्य देखा। मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष विभिन्न देशों में रखने गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों की सराहना की और कहा कि उन्होंने आतंकवाद के आका पाकिस्तान को बेनकाब किया। उन्होंने कहा मैं इन सभी सांसदों और पार्टियों की, राष्ट्र हित में किए गए इस काम के लिए सराहना करता हूं। मोदी ने कहा सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है लेकिन दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकवादियों को मारकर उनके ठिकानों को जमींदोज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने बिहार में कहा था कि बहुत कम समय में ही भारत की सैन्य ताकत दिखाई दे गई और मेड इन इंडिया के तहत देश में निर्मित सैन्य क्षमताओं की ओर दुनिया का ध्यान गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि मानसून सत्र के दौरान सभी सांसद एकता और विजय की भावना के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विपक्षी हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही बाधित



एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और कई अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के करीब 20 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक, दूसरी बार अपराह्न ...शेष पृष्ठ 14 पर

# धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा

### ❍ खराब स्वास्थ्य का दिया हवाला ❍ 2027 तक था कार्यकाल

एजेंसी



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपने इस्तीफे में लिखा, 'मैं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए और डॉक्टरों की सलाह का पालन करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। यह इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के अनुसार है। मैं भारत की माननीय राष्ट्रपति को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मुझे लगातार सहयोग और एक शांतिपूर्ण कार्य संबंध प्रदान किया। यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं माननीय प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद का भी आभार प्रकट करता हूं। प्रधानमंत्री का सहयोग मेरे लिए बेहद मूल्यवान रहा है और मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। धनखड़ ने कहा, मुझे माननीय सांसदों से जो स्नेह, विश्वास और अपनापन मिला, वह मेरे लिए सदा अमूल्य रहेगा और मेरी स्मृति में अंकित रहेगा। मैं इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अमूल्य अनुभवों और ज्ञान के लिए अत्यंत आभारी हूं।' उन्होंने आगे लिखा कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में भारत की अभूतपूर्व आर्थिक प्रगति और असाधारण विकास का साक्षी बनना और उसमें सहभागी होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात रही है। हमारे राष्ट्र के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना मेरे लिए एक सच्चा सम्मान रहा है। जब मैं इस प्रतिष्ठित पद को छोड़ रहा हूं, तो मैं भारत के वैश्विक उत्थान और उसकी अद्भुत उपलब्धियों पर गर्व से भर जाता हूं, और उसके उज्ज्वल भविष्य में मेरी पूर्ण आस्था है। इससे पहले उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था कि ईश्वर की कृपा रही तो वह अगस्त, 2027 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में धनखड़ का पांच साल का कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 को समाप्त हो रहा है। पेशे से वकील धनखड़ उपराष्ट्रपति चुने जाने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे। 25 जून को उत्तराखंड में एक कार्यक्रम के बाद जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें तुरंत नैनीताल राजभवन ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उनका चेकअप किया। धनखड़ नैनीताल में कुमाऊं यूनिवर्सिटी के गोल्डन जुबली समारोह में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद धनखड़ पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल के कंधे पर हाथ रखकर बाहर निकले। फिर महेंद्र पाल से गले लगकर रोने लगे। इससे पहले जगदीप धनखड़ को 9 मार्च 2025 को अचानक सीने में दर्द की शिकायत पर अककटर दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 12 मार्च 2025 को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था। भारत के उपराष्ट्रपति संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। राज्यसभा की कार्यवाही चलाने का जिम्मा भी उन्हीं पर होती है। धनखड़ के इस्तीफे के बाद जब तक नए उपराष्ट्रपति की नियुक्ति नहीं हो जाती, राज्यसभा के सभापति का काम उपसभापति संभालेंगे। अनुच्छेद 91 के तहत, जब तक उपराष्ट्रपति का पद खाली रहेगा, तब तक राज्यसभा के उपसभापति एक्टिंग चेयरमैन रहेंगे। अभी राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह हैं, हालांकि इनका कार्यकाल भी इसी महीने खत्म होने वाला है। 18 मई 1951 को झुंझुनू जिले में साधारण किसान परिवार में पैदा हुए जगदीप धनखड़ की शुरूआती शिक्षा गांव में हुई। फिर उनका एडमिशन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में करवाया गया। धनखड़ का ठऊअ (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में सिलेक्शन हो गया था, लेकिन वो गए नहीं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद छछइ की पढ़ाई की। जयुपर में ही रहकर वकालत शुरू की थी। जगदीप धनखड़ को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 30 जुलाई 2019 को बंगाल का 28वां राज्यपाल नियुक्त किया था। वे 1989 से 1991 तक राजस्थान के झुंझुनू से लोकसभा सांसद रहे।

## बांग्लादेश में स्कूल पर गिरा विमान, 19 की मौत

### 50 अन्य गंभीर रूप से घायल, एक दिन का राजकीय शोक




एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार दोपहर यहां उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक स्कूल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। अधिकारियों एवं चश्मदीदों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षु विमान दोपहर ढाका के उत्तर क्षेत्र में माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जाहेद कमाल ने संवाददाताओं को बताया, दुर्घटना और उसके बाद लगी आग में 19 लोगों की मौत हो गयी। कम से कम 50 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान बचावकर्मियों ने अकेले स्कूल परिसर से 19 शव बरामद किए हैं। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय संबंधी विशेष सहायक मोहम्मद सईदुर रहमान ने पहले कहा था कि माइलस्टोन कॉलेज परिसर में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। रहमान ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### केरल के पूर्व सीएम वीएस अच्युतानंदन का निधन

तिरुवनंतपुरम। भारत के सबसे सम्मानित कम्युनिस्ट नेताओं में से एक और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माकपा के प्रदेश सचिव एम. वी. गोविंदन ने यहां यह जानकारी दी। अस्पताल द्वारा जारी एक आधिकारिक बुलेटिन के अनुसार, वरिष्ठ नेता का अपराह्न 3.20 बजे पट्टोम एसयूटी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में इलाज के दौरान निधन हो गया। अच्युतानंदन का 23 जून को हृदयाघात के बाद से उपचार किया जा रहा था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक सदस्य अच्युतानंदन आजीवन श्रमिकों के अधिकारों, भूमि सुधारों और सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे।

## हर विकासखण्ड में एक स्मार्ट गांव : धामी

### सीएम ने की ग्राम्य विकास विभाग की गेमचेंजर योजनाओं की समीक्षा

प्रमुख संवाददाता




देहरादून। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के संसाधन बढ़ाने के साथ ही रिवर्स पलायन करने वाले लोगों को हर संभव प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम को मजबूत किया जाय।

यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित गेमचेंजर योजनाओं 'मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना', 'ग्रोथ सेंटर योजना', 'हाऊस ऑफ हिमालयाज' और 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना' की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिए। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के अम्ब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज का टर्न ओवर वर्ष 2030 तक एक सौ करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य तय करते हुए इसके उत्पादों की यूनिटी मॉल के माध्यम से भी विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विकासखंड में एक-एक स्मार्ट गांव विकसित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सभी परिवारों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के लिये अंब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पादों के विपणन के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम किया जाय। इसके उत्पादों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यावसायिक दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रोथ सेंटर्स के उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जांय। जिससे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुंबई ट्रेन विस्फोट के सभी 12 आरोपी बरी

### ❍ 2006 में कई ट्रेनों में किये थे बम धमाके, 180 की हुई थी मौत ❍ सबूत के अभाव में छूटे

एजेंसी

मुंबई। मुंबई उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में किए गए सात बम धमाकों के मामले में सोमवार को सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है।


19 साल बाद आया फैसला, सिमी और लश्कर आतंकियों ने मिलकर रची थी साजिश, निर्णय को चुनौती देने की तैयारी

यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को नकल करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ योगी से मिलने पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह! (पृष्ठ-02)
❍ दिव्यांगों के लिए स्थापित हो रहे विशेष विद्यालय (पृष्ठ-02)
❍ आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुस्त पड़ी (पृष्ठ-14)
❍ भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 को हस्ताक्षर (पृष्ठ-14)
❍ रुपया 14 पैसे टूटकर 86.30 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** यह केवल पुनर्वास नहीं, राष्ट्रीय जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री, वर्षों से बसे लोगों के नाम अब राजस्व रिकॉर्ड में होंगे दर्ज

# पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ-साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है।




अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था। प्रारंभिक वर्षों में इन परिवारों को ट्रांजिट कैंपों के माध्यम से विभिन्न गांवों में बसाया गया और भूमि आवंटन भी किया गया, किंतु कानूनी और अभिलेखीय विसंगतियों के चलते अधिकांश को आज तक वैध भूमिधरी अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था और उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। हालांकि, समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी कई प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो आज भी भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। इस स्थिति के अनुसार, एक ओर जहां कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थायी आवास बना लिए हैं, वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम आज भी दर्ज नहीं हैं। दूसरी ओर, कुछ ग्रामों में वास्तव में आज भी उन परिवारों का कोई अस्तित्व नहीं है, जिन्हें पहले वहां बसाया गया था। कई परिवारों ने बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए भूमि पर कब्जा किया है, जिससे समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पूर्व में भूमि का आवंटन गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट के तहत हुआ था, उन्हें ध्यान में रखते हुए वर्तमान विधिक ढांचे में नए विकल्प तलाशे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तर प्रदेश : सड़क हादसों में छह कांवड़ियों की मौत

विशेष संवाददाता

**❍ बस्ती में कांवड़ियों ने फूंका पुलिस बैरियर**

लखनऊ। गाजियाबाद, बस्ती, मुजफ्फरनगर, और कन्नौज में हुए सड़क हादसों में 6 कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि पांच कांवड़िए और 13 स्कूली बच्चे घायल हो गए। सड़क हादसे से गुस्साए कांवड़ियों ने बस्ती जिले में पुलिस के बैरियर को आग लगा दी और पुलिस की जीप में तोड़-फोड़ की। गाजियाबाद जिले में भोजपुर टोल प्लाजा के पास एक मोटरसाइकिल के डिवाइडर से टकरा जाने से एक कांवड़िए की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि आकाश बिष्ट, अंशुल अवस्थी और राहुल चौबे (सभी लगभग 25 वर्ष आयु वर्ग के) हरिद्वार से गंगा जल लेकर नोएडा के भंगेल जा रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अंशुल अवस्थी को मृत घोषित कर दिया जबकि दो अन्य का उपचार किया जा रहा है। वहीं, बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में कांवड़ यात्रा पर निकले तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रतिवर्ष कमा रहे करोड़ों, औरों को भी रोजगार दे रहे मत्स्य पालक

## जौनपुर की मीरा सिंह ने 2020-21 में एक एकड़ से शुरू किया था, आज 25 एकड़ में मत्स्य पालन कर बनीं आत्मनिर्भर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** युवा हों या महिलाएं, डबल इंजन सरकार का साथ, मत्स्य विभाग का मार्गदर्शन और अपनी मेहनत से सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं। एक तरफ मत्स्य पालन से स्वरोजगार कर सफलता पथ पर अग्रसर हैं तो दूसरी तरफ कइयों को रोजगार देकर उनके जीवन में नई रोशनी जला रहे हैं। ऐसी ही कहानी वाराणसी के विक्रांत पाठक और जौनपुर की मीरा सिंह की है, जिन्होंने मोदी-योगी सरकार के मार्गदर्शन में योजनाओं का लाभ लेकर अपनी अलग पहचान बना ली है।

- **वाराणसी के विक्रांत पाठक ने 42 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की बेस फिश फॉर्मिंग**
- **अब 50 लोगों को दे रहे रोजगार, प्रति वर्ष कर रहे सवा से डेढ़ करोड़ की कमाई**
- **मई में विश्व बैंक की टीम भी कर चुकी है विक्रांत के फॉर्म का निरीक्षण**
- **20 कुंतल प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष से बढ़कर अब 1400 कुंतल हुआ वार्षिक उत्पादन**

**डबल इंजन सरकार के संकल्प से सफलता तक पहुंच रहे मत्स्य पालक :** वाराणसी के पिंडरा विकासखंड के चुप्पेपुर पोस्ट के पिंडराई ग्राम निवासी विक्रांत पाठक ने एक हेक्टेयर भूमि पर तालाब बनाकर मत्स्य पालन प्रारंभ किया था। प्रारंभिक लाभ कम होने पर उन्होंने मत्स्य विभाग से संपर्क कर तकनीकी सहायता प्राप्त की और वैज्ञानिक विधियों को अपनाया। विक्रांत पाठक ने दो हेक्टेयर निजी व 40 हेक्टेयर लीज भूमि का उपयोग कर बेस फिश फॉर्मिंग विकसित किया। नाबार्ड के सहयोग से एफपीओ गठित कर 150 मत्स्य पालकों को जोड़ा। साथ ही 30-40 लोगों को रोजगार भी प्रदान किया।

**विश्व बैंक की टीम भी कर चुकी है फॉर्म का निरीक्षण :** 27 मई 2025 को विश्व बैंक की टीम ने उनके फॉर्म का भी निरीक्षण किया। आज



पिंडरा ब्लॉक में वैज्ञानिक विधियों से मत्स्य बीज उत्पादन पर उनका जोर है। वे साढ़े चार-पांच लाख पंगेसियस बीज का संचयन व दो उत्पादन चक्रों में चार हजार से 4500 कुंतल उत्पादन कराने में भी सफल हो रहे हैं। 2024-25 में सात लाख पंगेसियस व 30 हजार आईएमसी बीज का संचालन भी वहां किया जा रहा है। यही नहीं, युवाओं को रोजगार सृजन का रास्ता दिखाने वाले विक्रांत वर्तमान में मत्स्य पालन से एक से डेढ़ करोड़ रुपये वार्षिक आमदनी भी कर रहे हैं। योगी सरकार से मिले सहयोग-मार्गदर्शन के लिए आभार जताते हुए विक्रांत कहते हैं कि उनका लक्ष्य एफपीओ का विस्तार कर 500 किसानों को जोड़ना है। उत्पादन क्षमता के साथ ही गुणवत्ता में भी सुधार पर जोर देते हुए वे समावेशी ग्रामीण विकास में योगदान जारी रखेंगे।

**डबल इंजन सरकार की बदौलत मीरा सिंह ने लिखा आत्मनिर्भ ?ता की कहानी :** जौनपुर के शाहगंज तहसील के सुइथाकला विकास खंड के ग्राम बुढ़ूपुर की मीरा सिंह ने तालाब निर्माण (नीली क्रांति) मत्स्य बीज हैचरी से प्रगतिशील मत्स्य पालक के रूप में अपनी पहचान बनाई। मीरा सिंह ने 2020-21 में एक एकड़ में मत्स्य पालन की शुरूआत की थी। स्वावलंबन में पति जैनेंद्र सिंह ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। मत्स्य बीज हैचरी स्थापना के लिए विभाग की तरफ से मीरा सिंह को 15 लाख रुपये का अनुदान भी दिया गया था। विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने वैज्ञानिक ढंग से मत्स्य पालन का विस्तार किया।

**कभी 20 कुंतल प्रति हेक्टेयर होता था वार्षिक उत्पादन, अब 1400 कुंतल :** मीरा सिंह के यहां प्रारंभिक उत्पादन महज 20 कुंतल प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष होता था। 2024-25 में वे 25 एकड़ में मत्स्य पालन कर रही हैं, जहां से 1400 कुंतल प्रति हेक्टेयर वार्षिक उत्पादन हो रहा है। उनके तालाब से 1250 कुंतल पंगेशियस, 60-60 कुंतल रोहू व भाकुर, 30 कुंतल मृगल का उत्पादन हो रहा है। मीरा सिंह अब आसपास के गांवों में भी मत्स्य बीज की आपूर्ति कर रही हैं। क्षेत्रीय किसानों के लिए प्रेरणा बनीं मीरा सिंह 10 से अधिक लोगों को रोजगार भी दे रही हैं।

**हर गांव-हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं की पहुंच :** एनएस रहमानी, निदेशक, मत्स्य विभाग ने बताया कि मत्स्य पालन कर युवाओं, महिलाओं ने सफलता की नई कहानी लिखी है, जो उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की प्रभावशीलता और जमीनी स्तर पर सफलता को दशार्ती है। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में समाज के सभी वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मत्स्य पालन जैसी विभिन्न योजनाओं से जुड़कर भी लोग आत्मनिर्भर और प्रदेश के आर्थिक विकास में सहभागी बन सकते हैं।

# लालजी टंडन का संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आदर्श

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार व मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री दिवंगत लालजी टंडन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आदर्श उदाहरण है।



सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि पूर्व राज्यपाल, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं अद्वितीय जनसेवक लालजी टंडन बाबू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मुख्यमंत्री ने कहा, कि आपका (लालजी टंडन) संपूर्ण जीवन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आदर्श उदाहरण है। संगठन-साधना, शुचिता और सेवा के जो संस्कार आपने राजनीति को दिए, वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। लालजी टंडन का जन्म उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊमें 12 अप्रैल 1935 को हुआ और 21 जुलाई 2020 को 85 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। टंडन लखनऊ संसदीय क्षेत्र से 2009 में लोकसभा सदस्य चुने गए और इसके पहले वह विधानसभा और विधान परिषद के भी सदस्य रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और विधान परिषद में नेता सदन की भूमिका का भी निर्वहन किया।

# बच्चों की डायरिया से सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाना योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए पूरे प्रदेश में डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) चलाया जा रहा है।

31 जुलाई तक चलने वाले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से डायरिया के प्रति जन जागरूकता की अलख जगाई जा रही है। डायरिया से बचाव, कारण, रोकथाम व उपचार से जुड़े संदेशों वाले पोस्टर-बैनर व आडियो/वीडियो से सुसज्जित वाहन गली-मोहल्लों में पहुंच रहे हैं और लोगों को जागरूक बना रहे हैं। स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर जागरूकता के सन्देश जन-जन तक पहुंचाए जा रहे हैं। दीवार लेखन और सार्वजनिक स्थलों पर ओआरएस-जिंक कार्नर बनाए गए हैं, निजी अस्पतालों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। योगी सरकार द्वारा डायरिया के प्रति समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने, लोगों को ओआरएस और जिंक की महत्ता को भलीभांति समझाने के लिए पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर चलाये जा रहे स्टॉप डायरिया कैम्पेन की इस साल की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान तय की गयी है। अभियान का उद्देश्य बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके तहत जिलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसमें विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं भी स्वास्थ्य विभाग के सहयोग में जुटी हैं। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इण्डिया (पीएसआई इण्डिया) और केनव्यू ने स्टॉप डायरिया कैम्पेन में सहयोग के लिए 'डायरिया से डर नहीं' जैसा कार्यक्रम संचालित कर एक अनूठी पहल की है। सीएम योगी के निर्देश पर पीएसआई इण्डिया पहले चरण में प्रदेश के सात जिलों फिरोजाबाद, मथुरा, मुरादाबाद, बदायूं, उन्नाव, गोंडा और श्रावस्ती में शुरू की गयी है। इसके तहत स्वास्थ्य केन्द्रों पर ओआरएस और जिंक कार्नर बनाये गए हैं, निजी अस्पतालों का भी इसमें सहयोग लिया जा रहा है और उनसे क्लिनिक में ओआरएस कार्नर बनाने व डायरिया केस की रिपोर्टिंग की अपील की जा रही है। प्रचार वाहन भी समुदाय के बीच पहुंचकर लोगों को डायरिया के लक्षण, कारण और बचाव आदि के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

**मृत्यु दर की प्रमुख वजहों में शामिल है डायरिया :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि डायरिया आज भी देश में खास तौर पर कमजोर आबादी और पांच साल से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में मौजूद है। यह बीमारी और मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक बना हुआ है। रोकथाम ही दस्त प्रबन्धन की कुंजी है। डायरिया के रोकथाम के लिए मुख्य गतिविधियों में सुरक्षित पेयजल तक पहुंच, बेहतर स्वच्छता, साबुन-पानी से अच्छी तरह से हाथ धोना, पर्याप्त पोषण जिसमें केवल स्तनपान और पूरक आहार शामिल हों, इसके अलावा समय पर बच्चे का टीकाकरण भी कराना शामिल है।

**आशा कार्यकर्ताओ द्वारा तैयार की जा रही बच्चों की सूची :** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दस्त की रोकथाम, उपचार और प्रबन्धन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए हर साल डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) चलाया जाता है। हर साल की भांति इस साल भी 16 जून से 31 जुलाई तक यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

**मां का दूध पीने वाले बच्चे को दस्त के दौरान भी कराएं स्तनपान :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के महाप्रबंधक बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. मिलिंद वर्धन का कहना है कि आज भी शून्य से पांच साल तक के बच्चों की मौत का एक प्रमुख कारण डायरिया है, जबकि दस्त की रोकथाम और उपचार पूरी तरह संभव है। बच्चे को दिन भर में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए।

# एक-एक पीड़ित के पास पहुंचे सीएम योगी, सुनीं समस्याएं

## मुख्यमंत्री ने अभिभावकों संग आये बच्चों का भी जाना हाल, पढ़ाई के बारे में पूछा, चॉकलेट दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया

- **मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ में किया 'जनता दर्शन'**
- **प्रदेश भर से आये लोगों को सीएम ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन**
- **बोले- हर नागरिक की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता**



और आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। हर समस्या का निराकरण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर नागरिक की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए दिव्यांग की बात सुनी और उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दिलाने को कहा। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, रोजगार, शिक्षा, आवास, कब्जा, परिवार आदि से जुड़े मामले भी आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिया। जनता की समस्या सुनते हुए सीएम ने अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा।

**मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारा, चॉकलेट भी दी :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की। उनका हालचाल जाना, दुलार किया। बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान कर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# भाजपा सरकार में प्रदेश की बिजली व्यवस्था बदहाल : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में प्रदेश की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। इस सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में बिजली की स्थिति में सुधार के लिए कोई काम नहीं किया। सरकार ने जानबूझकर बिजली व्यवस्था को खराब होने दिया जिससे कर्मचारियों, अधिकारियों पर आरोप लगाकर निजीकरण कर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। उत्पादन कम है, मांग ज्यादा है। इस सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी यूनिट उत्पादन नहीं बढ़ाया। प्रदेश को आज जो बिजली मिल रही है वह समाजवादी सरकार में लगाए बिजलीघरों के उत्पादन से ही मिल रही



है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली की भारी कमी है। शहरों में बड़े पैमाने पर अघोषित कटौती हो रही है। छोटे नगरों और गांवों में बिजली का बुरा हाल है। किसानों को धान की रोपाई और अन्य कार्य के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन बिजली नहीं मिल पाने से रोपाई और सिंचाई का कार्य प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सपा उत्तर प्रदेश में बिजली की दुर्दशा का सवाल लगातार उठा रही है लेकिन सरकार व्यवस्था सुधारने के बजाय पूरा जोर निजीकरण पर लगा रही है। प्रदेश में बिजली की स्थिति की हकीकत अब खुद बिजली मंत्री को पता चल गयी है। मुरादाबाद में ऊर्जा मंत्री के कार्यक्रम में ही बिजली कट गई। सरकार के सामने ही अंधेरा छा गया। इसके लिए खुद भाजपा सरकार जिम्मेदार है। प्रदेश में लाखों लोग हर दिन बिना बिजली के रहने पर मजबूर हैं। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में हर क्षेत्र में विफल साबित हो रही है। इस प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, कानून व्यवस्था सब चौपट है।

# संगठन सृजन अभियान के तहत फूंक दिया 2027 के रण का बिगुल : अविनाश पाण्डेय

फोटो - सीके

लखनऊ। प्रदेश में पिछले 6 दिनों से लगातार जारी अलग-अलग जनपदों में जोनवार हुई कार्यशालाओं के विषय में बोलते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन सृजन सिर्फ कार्यकारिणी

- **संगठन सृजन अभियान के कार्यकर्ता बनेंगे 2027 में बदलाव के कारक: अजय राय**

गठित करने के लिए नहीं हो रहा है बल्कि यह एक ऐसा प्रदेशव्यापी अभियान है जिसका लक्ष्य 2027 का विधानसभा चुनाव है। हम आगामी पंचायत चुनाव में अपने दम पर लड़ेंगे और इन्हीं चुनावों में 2027 के रण का बिगुल फूंक देंगे।




संगठन सृजन अभियान की चौथी समीक्षा बैठक सोमवार को संपन्न हुई। 16 जुलाई से पश्चिम जोन के मेरठ से शुरू हुई यह बैठकें 17 जुलाई को ब्रज जोन के अलीगढ़, बुंदेलखंड जोन के झांसी, प्रयाग जोन के प्रयागराज, पूर्वांचल जोन के गोरखपुर होते हुए अवध जोन के लखनऊ में संपन्न हुई। लखनऊ में बैठक के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उप्र अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केक काटकर मनाया तथा उपस्थित कांग्रेसजों को बधाई दी।

पाण्डेय ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत यह कार्यशालाएं प्रदेश के सभी 75 जिलों में होंगी। 23 मार्च से जारी संगठन सृजन के इस पुनीत अभियान का पहला चरण 15 अगस्त तक बूथ लेवल तक की कार्यकारिणी गठित कर पूर्ण हो जाएगा। बरसात के इस प्रतिकूल मौसम में भी दूर-दराज से आए कार्यकर्ताओं ने यह बता दिया है कि राहुल गांधी की आवाज अब समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच चुकी है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जनता का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और अब वह समय दूर नहीं जब लोग अपने वोट की चोट से इस तानाशाही सरकार को बदल देंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी इस संगठन सृजन अभियान से हम जमीनी स्तर पर संगठन का निर्माण कर रहे हैं। इस महायज्ञ से जो कार्यकर्ता तैयार हो रहे हैं वह इस प्रदेश में बदलाव के कारक बनेंगे। उन्होंने कहा कि कल दिनांक 22 जुलाई को प्रदेश में बिजली काटौती एवं बढ़ी हुई कीमतें तथा खरीफ की फसल की बुआई के समय में यूरिया खाद की किल्लत के विरोध में प्रदेश के सभी 75 जनपद/तहसील/ब्लाक मुख्यायलों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। राय ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत बनाए जा रहे हमारे सभी पदाधिकारी जनता के सिपाही के तौर पर उनके हितों की रक्षा करेंगे।

बैठक में पूर्व सांसद पीएल पुनिया, एपी गौतम एवं रविप्रकाश वर्मा, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठन डॉ प्रमोद कुमार पाण्डेय आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# तीन साल बाद सीएम योगी से मिलने पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह!

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के कद्दावर नेता और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सोमवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने उनके लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचे। अहम बात यह है कि बृजभूषण शरण सिंह करीब 3 साल बाद योगी आदित्यनाथ से मिले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। बृजभूषण शरण सिंह ने मुलाकात को शिष्टाचार भेंट करार दिया हालांकि इसे एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि योगी जी सीएम हैं तो मुलाकात तो होनी ही है।

- **निकाले जा रहे कई सियासी मायने, बाहर निकलने पर बोले, मुलाकात तो होनी ही है**

गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से बृजभूषण शरण सिंह अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में थे। वह लगातार सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठा रहे थे और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को छोटा भाई भी बताया था। सीएम आवास में बृजभूषण शरण सिंह करीब पौन घंटे तक रहे।

कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ बन गई दूरियों को कम करने के लिए बृजभूषण उनसे मिलने पहुंचे थे। हालांकि सीएम आवास से निकलने पर उनकी बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि दूरियां अभी कम नहीं हुई हैं। मीडिया के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं तो मुलाकात होनी ही चाहिए और हुई है। जब यह पूछा गया कि क्या खास रहा, तो बोले उनसे मुलाकात ही खास रही। बृजभूषण शरण सिंह की गिनती खुलकर बोलने वाले नेताओं में होती है। इसके बाद भी वह ज्यादा नहीं बोले। कहा जा रहा है कि अगर सबकुछ बृजभूषण शरण सिंह के मन मुताबिक होता तो वह खुलकर मीडिया के सवालों का जवाब देते। इस तरह से बिना कुछ बोले निकलते नहीं। ऐसे में कहा जा रहा है कि जिस आशा और अपेक्षा को लेकर वह मुख्यमंत्री से मिलने गए थे, वह पूरी नहीं हो सकी है। या यह कहा जाए कि उस तरह का आश्वासन नहीं मिल सका है। उ

नके चेहरे से भी यह साफ झलक रहा था। यानी जो दूरियां मुख्यमंत्री के साथ थीं, अब भी बरकरार हैं। दरअसल यूपी में गोरखपुर और देवीपाटन इलाका मुख्यमंत्री का काफी करीबी इलाका है। गोरखपुर की तरह देवीपाटन में भी उनका एक मंदिर है। दोनों एक ही मठ से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री लगातार बलरामपुर जाते रहते हैं। कहा जाता है कि देवपाटन में ठेकों और पट्टों पर बृजभूषण शरण सिंह का आधिपत्य है। उससे मुख्यमंत्री भी नाराज हैं। पीडब्ल्यूडी के करोड़ों के ठेकों को कई बार निरस्त भी किया गया है। वहां के अधिकारियों को सस्पेंड भी किया गया है। इसके साथ ही बृजभूषण शरण सिंह की दंबगई और राजनीतिक पृष्ठभूमि को लेकर तालमेल सरकार के साथ नहीं बैठ रहा था। बृजभूषण शरण सिंह सार्वजनिक रूप से अधिकारियों के भ्रष्टाचार को लेकर बोलते रहते हैं और अखिलेश यादव का महिमा मंडन भी करते रहते हैं। यह सब चीजें लंबे समय से चली आ रही थीं। यह सब चीजें ही दूरियां बढ़ा रही थीं। इन सब चीजों को लेकर ही बृजभूषण शरण सिंह सीएम योगी से मिलने पहुंचे थे। हालांकि बाहर निकलने पर साफ दिखाई दिया कि उनकी आशाएं अभी पूरी नहीं हुई हैं।

**निकाले जा रहे सियासी मायने :** पिछले तीन-चार साल से बृजभूषण शरण सिंह ने जिस प्रकार के बयान दिए हैंए उससे उन्हें योगी विरोधी नेता के रूप में देखा जाता रहा है। हालांकि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता बताते रहे हैं, जबकि योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री। बृजभूषण सिंह का कुछ दिन पहले एक दिया हुआ इंटरव्यू भी वायरल हो रहा था, जिसमें वह कह रहे थे कि ना मुख्यमंत्री जी को मुझसे काम पड़ता है ना मुझे उनसे काम पड़ता है, इसलिए मुलाकात हो नहीं पा रही है। जिस दिन काम होगा उस दिन मुलाकात हो जाएगी।

**लोकसभा में कट गया था टिकट :** हाल ही में लोकसभा चुनाव हुआ और बृजभूषण का टिकट कैसरगंज से कट गया था। महिला पहलवानों के प्रकरण में बृजभूषण शरण सिंह का नाम आया और उसके बाद पार्टी ने उनके बेटे करण भूषण को कैसरगंज से टिकट दिया। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन काफी खराब रहा था और समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

**लोकसभा चुनाव में भाजपा को हुआ था नुकसान :** अगर बृजभूषण सिंह के इलाके की ही बात करें तो केवल कैसरगंज से उनके बेटे करण भूषण और गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत पाए। वहीं उसके अगल-बगल के जिलों की सारी सीटें भाजपा हार गई। यहां तक की अयोध्या जो भाजपा का गढ़ माना जाता है, वहां भी भाजपा को सफलता नहीं मिली। अयोध्या, अंबेडकर नगर, बलरामपुर, कैसरगंज, गोंडा, बस्ती, संतकबीर नगर, डुमरियागंज, सुल्तानपुर में बृजभूषण शरण सिंह का प्रभाव माना जाता है। यहां पर ठाकुरों की आबादी भी अच्छी खासी संख्या में है। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि इन सभी लोकसभा सीटों में केवल भाजपा कैसरगंज, डुमरियागंज और गोंडा ही जीत पाई। बाकी सभी सीटों पर भाजपा की करारी हार हुई।

# दिव्यांगों के लिए स्थापित हो रहे समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी सरकार का दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग दिव्यांगों और सामान्य विद्यार्थियों को एक ही छत के नीचे गुणवत्तापूर्ण, समान और संवेदनशील वातावरण में शिक्षा प्रदान करने के लिए समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना कर रहा है। वर्तमान में सात जिलों प्रयागराज, कन्नौज, औरैया, आजमगढ़, बलिया, महराजगंज और लखनऊ में ये समेकित विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है और प्रत्येक विद्यालय की स्वीकृत क्षमता 560 विद्यार्थियों की है, जिसमें 50 प्रतिशत सीट दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए और 50 प्रतिशत सामान्य विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

इन विद्यालयों में करीब 400 बच्चों का पंजीकरण हो चुका है। इस योजना में विस्तार करने के लिए शैक्षिक सत्र 2025-26 से गाजियाबाद और प्रतापगढ़ में दो अन्य समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों का संचालन प्रस्तावित है। इन नए विद्यालयों के शुरू होने से पश्चिम और पूर्वांचल क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चे इस अनोखी शैक्षणिक व्यवस्था का लाभ उठा सकेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप के हवाले से बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, कि समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों की यह व्यवस्था न केवल एक शैक्षिक पहल है बल्कि यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की उस सोच को भी दर्शाती है जिसमें समानता, सम्मान और अवसर हर नागरिक का अधिकार है।

# समता मूलक चौराहे के पास 431 करोड़ में बनेगा एकीकृत मंडलीय कार्यालय

## आठ मंजिला भवन में 54 विभागों को किया जायेगा शिफ्ट, सिंचाई विभाग ने 14 साल पहले उप्र राज्य हज समिति को दी थी जमीन

आशीष मौर्य

**लखनऊ।** वाराणसी और गोरखपुर की तर्ज पर लखनऊ में समता मूलक चौराहे के पास सिंचाई विभाग की जमीन पर एकीकृत मंडलीय कार्यालय बनेगा। इसके निर्माण में लगभग 431 करोड़ रुपये के खर्च का आकलन किया गया है। कॉरपोरेट कार्यालय की तर्ज पर डबल बेसमेंट की पार्किंग के साथ 8 मंजिल के टॉवर में मंडल स्तर के सभी कार्यालय होंगे। इसके लिए 63 विभागों को चिहिन्त किया गया। इसमें से मंडल स्तर के 54 विभागों को एकीकृत कार्यालय में शिफ्ट किया जाएगा। इन 54 विभागों में कुल 1202 पद सृजित हैं। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार की ओर से कार्यालय निर्माण के लिए डीपीआर की मंजूरी तथा भूमि हस्तातंरण सम्बंधी प्रस्ताव आवास विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण इस कार्यालय का निर्माण कराएगा। इसका उद्देश्य विभिन्न प्रमुख प्रशासनिक विभागों को एक एकीकृत विशेष रूप से बने परिसर में सम्मिलित करना है। इससे प्रशासनिक कार्यों में समन्वय बढ़ेगा और नागरिकों को सुगम सेवायें मिल सकेंगी। मण्डलीय कार्यालय के निर्माण की डीपीआर आदि बनाने व विभागों के सर्वे के लिए प्राधिकरण ने मेसर्स म्यूरलेज को जिम्मेदारी दी है। संस्था की ओर से मूल्यांकन के लिए वर्तमान भवनों की स्थिति, आवश्यकता की पड़ताल की गई। सत्यापन के बाद 63 विभागों को चिहिन्त किया गया। मगर विचार विमर्श के बाद 54 विभागों को ही शिफ्टिंग के उपयुक्त पाया गया। इनमें 1202 पद सृजित हैं जिसमें ग्रुप ए के 64, ग्रुप बी के 142, ग्रुप सी के 662 पद, ग्रुप डी के 334 पद हैं। इस एकीकृत मण्डलीय कार्यालय के निर्माण के लिए गोमती नगर में समता मूलक चौराहे के पास जमीन को उपयुक्त पाया गया है। हालांकि यह भूमि सिंचाई विभाग के स्वामित्व है, जिसे पूर्व में उप्र राज्य हज समिति को वर्ष 2009 में आवंटित किया गया था। लेकिन किन्हीं कारणों से हज समिति यह भूमि का प्रयोग नहीं कर सकी। 14 वर्षों से बेकार पड़ी इस भूमि का आवंटन निरस्त करने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से पत्राचार किया गया है अब इसी भूमि पर एकीकृत मण्डलीय कार्यालय बनने के लिए एलडीए ने सिंचाई विभाग को पत्र लिखा है। डीड की शर्तों के अनुसार हज समिति ने शर्तों का पालन नहीं किया है। इसलिए पट्टा निरस्त करने की मांग की गई है।



**डबल बेसमेंट की पार्किंग में खड़ी हो सकेंगी 900 कार :** मण्डलीय कार्यालय के निर्माण के लिए विस्तृत डीपीआर मेसर्स म्यूरलेज ने तैयार कराया है। प्रस्ताव के अनुसार केंद्रीयत प्रशासनिक भवन, सार्वजनिक शिकायत व सहायता कक्ष, सम्मेलन व प्रशिक्षण सुविधाओं, हरित क्षेत्र तथा पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था का प्राविधान किया गया है। 431 करोड़ से बनने वाले इस कार्यालय में डबल बेसमेंट की पार्किंग बनेगी, जहां लगभग 900 चार पहिया गाड़ियां खड़ी हो सकेगी।

**इस तरह से बजट की होगी व्यवस्था :** एकीकृत मण्डलीय कार्यालय के लिए शासन सीड कैपिटल के रूप में 50 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा। वहीं 25 करोड़ रुपये लखनऊ विकास प्राधिकरण अपने स्त्रोतों से वहन करेगा। इसके बाद की धनराशि यहां शिफ्ट होने वाले विभागों के कार्यालय की भूमि तथा अन्य शासकीस भूमि के मौद्रीकरण के माध्यम से होगी। तीन ऐसे मण्डलीय कार्यालय चिन्हित किए गए हैं जिनके एकीकृत कार्यालय में समाहित होने के बाद 63.50 करोड़ रुपये की भूमि मौद्रीकरण से मिल सकेगी। इसके अलावा डीएम के माध्यम से तथा अपनी व राजस्व की संयुक्त टीम से कई अन्य विभागों की रिक्त भूमि का चिन्हांकन किया गया है, जो इन विभागों के लिए अनुपयोगी है, मगर प्राधिकरण के लिए यह भूमि उपयोगी साबित होगी। इस दशा में प्राधिकरण के पक्ष में भूमि के हस्तांतरित होने से 466 करोड़ रुपये मिलेंगे। कुछ नजूल भूमि से लगभग 24 करोड़ रुपये मिल सकेंगे। एलडीए की ओर से मण्डलीय कार्यालय के प्रस्ताव की मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य स्तरीय समिति के माध्यम से मंत्रीपरिषद से मंजूरी मिलना है। डीपीआर के अनुसार प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति के तौर पर सीड कैपिटल धनराशि दिए जाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही चिन्हित भूमि को हज समिति का आवंटन निरस्त कर एलडीए के पक्ष में हस्तांतरित किया जाना है।

# नये कलेवर में दिखेगा हजरतगंज कलर-साइनेज में दिखेगी एकरूपता

**लखनऊ।** हजरतगंज जल्द ही नये क्लेवर में नजर आएगा। यहां की इमारतें अपने नये रंग-रूप से अवध का अंदाज बयां करेंगी। इसके लिए सभी बिल्डिंगों के फसाड व साइनेज आदि के रंग व आकार में एकरूपता लायी जाएगी। जिलाधिकारी विशाख जी ने हजरतगंज में कराये जाने वाले सुंदरीकरण के कार्यों के सम्बंध में सोमवार को अधिकारियों व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें भवनों, साइनेज, स्ट्रीट फर्नीचर, बोलार्ड व बिजली के खम्भों आदि के रंग व डिजाइन पर सहमति बनी। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि वर्तमान में इमारतों का जो रंग है, उसमें मामूली बदलाव किया गया है। फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत व्यवस्था लागू होने से हजरतगंज मार्केट हेरिटेज लुक में उभर कर आएगा, जोकि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

- फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत इमारतों के रंग में होगा मामूली बदलाव
- भवनों, साइनेज, स्ट्रीट फर्नीचर, बोलार्ड व खम्भों के रंग व डिजाइन बदलेगी

जिलाधिकारी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने स्तर से फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करते हुए साइनेज बोर्ड को व्यवस्थित करने का कार्य करें। साथ ही बेतरतीब ढंग से लगी होर्डिंग्स को हटवाने में प्राधिकरण का सहयोग करें। इस पर व्यापारियों ने सहमति जताते हुए अपने स्तर से कार्य कराने आश्वासन दिया गया। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से हजरतगंज में सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसमें कास्ट आयरन की रेलिंग, वुडेन फिनिशिंग की बेंच, डबल आर्म स्ट्रीट लाइट्स व बोलार्ड आदि के कार्य कराये जाएंगे। साथ ही पाथ-वे को सुव्यवस्थित करते हुए निर्धारित स्थानों पर आकर्षक डिजाइन के डस्टबिन लगवाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेंट्रल वर्ज पर लगे बिजली के खम्भों को हटाया जाएगा और सड़क के दोनों किनारों पर स्ट्रीट लाइटें लगवायी जाएंगी, जिसकी डिजाइन पर भी सहमति बन गयी है।

# डॉ. रुचिता ने की 'स्वयं प्रभा' के लिए मीडिया साक्षरता कोर्स की रिकॉर्डिंग पूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने 'स्वयं प्रभा' चैनल के लिए 20 घंटे के मीडिया साक्षरता (अंग्रेजी) कोर्स की रिकॉर्डिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।

- भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की सराहना

यह कोर्स भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से संचालित 'स्वयं प्रभा' डीटीएच चैनल संख्या 28 पर प्रसारित किया जाएगा। स्वयं प्रभा, उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रमों के 40 डीटीएच चैनलों का एक समूह है, जो 24*7 जीसैट-15 सैटेलाइट के माध्यम से देश-विदेश के शिक्षार्थियों को ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध कराता है। इस कोर्स की रिकॉर्डिंग 14 से 19 जुलाई के बीच स्वयं प्रभा के मीडिया टेक्नोलॉजी सेंटर, कानपुर में संपन्न हुई। यह कोर्स वर्तमान समय के डिजिटल परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए मीडिया साक्षरता के महत्वपूर्ण आयामों जैसे कि मीडिया स्वामित्व, रिप्रेजेंटेशन, पूर्वग्रह, प्रोपेगेंडा, गलत सूचना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया एल्गोरिदम और सूचना प्रवाह के सामाजिक प्रभावों पर केंद्रित है।



कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने डॉ. चौधरी के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव की बात है कि हमारे संकाय सदस्य राष्ट्रीय मंच पर शिक्षा को समृद्ध कर रहे हैं। डॉ. रुचिता सुजय चौधरी द्वारा विकसित किया गया, यह कोर्स न केवल शिक्षार्थियों को मीडिया के प्रति सजग बनाएगा, बल्कि उन्हें ज़िम्मेदार, विचारशील और सूचना-साक्षर नागरिक बनने की दिशा में सशक्त भी करेगा। साथ ही यह विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन शिक्षा की तरफ पहल भी है। डॉ. चौधरी की यह उपलब्धि उनके विषय पर गहन अध्ययन, अकादमिक समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण दृष्टिकोण की पुष्टि करती है।

### कोर्स की मुख्य विषय वस्तु में शामिल हैं:

- पारंपरिक बनाम डिजिटल मीडिया का विश्लेषण
- मीडिया संदेशों की व्याख्या (सेमियोटिक्स, विचारधाराएं)
- यूजर-जनरेटेड कंटेंट व सोशल मीडिया में जनभागीदारी
- सूचना का नैतिक उत्पादन एवं मीडिया उपभोग
- फेक न्यूज, मिसइन्फॉर्मेशन, डिसइन्फॉर्मेशन, और फैक्ट-चेकिंग
- एल्गोरिदम और फि ल्टर बबल का सामाजिक प्रभाव
- डिजिटल अधिकार, ऑनलाइन प्राइवेसी, और डिजिटल फुटप्रिंट
- सामाजिक आंदोलनों में मीडिया की भूमिका

# समीक्षा अधिकारियों की वरिष्ठता सूची मामले में सरकार की अपील खारिज

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें सचिवालय प्रशासन विभाग में जारी समीक्षा अधिकारियों की वरिष्ठता सूची व अनुभाग अधिकारी के पद पर प्रोन्नति संबंधी आदेश को निरस्त करने संबंधी एकल पीठ के निर्णय को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने कहा कि हमें एकल पीठ के निर्णय में कोई भी खामी नहीं दिख रही।

- वरिष्ठता सूची व प्रोन्नति आदेश रद् करने के निर्णय को दी थी चुनौती

यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने राज्य सरकार व दो अन्य की ओर से दाखिल अपीलों पर पारित किया है। अपील का विरोध करते हुए दी कि 13 जुलाई 2016 को आदेश जारी करते हुए, मूल याचिका के याचियों समेत 144 सहायक समीक्षा अधिकारियों को समीक्षा अधिकारी के पद पर प्रोन्नति दी गई थी, साथ ही उक्त आदेश में यूपी लोक सेवा आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त अधिकारियों की प्रोन्नति 30 जून 2016 से मानी जाएगी। कहा गया कि बावजूद इसके 9 अगस्त 2023 को यह कहते हुए कि बैक डेट से प्रोन्नति दिया जाना विधिपूर्ण नहीं था, याचियों व अन्य अधिकारियों की प्रोन्नति की तिथि 13 जुलाई 2016 माने जाने का आदेश सरकार ने दे दिया। उक्त आदेश के क्रम में वरिष्ठता सूची बनायी गई जिसमें सीधी भर्ती वाले समीक्षा अधिकारियों को प्रोन्नति प्राप्त अधिकारियों से वरिष्ठता क्रम में ऊपर रखा गया। कहा गया कि इसके पश्चात 25 अक्टूबर 2023 को प्रोन्नति आदेश पारित करते हुए, सीधी भर्ती वाले समीक्षा अधिकारियों को अनुभाग अधिकारी के पद पर प्रोन्नति दे दी गई। मामले में 24 फरवरी 2025 को निर्णय पारित करते हुए, एकल पीठ ने 6 सितम्बर 2023 को जारी समीक्षा अधिकारियों की वरिष्ठता सूची व 25 अक्टूबर 2023 को अनुभाग अधिकारी के पद पर प्रोन्नति संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया, साथ ही राज्य सरकार को नई वरिष्ठता सूची जारी करने का आदेश दिया।




# यजदान का अलाया होम्स ध्वस्त होगा

**लखनऊ।** डालीबाग में अवैध तरीके से बनाए गए यजदान बिल्डर के अपार्टमेंट को फिर तोड़ा जाएगा। विहित प्राधिकारी के ध्वस्तीकरण के आदेश के विरोध में मेसर्स यजदान इन्फ्राकॉन प्रा. लि. ने आवास विभाग में अपील की थी। आवास विभाग के सचिव बलकार सिंह ने इस मामले की सुनवाई करते हुए अपील को खारिज कर दिया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि बिल्डर की ओर से स्वीकृत मानचित्र में विचलन करते हुए निर्माण किया गया है। प्राधिकरण की कार्रवाई विधिसम्मत है। ऐसे में लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारित आदेश में किसी प्रकार के हस्तक्षेप से इंकार कर दिया। पुनरीक्षणकर्ता का यह पुनरीक्षणवाद निरस्त कर दिया गया। इससे अलाया होम्स नाम से अपार्टमेंट को ध्वस्त करने का पूर्व का आदेश प्रभावी हो गया है। बता दें कि बिल्डर ने भूतल, प्रथम व द्वितीय तल का एकल आवासीय नक्शा पास कराया था मगर इसके विपरीत सिटल्ट 5 तलों का निर्माण करते हुए तीन अतिरिक्त तलों का निर्माण कर लिया गया। जो कि अवैध है।

# आवास विकास बोर्ड की बैठक आज

**लखनऊ।** उप्र. आवास एवं विकास परिषद की कालोनियों में निर्माण करने वालों को नई भवन निर्माण उपविधि का लाभ मिल सकेगा। नई भवन निर्माण एवं उपविधि को लागू करने के लिए आवास विकास बोर्ड की बैठक मंगलवार को होगी। इसमें उपविधि को परिषद की योजनाओं में लागू करने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। शासन की ओर से नई भवन निर्माण उपविधि को कैबिनेट से पास कर दिया गया है। जिसके बाद अब आवास विकास परिषद भी उसे बोर्ड में लाकर उसे अंगीकार करेगा। जिसके बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। आवास विकास के अधिकारियों का कहना है कि यह मात्र औपचारिकता भर है। शासन के उपविधि उसी रूप में लागू करना पड़ता है लेकिन उसे बोर्ड रखकर अंगीकार किया जाता है। नई उपविधि से भवन निर्माण करने वालों को काफी फायदा होगा।

# नामांतरण के लिए 50 हजार घूस मांगने वाला बाबू हटा

**लखनऊ।** नगर निगम में बाबू मनोज कुमार आनन्द के दाखिल-खारिज के लिए 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने के मामले में कार्रवाई की गई है। उसे जोन एक से हटाकर नगर निगम मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। मनोज पर लाल कुआं वार्ड के प्रभाकर तिवारी से दाखिल-खारिज के एवज में घूस मागने का आरोप है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद नगर आयुक्त ने कार्यवाही की है। अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने बताया कि बाबू को जोन एक से हटा दिया गया है। उसके खिलाफ नगर आयुक्त ने विभागीय कार्रवाई के आदेश किए हैं।

# ऑनलाइन फूड ऑर्डर पर मिलेंगे अनलिमिटेड रिवॉड्र्स

**लखनऊ।** फूड ऑर्डरिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए जोमैटो ने टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी ने एक डिस्काउंट ऑफर प्रोग्राम प्रस्तुत किया है। क्रेडिट कार्ड (नेउकार्ड) के साथ जोमैटो पर अपने फूड ऑर्डर का पेमेंट करने वाले यूजर्स के लिए यह डिस्काउंट प्रोग्राम असाधारण मूल्य प्रदान करेगा। इस गठबंधन के तहत, हर ट्रांजैक्शन पर जोमैटो मनी के रूप में 10% तक कैशबैक का लाभ उठा सकेंगे।

# ग्रांउड ब्रेकिंग सेरेमनी में पांच लाख करोड़ की परियोजनाओं की रखी जायेगी नींव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। यह आयोजन इस साल नवंबर में होना प्रस्तावित है। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की सफलता के लिए चीन, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूएई, कतर और कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय रोड शो भी होंगे। औद्योगिक विकास विभाग के मंत्री नंद गोपाल नंदी की अध्यक्षता सोमवार को हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। मंत्री ने निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग के सभी अधिकारी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें एवं प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति प्रदान करें। 371 कंपनियां चाइना से आना चाहती हैं।

# वार्डों में विकास कार्यों की 50-50 लाख रुपये की दूसरी किस्त जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में चल रहे वार्डवार विकास कार्यों को गति देने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को वार्ड प्राथमिकता विकास निधि की दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश दिए हैं।

महापौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर के हर वार्ड में नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया जाएगा। इसी दिशा में नगर आयुक्त ने वित्त एवं लेखाधिकारी को 50 लाख रुपये की दूसरी किश्त तत्काल जारी करने के निर्देश दिए हैं। इससे पूर्व 50 लाख रुपये की पहली किश्त पहले ही जारी की जा चुकी है। अब दूसरी किश्त जारी होने के बाद प्रत्येक वार्ड को 1 करोड़ रुपये तक की निधि उपलब्ध होगी, जिससे सड़क निर्माण, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, नाली मरम्मत जैसे कार्यों को पूरा करने में सहायता मिलेगी इसी क्रम में नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता (सिविल) एवं सभी अधिशासी अभियंताओं को भी निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जोन के पार्षदों से चर्चा कर विकास कार्यों की प्राथमिकता सूची तैयार करें और उसे शीघ्र मुख्यालय को सौंपें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप ही कार्यों का चयन किया जाए। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि निधि का उपयोग पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। उन्होंने सभी अभियंताओं को निर्देशित किया है कि वे कार्यों की निगरानी स्वयं करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। महापौर सुषमा खर्कवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि पार्षद जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने वार्ड के लिए जिम्मेदारीपूर्वक योजनाएं प्रस्तुत करेंगे और लखनऊ को और अधिक विकसित एवं सुसज्जित शहर बनाने में योगदान देंगे।

सदन ने प्रत्येक वार्ड के लिए 2.10 करोड़ (जीएसटी सहित) का बजट प्राविधान किया है। मेयर के निर्देश पर प्रत्येक वार्ड मे प्रथम किश्त के रूप मे 50 लाख (जीएसटी सहित) जारी किए गए थे। इस तरह से प्रत्येक वार्ड मे 1.00 करोड (जीएसटी सहित) का बजट जारी किया जाना था। इसके बाद अब दूसरी किस्त के रूप मे 50 लाख रुपये प्रति वार्ड जारी किए जाने की मंजूरी दी गई है। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक वार्ड के लिए पूर्व में जारी 50 लाख रुपये के अतिरिक्त दूसरी किस्त के रूप में 50 लाख (जीएसटी सहित) से शीर्ष प्राथमिकता के कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक कार्य प्रस्ताव में 5 लाख से कम के कार्यों मे अवर अभियन्ता की प्रस्तावित स्थल के निरीक्षण की फोटोग्राफ जीपीएस सहित तथा 5 लाख से अधिक मे सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता की संयुक्त रूप से प्रस्तावित कार्य स्थल के निरीक्षण की जीपीएस सहित फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से देनी होगी।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

### राजेन्द्र नगर टर्मिनल एवं नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी एवं आनंद विहार (ट), मालदा टाउन एवं गोमती नगर तथा दरभंगा एवं गोमती नगर रेलवे स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा नई **अमृत भारत** ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये रेल सेवाएँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार अपनी नियमित सेवाएं आरंभ करेंगीः—

**13435/13436 मालदा टाउन — गोमती नगर — मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13435 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 13436 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:25 | मालदा टाउन | 16:40 | --- |
| 19:47 | 19:49 | न्यू फरक्का | 15:18 | 15:20 |
| 20:13 | 20:15 | बड़हरवा जं. | 14:54 | 14:56 |
| 21:05 | 21:07 | साहिबगंज | 13:46 | 13:48 |
| 21:44 | 21:46 | कहलगाँव | 12:58 | 13:00 |
| 22:40 | 22:50 | भागलपुर | 12:30 | 12:40 |
| 23:05 | 23:07 | सुलतानगंज | 11:48 | 11:50 |
| 00:15 | 00:20 | जमालपुर | 11:15 | 11:20 |
| 00:40 | 00:42 | अभयपुर | 10:50 | 10:52 |
| 02:05 | 02:10 | किऊल जं. | 10:25 | 10:30 |
| 02:31 | 02:33 | शेख़पुरा | 09:13 | 09:15 |
| 02:52 | 02:54 | वारिसलीगंज | 08:45 | 08:47 |
| 03:08 | 03:10 | नवादा | 08:28 | 08:30 |
| 03:26 | 03:28 | तिलैया जं. | 08:01 | 08:03 |
| 05:20 | 05:25 | गया जं. | 06:50 | 06:55 |
| 06:25 | 06:27 | डेहरी ऑनसोन | 05:20 | 05:22 |
| 06:44 | 06:46 | सासाराम | 05:02 | 05:04 |
| 07:16 | 07:18 | भभुआ रोड | 04:18 | 04:20 |
| 08:35 | 08:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 03:00 | 03:10 |
| 09:27 | 09:32 | **वाराणसी** | 01:45 | 01:50 |
| 10:26 | 10:28 | जौनपुर | 22:56 | 22:58 |
| 11:01 | 11:03 | शाहगंज | 22:21 | 22:23 |
| 12:28 | 12:30 | **अयोध्या धाम जं.** | 20:51 | 20:53 |
| 12:48 | 12:50 | **अयोध्या कैंट** | 20:31 | 20:33 |
| 15:40 | --- | गोमती नगर | --- | 18:40 |

चलने के दिन : 13435 मालदा टाउन से 24.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 13436 गोमती नगर से 25.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक शुक्रवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**22361/22362 राजेन्द्र नगर टर्मिनल — नई दिल्ली — राजेन्द्र नगर टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 22361 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22362 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:45 | राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |
| 20:00 | 20:10 | पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| 20:23 | 20:25 | दानापुर | 10:28 | 10:30 |
| 20:54 | 20:56 | आरा जं. | 09:55 | 09:57 |
| 21:38 | 21:40 | बक्सर | 08:58 | 09:00 |
| 23:35 | 23:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:40 | 07:50 |
| 02:00 | 02:05 | सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| 04:25 | 04:30 | गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| 12:23 | 12:25 | गाजियाबाद | 19:46 | 19:48 |
| 13:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 19:10 |

चलने के दिन : 22361 राजेन्द्र नगर टर्मिनल से 31.07.2025 से अगले आदेश तक तथा 22362 नई दिल्ली से 01.08.2025 से अगले आदेश तक।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**15561/15562 दरभंगा — गोमती नगर — दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15561 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 15562 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:00 | दरभंगा जं. | 00:40 | --- |
| 15:22 | 15:24 | कमतौल | 22:45 | 22:47 |
| 15:40 | 15:42 | जनकपुर रोड | 22:30 | 22:32 |
| 16:10 | 16:15 | सीतामढ़ी | 22:00 | 22:05 |
| 16:38 | 16:40 | बैरगनियां | 21:08 | 21:10 |
| 17:01 | 17:03 | घोड़ासहन | 20:40 | 20:42 |
| 17:45 | 17:50 | रक्सौल जं. | 19:50 | 19:55 |
| 18:11 | 18:13 | सिकटा | 19:15 | 19:17 |
| 19:25 | 19:30 | नरकटियागंज जं. | 18:45 | 18:50 |
| 19:47 | 19:49 | हरिनगर | 18:08 | 18:10 |
| 20:15 | 20:17 | बगहा | 17:50 | 17:52 |
| 22:00 | 22:02 | कप्तानगंज जं. | 16:17 | 16:22 |
| 23:10 | 23:25 | गोरखपुर जं. | 15:15 | 15:25 |
| 00:31 | 00:34 | बस्ती | 13:08 | 13:11 |
| 01:28 | 01:30 | मनकापुर जं. | 12:14 | 12:16 |
| 02:30 | 02:35 | **अयोध्या धाम जं.** | 11:00 | 11:05 |
| 02:55 | 03:00 | **अयोध्या कैंट** | 10:25 | 10:30 |
| 05:30 | --- | गोमती नगर | --- | 08:15 |

चलने के दिन : 15561 दरभंगा से 26.07.25 से अगले आदेश तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 15562 गोमती नगर से 27.07.25 से अगले आदेश तक (प्रत्येक रविवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**15567/15568 बापूधाम मोतिहारी — आनंद विहार (ट) — बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| गाड़ी सं. 15567 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 15568 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:00 | बापूधाम मोतिहारी | 10:40 | --- |
| 08:18 | 08:20 | सगौली जं. | 09:40 | 09:42 |
| 08:38 | 08:40 | बेतिया | 09:13 | 09:15 |
| 08:53 | 08:55 | चनपटिया | 08:11 | 08:13 |
| 09:30 | 09:35 | नरकटियागंज जं. | 07:45 | 07:50 |
| 09:50 | 09:52 | हरिनगर | 07:24 | 07:26 |
| 10:20 | 10:22 | बगहा | 07:00 | 07:02 |
| 12:06 | 12:08 | सिसवा बाज़ार | 05:25 | 05:27 |
| 12:40 | 12:45 | कप्तानगंज जं. | 04:55 | 05:00 |
| 14:50 | 15:00 | गोरखपुर जं. | 04:00 | 04:10 |
| 15:57 | 16:00 | बस्ती | 02:17 | 02:20 |
| 16:54 | 16:56 | मनकापुर जं. | 01:05 | 01:07 |
| 17:35 | 17:40 | गोंडा जं. | 00:37 | 00:42 |
| 21:00 | 21:10 | **लखनऊ** | 22:20 | 22:30 |
| 01:10 | 01:12 | **बरेली जं.** | 18:17 | 18:19 |
| 02:55 | 03:05 | **मुरादाबाद जं.** | 16:50 | 16:58 |
| 05:18 | 05:20 | गाजियाबाद जं. | 14:33 | 14:35 |
| 06:10 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 15567 बापूधाम मोतिहारी से 29.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार) तथा 15568 आनंद विहार (ट) से 30.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# निजी अस्पताल में मासूम की मौत पर हंगामा

## गलत इलाज से मासूम की मौत का आरोप लगाया, पुलिस ने परिवारीजनों को शांत कराया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठाकुरगंज की दूध मंडी स्थित एक निजी अस्पताल में मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवारीजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। ठाकुरगंज पुलिस ने पीड़ित परिवारीजन से प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच के लिए सीएमओ को सूचना भेजने का आश्वासन दिया है। ठाकुरगंज जंगली पीर बाबा की मजार के नजदीक रहने वाली सोमैया ने बताया कि बेटे जियान (तीन) को बुखार था। सोमैया ने भाई मो. रफी के साथ निजी अस्पताल में जियान को भर्ती कराया। भर्ती के बाद जियान को अस्पताल में आराम मिल गया था। रफी ने बताया कि रविवार शाम को डॉक्टर ने 50 हजार रुपए का इंजेक्शन लगाने को कहा। बच्चे की मां सोमैया ने किसी तरह से लोगों की मदद से रुपये का बंदोबस्त किया। आरोप है कि अस्पताल में स्टाफ ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया तो कुछ देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। रविवार देर रात करीब एक बजे जियान को बच्चे को किसी बड़े निजी अस्पताल में रेफर करने लगे तो परिवारीजनों ने नाराजगी जताई। आरोप है कि अस्पताल के कर्मचारियों ने परिवारीजनों से अभद्रता शुरू कर दी। परिवारीजनों का आक्रोश देख बच्चे को रेफर नहीं किया। आरोप है कि रविवार रात बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर उसके गले में स्टाफ ने नली डाल दी। नली फेफड़े में फंस गई। एक्सरे में भी फंसी नली दिखाई दी। सोमवार सुबह करीब छह बजे अस्पताल वालों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों से शव ले जाने को कहने लगे। इस पर परिवारीजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह ने बताया कि सीएमओ को रिपोर्ट भेजी जाएगी। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क से हटने को कहा तो कुत्ते से कटवाया:** जानकीपुरम के सरस्वतीपुरम में स्कूटी का हॉर्न बजाकर सड़क पर कुर्सी डालकर बैठे लोगों से हटने के लिए कहा तो आरोपितों ने डंडे से छात्र की पिटाई कर दी। इसके बाद कुत्ते से कटवा दिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर जानकीपुरम पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। मूलरूप से लखीमपुर के गंगोत्री नगर निवासी अभिषेक सिंह सरस्वतीपुरम में किराए पर रहकर पढ़ाई करते हैं। अभिषेक के मुताबिक शनिवार को वह स्कूटी से घर से निकले थे, तभी मोहल्ले में ही सड़क पर कुर्सी डालकर कमलेश कुमार मिश्रा व कुछ अन्य लोग बैठे थे। उन्होंने स्कूटी का हॉर्न बजाकर सड़क से हटने के लिए कहा तो कमलेश कुमार गालियां देने लगे। कमलेश ने उनकी डंडे से पिटाई कर दी। इसके बाद उन्होंने अपना कुत्ता छोड़ दिया। कुत्ते ने उनके बाएं हाथ में काट लिया। अभिषेक का आरोप है कि कमलेश अक्सर यहां किराए पर रहने वाले लोगों से विवाद करते हैं। वह मोहल्ले मे किसी को भी किराए पर रहने नहीं देना चाहते हैं। इंस्पेक्टर जानकीपुरम के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मोहनलालगंज।** डेहवा में रहने वाले अधिवक्ता राम खेलावन राजपूत (लोधी) की 55 वर्षीय पत्नी केशाना की उपचार के दौरान एप्रेक्स ट्रॉमा सेंटर में रविवार रात मौत हो गई। शुक्रवार की दोपहर डेहवा में घर के सामने महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे सिर में गम्भीर चोट लग गई थी। परिजनों ने एपेक्स ट्रामॉ सेंटर में भर्ती कराया था। जहां रात्रि लगभग 11 बजे मृत्यु हो गई। दूसरी तरफ बार एसोसिएशन मोहनलालगंज ने भी अधिवक्ता की पत्नी की मौत पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

**तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल में मारी ठोकर, मौत:** बंथरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार ठोकर मार दी। इस टक्कर मे मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरेहटा अचली गांव निवासी रोहित सिंह उम्र करीब 36 वर्ष रविवार रात करीब 12:00 बजे बाइक से बनी -मोहनलालगंज रोड पर धावापुर के पास जा रहे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहित बाइक समेत सड़क किनारे गिर पड़े। राहगीरों ने बंथरा पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची बंथरा पुलिस ने रोहित के परिजनों को घटना की जानकारी दी और गंभीर हालत में निजी अस्पताल ले गई जहां डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते हैं पुरवा विधायक अनिल सिंह मृतक के घर पहुंचे और उन्होंने बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी लेने का वादा किया। साथ ही सरकारी आर्थिक सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिये। मृतक के परिवार में पत्नी सोनी बेटी छाया और बेटा बीर सिंह हैं।

# राशन की दुकान के निलंबन और जांच पर लगायी रोक

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नागपुर स्थित आरएसएस के मुख्यालय से सर कार्यवाह की ओर से लिखी कथित सिफारिशी चिट्ठी पर कार्यवाही करते हुए राशन की दुकान का लाईसेंस निलंबित करने पर संज्ञान लेते हुए उक्त निलंबन आदेश एवं जांच की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि जिस प्रकार शिकायतकर्ता ने सर कार्यवाह के कथित शिफारिशी पत्र पर कार्यवाही करायी है उस पर विचार की आवश्कता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का मौका दिया है और साथ ही शिकायतकर्ता को याचिका में विपक्षी पक्षकार बनाने का भी आदेष दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी छह सप्ताह बाद नियत किया है। यह आदेश जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने गोंडा निवासी मनोज कुमार की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया है। याचिका पर सुनवायी के दौरान संघ कार्यालय का कथित षिफारिषी पत्र सामने आने पर जस्टिस भाटिया ने कहा कि इस प्रकरण में विचार की आवष्कता है। उल्लेखनीय है कि याची ने एसडीएम करनैलगंज, गोंडा के 30 जून 2025 के उस आदेष को चुनौती दी है जिससे उन्होंने वितरण में गड़बड़ी करने के आरोप में याची के राषन की दुकान का लाईसेंस निलंबित कर जाचं बिठा दी थी। याची का कहना था कि एसडीएम का आदेष दुर्भावना से ग्रस्त है क्योंकि उसके खिलाफ आरएसएस के एक आला पदाधिकारी के निर्देष पर कार्यवाही की गयी है। कहा गया कि नागपुर संघ मुख्यालय से खाद्य आयुक्त, उत्तर प्रदेष को गत 5 सितम्बर 2024 को सर कार्यवाह के नाम से पत्र लिखकर उन्हें निर्देष दिया गया कि याची का लाईसेंस निरस्त किया जाये। आरोप लगाया गया है कि संघ मुख्यालय ने यह कार्यवाही एक षिकायतकर्ता दिनेष षुक्ला के पत्र के परिप्रेक्ष्य में किया। याची की ओर से तर्क दिया गया कि आरएसएस को किसी सरकारी अफसर को निर्देष देने का कोई अधिकार नहीं है और यदि किसी अफसर ने ऐसे निर्देष पर कार्यवाही किया है तो वह कार्यवाही दुर्भावनावष मानी जायेगी अतः निरस्त किये जाने योग्य होगी।

# सेल्समैन की बाइक चोरी, एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरो ने एक सप्ताह पूर्व एक अंग्रेजी शराब सेल्समैन की बाइक उसकी दुकान के सामने से पार कर दिया। वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बाइक चोरी घटना के एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूल रूप से ग्राम परसिया पोस्ट लाखुन जिला लखीमपुर खीरी निवासी आलोक सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह के अनुसार वह लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच में संचालित एक अंग्रेजी शराब कि दुकान पर सेल्समैन का काम करता है। बीते 11 जुलाई को उसने अपनी बाइक संख्या यूपी 31 बी जे 6232 टीवीएस रेडिओन खडी दुकान में चला गया था। फिर कुछ समय बाद देखा तो उसकी उक्त बाइक अपने स्थान पर मौजूद नहीं थी जिसकी खोजबीन करने के बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

**बाइक चोरी, केस दर्ज:** आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरो ने शनिवार देर शाम घर के बाहर खडी युवक की बुलेट बाइक पार कर दिया। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित रजनीखण्ड शारदा नगर निवासी अभिषेक सिंह पुत्र कमलू दास सिंह के अनुसार बीते 19 जुलाई शनिवार को उसकी बुलेट बाइक संख्या यूपी 32 क्यू यू 1982 उसके घर के सामने खड़ी थी शाम 7 और 8 बजे उसकी बुलेट बाइक अपने स्थान पर मौजूद नहीं थी। जिसकी जानकारी होने पर उसने खोजबीन करने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है।

# एसएमएस का चार्ज उपभोक्ता से नहीं लिया जाना चाहिए

- कनेक्शन लेते समय सिक्योरिटी का पैसा दो बार नही लिया जा सकता है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की बिजली दर बढ़ोतरी की सुनवाई में आयोग के सामने कई बिजली उपभोक्ताओं ने अपनी बात रखी जिसमें कहा गया कि बिजली दर बढ़ नही सकती है बल्कि घटाया जा सकता है। प्रदेश में लगभग 10 से 15 लाख ऐसे मकान है जिसमें छोटे से कमरे में लोग रहते भी हैं और उसमें छोटी-मोटी जीव का चलाने के लिए दुकान चला लेते हैं ऐसे में 1 किलो वाट 100 यूनिट तक उन्हें घरेलू विद्या में ही दुकान की अनुमति दी जाए जिससे उन्हें बिजनेस बैंक द्वारा परेशान ना किया जाए या बहुत लंबे समय से मांग चली आ रही है इस पर विद्युत नियामक आयत इस बार विचार करके एक नया टैरिफ कैटेगरी बनाए। प्रदेश में बिजली दरो में बढ़ोतरी की इजाजत दे उपभोक्ताओं का 33122 करोड़ सर प्लस ऐसे में 45 प्रतिशत दरों में हो कमी होना चाहिए। उपभोक्ता परिषद ने कहा उत्तर प्रदेश में बिजली चोरी बड़ी समस्या पूरे प्रदेश में लगभग होती है 5000 करोड़ की बिजली चोरी मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में प्रत्येक माह लगभग 1280 करोड़ की चोरी यानी कि मध्यांचल में हर माह 106 करोड़ की हो रही चोरी इस पर अंकुश लगना जरूरी।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की बिजली दर बढ़ोतरी पर आज सुनवाई विद्युत नियामक आयोग सभागार में आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार की अध्यक्षता में और आयोग के सदस्य संजय कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशका रिया केजरीवाल द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया इसके बाद सुनवाई विधिवत रूप से शुरू हुई पूर्वांचल पक्षमांचल केस्को आगरा ग्रेटर नोएडा के बाद यह बिजली दर की अंतिम सुनवाई थी जिसमें सभी उपभोक्ताओं ने बिजली दर बढ़ोतरी का विरोध किया। बिजली दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर पावर कारपोरेशन के रेगुलेटरी अफेयर्स यूनिट के मुख्य अभियंता डीसी वर्मा द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया इसके बाद उपभोक्ताओं ने अपनी बात रखनी शुरू की।। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से अपनी बात रखते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर नहीं यह ठग मीटर है क्योंकि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में स्मार्ट मीटर में आनेको उपभोक्ताओं की रीडिंग व भार जंप किए थे उसके आधार पर मध्यांचल कंपनी ने गुपचुप तरीके से सॉफ्टवेयर में बदलाव कराया इसके पहले भी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड का स्मार्ट मीटर का प्रयोग पूरी तरह फेल साबित हुआ आज भी 2 जी स्मार्ट मीटर का खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है इसलिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की क्वालिटी को उच्च स्तर का बनाया जाए। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लगभग 33575 मिलियन यूनिट बिजली की खरीद करेगा और यदि 8 प्रतिशत वितरण हानियों को अलग कर दिया जाए तो लगभग 6 प्रतिशत वितरण हानियां बिजली चोरी में जा रही है यानी कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 1280 करोड़ की चोरी प्रत्येक वर्ष होती है और पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 5000 करोड़ की बिजली चोरी हो रही है मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में हर माह 106 करोड़ की चोरी हो रही है। पावर ट्रांसफार्मर बड़े पैमाने पर जलते हैं 10 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर की बात करें तो 2022-23 में जहां थे 26 ट्रांसफार्मर जले थे वहीं वर्ष 2023 -24 में 33 ट्रांसफार्मर जले वितरण ट्रांसफार्मर प्रत्येक वर्ष लगभग 66507 से लेकर 70044 ट्रांसफार्मर जल रहे हैं इस पर विशेष जांच होनी चाहिए कि कहीं घटिया क्वालिटी के ट्रांसफार्मर तो नहीं लग रहे हैं इसी प्रकार मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में बड़े पैमाने पर एलटी कंप्लेंट जो विद्युत आपूर्ति से संबंधित है उसमें इजाफा हो रहा है 2022-23 में जहां 8 लाख 62785 कंप्लेंट सामने आई वहीं वर्ष 2024-25 में लगभग 10 लाख 59855 शिकायतें दर्ज की गई सबसे चिंता की बात यह है कि शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं होता और प्रदेश के उपभोक्ताओं को कोई मुआवजा भी नहीं मिलता जो चिंता का विषय है इसलिए मुआवजा कानून को लागू करने के लिए ईमानदारी से ओटीपी व्यवस्था लागू की जाए।

## युवकों पर लगाया गाली गलौज व धमकी का आरोप


लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक निजी सचिव ने बाइक सवार अज्ञात युवकों पर गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रश्मिखण्ड शारदा नगर निवासी अमरनाथ पटेल के अनुसार वह मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले हैं। वह उत्तर प्रदेश सचिवालय में निजी सचिव के पद पर कार्यरत हैं। आरोप है कि अज्ञात बाइक सवार युवक उनका पीछा करते हैं और उन्हें गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं। वहीं पीड़ित का कहना है कि जब वह अपने घर से सचिवालय जाते हैं या घरेलू काम से बाहर निकलते हैं, तो उन्हें इन अज्ञात युवकों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है।

**Notice**

I am Sufia Tariq, a dutiful citizen of India, is informing you that my name before marriage was SufiaSiddiqui which was later changed to Sufia Tariq. SufiaSiddiqui and Sufia Tariq are the same person.

# धोखाधड़ी कर हड़पे लाखों रुपये, मुकदमा दर्ज

संवाददाता (vol)




लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक नर्सिंग ऑफिसर ने एक निजी फाइनेंस कंपनी एजेन्ट पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित ओशोनगर, कनौसी निवासी सुमनलता पत्नी विकास सिंह सेंगर के अनुसार वह केजीएमयू लखनऊ में नर्सिंग ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं। बीते वर्ष 2023 में उन्हें मकान खरीदने के लिए 5 लाख रुपए की आवश्यकता थी अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से उनका परिचय बजाज फाइनेंस में अभिकर्ता अनुराग सिंह से हुआ अनुराग ने अपने सीनियर नीरज कुमार सिंह से लोन के लिए परिचय करवाया था। नीरज सिंह ने उनसे दस्तावेज हासिल कर औपचारिकता पूरी कर दस लाख रुपए का लोन करवा दिया जिस पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए पांच लाख रुपए आरटीजीएस माध्यम से वापस कर दिया था। पीड़िता के अनुसार बैंक द्वारा उसकी ईएमआई 12,686 रुपए प्रतिमाह थी जिसे वह समय पर जमा करती रही बीते 19 सितंबर 24 में उन्होंने बीस हजार रुपए जमा कर अपना लोन पूरी तरह से अदा कर दिया था जिसके पश्चात अपने लोन की समाप्ति को लेकर जब उसने बजाज फाइनेंस गोमती नगर शाखा में संपर्क किया तो जानकारी हुआ कि 10,14,904 रुपए लोन का अदा करना अभी शेष है। अपने को ठगा महसूस होने पर पीड़िता ने आरोपित नीरज सिंह से कई बार संपर्क किया लेकिन आरोपित गोल मोल जवाब देने लगा। पीड़िता ने आरोपित के द्वारा अपने संग हुए धोखाधड़ी कर 9.20 लाख रुपए हड़प लेने का आरोप लगा पुलिस सहायक आयुक्त कृष्णा नगर से नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की नामजद शिकायत पर एसीपी कृष्णा नगर के आदेश पर धोखाधड़ी और अमानत में ख्यानत की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## आरओ-एआरओ परीक्षा की एआई और सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 27 जुलाई को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 को शुचितापूर्ण, पारदर्शी और निर्बाध तरीके से संपन्न कराने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की है। सरकार द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, यह परीक्षा 27 जुलाई को राज्य के सभी 75 जिलों के 2382 केंद्रों में होगी और इसमें 10.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि यह परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित होगी और हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी करेंगे और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय ले सकेंगे। बयान के मुताबिक, परीक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से अभूतपूर्व व्यवस्था की गई है तथा परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग परीक्षा को दूषित न कर सके, इसके लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल समेत कड़े सुरक्षा उपायों की पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें कहा गया है कि इसमें एआई (कृत्रिम मेधा) के उपयोग से लेकर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी भी शामिल है। बयान के अनुसार, प्रश्न पत्र लीक की संभावनाओं को खत्म करने के लिए प्रश्नपत्र दो अलग-अलग सेट में दो अलग-अलग मुद्रकों से तैयार कराए गए हैं और परीक्षा के दिन प्रश्नपत्र का चयन परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पूर्व किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि अभ्यर्थियों की पहचान और केंद्र निर्धारण भी पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित रखा गया है। परीक्षा केंद्रों पर हर कोण से निगरानी रखने के लिए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, दो सह केंद्र व्यवस्थापक तथा प्रशिक्षित अंतरीक्षक तैनात किए जाएंगे। सोशल मीडिया निगरानी के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ भी गठित किया गया है। परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# चालकों परिचालकों के व्यवहार से परिवहन निगम की छवि होती है बेहतर : प्रबंध निदेशक

- चालक परिचालक वर्षा ऋतु के समय में कम से कम पांच यात्रियों की बढ़ोत्तरी सुनिश्चित करें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने लोड फैक्टर और परिवहन निगम की आय को बढ़ाने के दृष्टिगत सभी क्षेत्रीय एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिये हैं कि चालकों, परिचालकों को उनकी बस में कम से कम पांच यात्रियों को अवश्य बढ़ाने के संबंध में काउंसलिंग की जाए, जिससे कि परिवहन निगम की बसों का संचालन एवं राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों से कम हो जाती है ऐसी स्थिति में लोड फैक्टर कम होने पर परिवहन निगम की आय पर विपरीत प्रभाव देखा जा रहा है।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि परिवहन निगम की बसों के संचालन में चालकों एवं परिचालकों की भूमिका सबसे अधिक है। चालकों, परिचालकों की कार्यकुशलता एवं व्यवहार परिवहन निगम की छवि प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसों से लगभग प्रतिमाह 5 करोड़ लोग यात्रा करते हैं, जो चालकों, परिचालकों के कार्यप्रणाली एवं व्यवहार को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसे में परिवहन निगम के चालक, परिचालक अपने व्यवहार से परिवहन निगम की छवि को सुधारने के साथ-साथ लोड फैक्टर बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के चालक परिचालक कोविड एवं महाकुम्भ जैसे आयोजनों में कार्यकशुलता एवं व्यवहार का परिचय दे चुके हैं। जिसके उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री ने उन्हें पुरस्कृत भी किया है और संकट का साथी की उपाधि भी दी है। यदि सामान्य यात्रियों की तुलना में पांच यात्रियों की बढ़ोत्तरी करने में सफल रहते हैं तो इससे लोड फैक्टर एवं आय में सकारात्मक सुधार होगा। जिसका परिणाम यह होगा कि चालकों परिचालकों के हित में निर्णय लेने में आसानी एवं सुविधा होगी।

**आवश्यकता है**

'वॉयस ऑफ लखनऊ' हिन्दी दैनिक प्रतिष्ठित समाचार पत्र हेतु उत्साही एवं कर्मठ संवाददाताओं की निम्न जिलों (अलीगढ़, अंबेडकरनगर, बस्ती, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, झाँसी, कन्नौज, कानपुर, महाराजगंज, मऊ, मैनपुरी, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रयागराज, वाराणसी, सहारनपुर) के लिए आवश्यकता है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना संक्षिप्त परिचय, शैक्षिक योग्यता एवं संपर्क विवरण हमारे ईमेल/पते पर यथाशीघ्र प्रेषित करें।

ईमेल- voiceoflucknow@gmail.com
पता- 1/5 विशाल खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ- 226010
फोन नं.- 8090856978, 0522-4059440-41-42-43

# किसानों ने तहसील परिसर में किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के बैनर तले किसान नेताओं के साथ सैकड़ों की संख्या में किसान समस्याओं को लेकर सरोजनीनगर तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल कर किसान नेता संगठन के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। उनकी अगुआई में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। किसान नेताओ ने कहा कि तहसील प्रशासन द्वारा बार-बार किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर वादे किए जाते हैं, लेकिन किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर कोई भी ध्यान नहीं दिया जाता है। संगठन के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि पूर्व में तहसील के अधिकारियों ने किसानों की समस्या के निराकरण को लेकर बात कही थी, लेकिन कोई भी निराकरण नहीं किया गया। किसान तहसील कर्मियों की कार्यशैली से लगातार परेशान है। किसानों के काम के एवज में कुछ अधिकारियों और कर्मियों द्वारा पैसों की मांग की जाती है। जब तक किसानों की समस्या का त्वरित समाधान नहीं किया जाता है। तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनुनेंद्र कुमार (अन्नू), एएस सिंह फौजी, लखनऊ मंडल महामंत्री गोविंद कुमार, सुनीत सिंह (बाबा) आदि अन्य नेताओं ने बताया कि तहसील सरोजनीनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सुरक्षित जमीनों पर भू माफिया द्वारा कब्जा किया गया है। थानों पर किसानों की समस्याओं को नहीं सुना जाता है।, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं की जाती है। धरना स्थल पर मौके पर पहुंचे एसडीएम सचिन वर्मा, एसीपी कृष्णानगर विकास पाण्डे ने पहुंचकर किसान नेता ऋषि मिश्रा से बात की और आश्वाशन दिया कि जो भी किसानों की समस्या है। उन्हें एक माह के भीतर निपटा दिया जाएगा। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा। उपजिलाधिकारी सचिन वर्मा ने किसान नेता को मिठाई खिलाकर धरना प्रदर्शन समाप्त करवाया और किसानों की सभी समस्याओं को निपटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

# स्नैचिंग करने वाला लुटेरा गिरफ्तार




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में बीते पांच दिन पूर्व दवा खरीदने आए शिक्षक संग चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दे फरार हो जाने वाले बाइक सवार स्नेचर्स को आशियाना पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित पॉवर हाउस चौराहे से पराग रोड जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक लूटी गई सोने की चेन बरामद कर चेन लूट का खुलासा किया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शातिर ने अपना परिचय कृष्णा अवस्थी पुत्र प्रमोद कुमार अवस्थी त्रिवेणी नगर सीतापुर रोड अलीगंज निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिर ने थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच में चेन लूट की घटना कबूल किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आया शातिर पेशेवर अपराधी है जिसके खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्र में 19 मुकदमे दर्ज है। शातिर को लूट की चेन बरामदगी के आधार पर थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

**पुरानी कार कारोबारी ने डिप्रेशन के चलते फंदे से लटक गवाई जान:** आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक पुरानी कार कारोबारी ने डिप्रेशन के चलते रविवार रात्रि अपने घर में लगे पंखे के हुक में शाल के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार आशियाना थाना इलाके में रहने वाले 45 वर्षीय सत्येन्द्र सिंह सोढ़ी पेशे से पुरानी कार खरीद बिक्री का कार्य करते थे। रविवार रात उनकी पत्नी बलजीत कौर और बेटा सनी किसी कार्य से घर के बाहर गए हुए थे। देर रात जब सनी वापस घर लौटा तो देखा कि दरवाजा खुला हुआ है। उसने घर के निचले हिस्से में पिता को न पाकर ऊपर बने स्टोर में जाकर देखा, जहां सत्येन्द्र सिंह ने शॉल और कुंडे के सहारे फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। यह देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





सावन के दूसरे सोमवार पर कोनेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु | नंदी की पूजा करते भक्तगण | दूसरे सोमवार पर भगवान शिव की पूजा करते भक्तगण | सभी फोटो-अमित वर्मा

# बम-बम भोले के जयकारों संग शिवालयों में उमड़ा भक्तों का हुजूम

## सावन के दूसरे सोमवार पर राजधानी के शिव मंदिरों में भक्तों की लगी लंबी कतार, विधि-विधान से की पूजा-अर्चना




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सावन के दूसरे सोमवार पर राजधानी के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। डालीगंज का मनकामेश्वर हो या फिर चौक का कोनेश्वर और रकाबगंज का सिद्धनाथ मन्दिर सभी मन्दिरों में भोले के भक्तों की लम्बी कतारें दिखी। मोहान रोड के बुद्धेश्वर और ठाकुरगंज कल्याण गिरि मन्दिर में भी भोले की जय जयकार रही। डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर में सबसे पहले 51 लीटर दूध से महादेव का अभिषेक हुआ उसके बाद परिवारों ने मिलकर दूध, बेसन, शहद, दही, तिल, जौ व चन्दन से बाबा महाअभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया। ढोल, नागफनी, डमरू, शंख, नगाड़ा, मजीरा की ध्वनि पर जब महाआरती हुई उस क्षण पूरा मंदिर प्रांगण हर हर महादेव और जय शिव शम्भू जयघोष से गूंज उठा। श्रावण का सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओ की लम्बी लाइन लगी रही।

**उज्जैन के तर्ज पर हुई भस्म आरती:** राजेन्द्रनगर के महाकाल मन्दिर में सावन के दूसरे सोमवार पर उज्जैन की तर्ज पर भस्म आरती हुई। उसके बाद आलोक गुप्ता और निधि गुप्ता की ओर से महारुद्राभिषेक हुआ। रुद्राभिषेक में 51 लीटर दूध, 51 लीटर दही, सवा किलो शहद और सवा किलो शरकरा आदि पूजन सामग्री के साथ पूजन हुआ। शाम को 151 दीपों से महाकाल की भव्य आरती हुई। आरती के समय जय शिव ओंकारा तथा बाबा महाकाल के जयघोष से मन्दिर गूंज रहा था। अगले क्रम मे अमिताब अग्रवाल के सहयोग से बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। बाद में छप्पन भोग प्रसाद को भक्तों को बांटा गया। जब बाबा का प्रसाद बंटा तो प्रसाद पाने के लिए भक्तों की लम्बी कतारे लग गई। पूरा मन्दिर रंगबिरंगी लइटों से जगमाग रहा है। पूरा मन्दिर फूलों से सजाया गया है।

**भोलेनाथ का हुआ अश्वगंधा से श्रृंगार:** सदर बाजार स्थित द्वादश ज्योर्तिलिंग धाम में सावन के दूसरे सोमवार को 21 रुद्राभिषेक हुये। शाम को बाबा को भोलेनाथ का अश्वगंधा से विशेष श्रंगार किया गया। मन्दिर समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि सावन के आखिरी सोमवार को श्री दादी जी परिवार मंगल समिति परिवार ने रुद्राभिषेक किया।

**कांवरियों का जत्था पहुंचा महाकाल मंदिर:** राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मन्दिर में सावन के दूसरे सोमवार की शाम को जब हर हर महादेव, जय महाकाल के जयघोष के साथ कावड़ियों का एक जत्था राजेंद्र महाकाल मंदिर पहुंचा तो माहौल शिवमय हो गया। मंदिर के अतुल मिश्रा ने बताया कि लगभग 50 लोगों का कांवरियों का जत्था शाम को फरुर्खाबाद से पैदल महाकाल मंदिर पहुंचा। इसमे महिला पुरुष सभी शामिल थे। उन्होंने बताया कि कावड़ियों की कोई मनौती थी और कावड़ियों ने बताया कि वह लगातार 5 साल तक महाकाल में जलाभिषेक करने आएंगे। इससे पहले बाबा का भस्म और अश्वगंध से श्रृंगार हुआ। भोर चार बजे उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर हुई भस्म आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। ढ़ोल, नगाड़ा, तासा और शंख ध्वनि के बीच बाबा महाकाल के जयकारे लगे।

## सावन का दूसरा मंगला गौरी व्रत आज



**लखनऊ।** सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस पवित्र महीने में महादेव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही हर सोमवार और मंगलवार को व्रत किया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस बार सावन का दूसरा मंगला गौरी व्रत 22 जुलाई को किया जाएगा। चलिए जानते हैं मंगला गौरी व्रत की पूजा विधि और उपाय के बारे में।

**मंगला गौरी व्रत की पूजा विधि:** मंगला गौरी व्रत के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और दिन की शुरूआत महादेव और माता पार्वती के ध्यान से करें। इस दिन हरा, लाल, गुलाबी और पीले रंग के वस्त्र धारण करने चाहिए। अब मंदिर की सफाई कर संकल्प लें। माता पार्वती को 16 श्रृंगार अर्पित करें और शिव जी को धतूरा और बेलपत्र समेत आदि चीजें चढ़ाएं। अब देशी घी का दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों का उच्चारण करें। पूजा के दौरान मां मंगला गौरी की व्रत कथा पढ़ें। मां माता पार्वती से सुखी वैवाहिक जीवन और पति की दीघार्यु की कामना करें। अंत में फल, मिठाई और खीर समेत आदि चीजों का भोग लगाएं।

**मंगला गौरी व्रत के उपाय:** मंगला गौरी व्रत के दिन स्नान-ध्यान करने के बाद माता पार्वती की पूजा करें। सोलह श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से विवाह में आ रही बाधा दूर हो जाती है।

## कहीं रुद्राभिषेक तो कहीं हुआ बाबा का श्रृंगार




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में सावन के दूसरे सोमवार पर भी आस्था का सैलाब शिव मंदिरों में उमड़ पड़ा। लगभग सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं।

बड़े मंदिरों के अलावा शहर के हर छोटे-बड़े शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना हुई। भक्तों ने अलग-अलग तरीके से भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास किया। सावन के दूसरे सोमवार पर शहर के तमाम शिवालयों में बम भोले के गगनभेदी जयकारों के बीच बाबा की आराधना हुई। सुबह से ही रुद्राभिषेक और श्रृंगार का दौर शुरू हो गया। भक्तों ने फल, पुष्प, बिल्व पत्र, गंगाजल, शहद, घृत, दूध, मिष्ठान्न, भांग, धतूरा अर्पण कर भक्तों द्वारा मनोकामना पूरी करने की कामना की जाएगी। वहीं, घंटे-घड़ियालों की गूंज के बीच चालीसा, पंचाक्षरी के स्वर भी गूंजे। मंदिरों और शिवालयों के कपाट भोर से ही खुल गए थे। कपाट खुलने से पहले ही बड़े मंदिरों के बाहर भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। उधर सोमवार को शिवालयों में उमड़ने वाली भीड़ के चलते मंदिरों में रविवार देर रात तक व्यवस्थाएं होती रही।

**मनकामेश्वर में सुबह से लगी भक्तों की लंबी कतार, खूब लगे जयकारे:** सावन माह दूसरा सोमवार का खास महत्व होता है। सोमवार सुबह से ही भक्तों की कतार सुबह चार बजे से ही उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित महादेव मठ-मंदिर मनकामेश्वर में लगने लगी थी। जीवन में सुख का आशीष देने वाले भक्तों ने दूध और जल से अभिषेक करने के साथ ही बिल्व पत्र, पुष्प और धतूरा, बाबा मनकामेश्वर को अर्पित किया। सावन के दूसरे सोमवार को भोलेनाथ का 501 लीटर दुग्ध से अभिषेक किया गया। मन की समस्त कामनाओं की पूर्ति करने वाले मनकामेश्वर मठ मंदिर की महंत देव्यागिरी ने विधि-विधान से आरती पूजन कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। सतरंगी रोशनी से जगमग और विभिन्न फूलों संग मांगलिक झंडियों से अलंकृत मंदिर में महंत देव्यागिरी ने रविवार की रात तीन बजे मंगला आरती की। उसी क्रम में सुबह चार बजे मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए थे। बम बम भोले के जयकारों के साथ हर उम्र के भक्तों ने जोश और भक्ति के साथ मंदिर में दर्शन किये। मंदिर परिसर में सुरक्षा और सुविधा की व्यापक व्यवस्था के बीच, रविवार मध्यरात्रि 12 बजे से रुद्राभिषेक शुरू हो गया था। विश्व शान्ति और भारत उन्नति की कामना से यह रुद्राभिषेक रात दो बजे जाकर सम्पन्न हुआ। उसके बाद भोलेनाथ का स्नान कराकर उनका मनभावन श्रंगार किया गया। सोमवार की रात 11 बजे तक भक्तों ने बाबा मनकामेश्वर के दर्शन लाभ अर्जित किए। सोमवार को रुद्राभिषेक गर्भगृह मे आचार्यों द्वारा करवाए गए।

चढ़ावे के दूध से तैयार चाय और खीर का वितरण भी भक्तों में किया गया। सेवादारों की ओर से लाया गया गंगाजल कतारबद्ध भक्तों को निःशुल्क दिया गया। वहां परंपरा के अनुसार भक्तों ने गर्भगृह के बाहर से ही जलधारी यंत्र के माध्यम से दूध और जल का अभिषेक किया। सोमवार की रात 8 बजे आरती की गई। इससे पहले शाम 6:30 बजे आरती के लिए कुछ अंतराल के लिए मंदिर में प्रवेश द्वार, भक्तों के लिए बंद किए गए थे जिन्हें रात 8:30 बजे दोबारा खोल दिया गया। इसके साथ ही वहां फलाहार का प्रसाद भी वितरित किया गया जिसमें साबूदाना की खीर और आलू कुट्टू के आटे की पूड़ी आदि शामिल रहे। मंदिर के सेवादारों में उपमा पाण्डेय, जगदीश गुप्ता अग्रहरि, अंशु सहित अन्य शामिल रहे।

**यहां भी दर्शन को उमड़े श्रद्धालु:** चौक के रानी कटरा स्थित के छोटा व बड़ा शिवाला, कोनेश्वर मंदिर, आशियाना के सेक्टर.एच स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, बंगलाबाजार के श्री रामजानकी मंदिर, मौनी बाबा मंदिर व गुलाचिन मंदिर के अलावा सिद्धेश्वर मंदिर, गोमतेश्वर मंदिर व विन्ध्याचल मंदिर के अलावा शहर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, इंदिरानगर भूतनाथ मंदिर, महानगर के सिद्धेश्वर मंदिर, राजाजीपुरम, सआदतगंज, आलमबाग, चिनहट के अलावा बख्शी का तलाब के मां चंद्रिका देवी मंदिर के चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, कालेश्वर महादेव मंदिर, इटौंजा के रत्नेश्वर महादेव मंदिर, टीकेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही शहर के सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों पर भोर से श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई थी। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन कर आरती की।

## गणेश उत्सव के लिए बल्ली पूजन संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी का सबसे बड़ा गणेश उत्सव मनाया जाने वाला झूलेलाल घाट पर इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश उत्सव के लिए सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर बल्ली पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूजन के दौरान कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, सतीश चंद्र अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, योगेश अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव का पंडाल बनाने के लिए कोलकाता से करीब 15 कारीगर आ चुके हैं जो गणेश उत्सव तक पंडाल को तैयार करेंगे।

## वरिष्ठ साहित्यकार अजय कुमार को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। जन संस्कृति मंच (जसम) की ओर से वरिष्ठ साहित्यकार व संस्कृतिकर्मी अजय कुमार की स्मृति में इप्टा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा हुई। अजय कुमार का निधन बीती 10 जुलाई को जौनपुर में हुआ था। जसम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कवि कौशल किशोर ने जौनपुर उनमें बहुत रचा-बसा, घुला-मिला था। उन्होंने अनके विधाओं में लिखा। विश्व साहित्य को अनुवाद के द्वारा हिन्दी के पाठकों तक पहुंचाया। विश्व सिनेमा पर भी लिखा। लेकिन प्रचार से दूर रहे। यही कारण है कि छह दशक की साहित्य यात्रा के दौरान एक कविता संग्रह नया बीजक प्रकाशित हो पाया। वे जितने हिन्दी के थे, उतने ही उर्दू के। उनका जीवन एक सांस्कृतिक योद्धा का रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आलोचक वीरेंद्र यादव ने की।

## वैदिक मंत्रोचार के साथ शुरू हुआ द मानसून कॉर्निवल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रगति इवेंट, लखनऊ विकास प्राधिकरण और जेटेक कंपनी द्वारा लखनऊ के गौतम बुद्ध पार्क में 21 जुलाई से 17 अगस्त 2025 तक द मानसून कार्निवाल 2025 का शुभारंभ प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एनबी सिंह, जेटेक कंपनी के अधिकारी अभिषेक, अनुराग एवं समीर की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों, भगवान गणेश की आराधना तथा भगवान शिव की स्तुति के साथ आरंभ हुआ।

गौतम बुद्ध पार्क लखनऊ में 21 जुलाई से 17 अगस्त तक चलने वाले द मानसून कार्निवल 2025 मे सांस्कृतिक संध्या के साथ विशेष आकर्षण झूलो संग मस्ती खाने पीने के लिए फूड स्टॉल, पार्क में बोटिंग सहित बच्चों के मनोरंजन और खेल के लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। फर्नीचर, क्रोकरी जरूरत का हर सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं जेटेक कंपनी के सहयोग से यूपी दर्शन पार्क में समर कार्निवल 2025 की सफलता और उपलब्धियां के बाद गौतम बुद्ध पार्क में द मानसून कार्निवल 2025 का आयोजन 17 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। गौतम बुद्ध पार्क में हमारे पारंपरिक खेल जैसे गुल्ली डंडा, कांचा, कबड्डी, खो-खो कलाकृतियों के माध्यम से पुनः जीवित करने का प्रयास किया गया है। प्रगति इवेंट का भी उद्देश्य पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विलुप्त होती लोक कला, लोक संस्कृति और परंपरागत विरासत को बचाने का प्रयत्न रहता है। प्रगति इवेंट की सांस्कृतिक संध्या में आज नृत्य मंथन स्कूल आफ डांस जिसकी निर्देशिका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अंकित बाजपेई के नेतृत्व में शिवांगी, आराध्या, आस्था द्वारा गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। देश भक्ति गीतों को अनन्या, राजविका, ईशानी, देवांशी द्वारा चक दे इंडिया, सबसे आगे होगा हिंदुस्तानी ओ रे पिया डांस शिवांगी और आराध्या द्वारा कथक डांस गार्गी द्विवेदी द्वारा सोलो डांस आराध्या वर्मा द्वारा खूब सराहा गया। संस्था के उपाध्यक्ष एनबी सिंह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संगीत को समर्पित तीन विभूतियों को मिला गुरु सम्मान

### भातखण्डे सस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हुआ आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भातखण्डे सस्कृति विश्वविद्यालय के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में प्रथम नवगठित भातखण्डे एलुमिनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर माडवी सिंह कुलपति भातखण्डे सस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ रहीं।

इस अवसर पर भातखण्डे सस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के ही पूर्व विद्यार्थी एवं शिक्षक के रूप में जिन्होंने अपना जीवन संगीत को समर्पित किया ऐसे तीन विभूतियों को गुरु सम्मान से स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं ₹एक वृक्ष गुरु के नाम के अंतर्गत पौधा देकर डॉक्टर पूर्णिमा पांडे (कथक गुरु) सुश्री लक्ष्मी श्रीवास्तव (भरत नाट्यम गुरु) श्री अभिनव सिन्हा (सितार गुरु) को सम्मानित किया गया।

दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि एवं एलुमनी एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत अध्यक्ष डॉ० सीमा भारद्वाज जी एवं समस्त सदस्यों द्वारा और सरस्वती वदना एव गुरु वंदना पूर्व विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना हे मात वीणा वादिनी, गुरु वदना श्री गुरुदेव चरण कमलों में उवना गिरीश चंद्र बहुगुणा संगीत संयोजन डॉ. सीमा भारद्वाज लबला श्री तुषार सहाय हारमोनियम नमन सिंह, बासुरी मुकेश प्रजापति, भाग लेने वाले विद्यार्थी अंजली पटेल, राशिका लाल, नैंसी ओमरे, प्राची पाण्डेय, स्नेहिल श्रीवास्तव, अनन्या, तनिष्का सक्सेना, प्रज्ञा श्रीवास्तव, गरिमा शुक्ला रहे। शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति प्रखर पाण्डेय ने दी और संगत में तबला पर अरुण भट्ट, सारंगी पर मनीष मिश्रा, हारमोनियम पर नमन सिंह मौजूद रहे।

इस अवसर पर भातखण्डे एलुमनी एसोसिएशन के सभी सम्मानित सदस्यों अध्यक्ष डॉ. सीमा भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अरुण त्रिवेदी, सचिव गिरिश चंद्र बहुगुणा, उपसचित डॉ. मीरा दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. पूनम श्रीवास्तव, संयोजक हेमचंद्र पालीवाल, सहसयोजक आलोक कुमार पांडे, एवं कार्यशील कार्यकर्ता राजीव सेनगुप्ता श्रीमती उषा सिंह, श्रीमती सीता सिंह, शिवराम कृष्णन एवं अभय वर्मा द्वारा आए हुए सभी कलाकारों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगीत के अनेकों गणमान्य कलाकार एवं रसिक जन उपस्थित रहे।


# लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldalucknow.in

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती गुलशन आरा | भूखण्ड सं0-एसएस-170, से0-सी-1 | कानपुर रोड योजना | 28.09.2023 | मुजम्मिल बेग | आदिल बेग व तुआरिक बेग | पति पुत्र |
| 2 | श्रीमती पूनम सिंह व श्रीमती मालती सिंह | भूखण्ड सं0-263 | उदयन-2, शारदा नगर रायबरेली रोड योजना, लखनऊ | श्रीमती मालती सिंह की मृत्यु दिनांक 23.04.2021 | श्रीमती पूनम सिंह | 1. श्री सतीश कुमार (पुत्र) 2. श्रीमती पूनम सिंह (पुत्री) | पुत्री |
| 3 | श्री एच0डी0 शुक्ला (श्री हनुमान दत्त शुक्ला) | भवन संख्या-12/4 | पेपर मिल कालोनी | 22.11.2021 | श्रीमती आशा शुक्ला श्री अनिल शुक्ला श्री सुशील शुक्ला | - | विवाहित पुत्री पुत्र पुत्र |
| 4 | श्री आर0सी0 सिंह एवं श्री राजीव प्रताप सिंह | भवन सं0-डी-9/4 | पेपर मिल कालोनी | 19.10.2016 | श्री राजीव प्रताप सिंह | - | पुत्र |
| 5 | श्रीमती कुसुमलता रस्तोगी | भवन सं0- L-IV/8 सेक्टर-एल | अलीगंज योजना लखनऊ | 11.02.2013 | श्री विशाल रस्तोगी | कोई नहीं | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# 29 से नियमित चलेगी बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत ट्रेन



- 13435 मालदा टाउन-गोमती नगर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 24 जुलाई से नियमित चनेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नियमित रूप से, 15567/15568 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन बापूधाम मोतिहारी से 29 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 30 जुलाई, से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को किया जायेगा। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है। इस गाड़ी में मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित उन्नत यात्रा सुविधायें उपलब्ध हैं। नियमित रूप से, 15567 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 जुलाई से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को बापूधाम मोतिहारी से 08.00 बजे प्रस्थान कर सगौली से 08.20 बजे, बेतिया से 08.40 बजे, चनपटिया से 08.55 बजे, नरकटियागंज से 09.35 बजे, हरिनगर से 09.52 बजे, बगहा से 10.22 बजे, सिसवा बाजार से 12.08 बजे, कप्तानगंज से 12.45 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, बस्ती से 16.00 बजे, मनकापुर से 16.56 बजे, गोंडा से 17.40 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 21.10 बजे, दूसरे दिन बरेली से 01.12 बजे, मुरादाबाद से 03.05 बजे तथा गाजियाबाद से 05.20 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 06.10 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 15568 आनन्द विहार टर्मिनल-बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 30 जुलाई, से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 14.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 14.35 बजे, मुरादाबाद से 17.00 बजे, बरेली से 18.19 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 22.30 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00.42 बजे, मनकापुर से 01.07 बजे, बस्ती से 02.20 बजे, गोरखपुर से 04.10 बजे, कप्तानगंज से 05.00 बजे, सिसवा बाजार से 05.27 बजे, बगहा से 07.02 बजे, हरिनगर से 07.26 बजे, नरकटियागंज से 07.50 बजे, चनपटिया से 08.13 बजे, बेतिया से 09.15 बजे तथा सगौली से 09.42 बजे छूटकर बापूधाम मोतिहारी 10.40 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, शयनयान श्रेणी के 08 तथा पैंट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। जबकि नियमित रूप से, 13435 मालदा टाउन-गोमती नगर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 24 जुलाई से प्रत्येक बृहस्पतिवार को मालदा टाउन से 19.25 बजे प्रस्थान कर न्यू फरक्का से 19.49 बजे, बड़हरवा से 20.15 बजे, साहिबगंज से 21.07 बजे, कहलगाँव से 21.46 बजे, भागलपुर से 22.50 बजे, सुलतानगंज से 23.07 बजे, दूसरे दिन जमालपुर से 00.20 बजे, अभयपुर से 00.42 बजे, किऊल से 02.10 बजे, शेखपुरा से 02.33 बजे, नवादा से 03.10 बजे, तिलैया से 03.28 बजे, गया जं. से 05.25 बजे, डेहरी ऑनसोन से 06.27 बजे, सासाराम से 06.46 बजे, भभुआ रोड से 07.18 बजे, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. से 08.45 बजे, वाराणसी जं. से 09.32 बजे, जौनपुर से 10.30 बजे, शाहगंज से 11.05 बजे, अयोध्या धाम जं. से 12.32 बजे तथा अयोध्या कैंट से 12.52 बजे छूटकर गोमती नगर 15.40 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 13436 गोमती नगर-मालदा टाउन अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जुलाई से प्रत्येक शुक्रवार को गोमती नगर से 18.40 बजे प्रस्थान कर अयोध्या कैंट से 20.35 बजे, अयोध्या धाम जं. से 20.55 बजे, शाहगंज से 22.25 बजे, जौनपुर से 23.00 बजे, दूसरे दिन वाराणसी जं. से 01.50 बजे, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. से 03.10 बजे, भभुआ रोड से 04.20 बजे, सासाराम से 05.04 बजे, डेहरी ऑनसोन से 05.22 बजे, गया जं. से 06.55 बजे, तिलैया से 08.03 बजे, नवादा से 08.30 बजे, शेखपुरा से 09.15 बजे, किऊल से 10.30 बजे, अभयपुर से 10.52 बजे, जमालपुर से 11.20 बजे, सुलतानगंज से 11.50 बजे, भागलपुर से 12.40 बजे, कहलगाँव से 13.00 बजे, साहिबगंज से 13.48 बजे, बड़हरवा से 14.56 बजे तथा न्यू फरक्का से 15.20 बजे छूटकर मालदा टाउन 16.40 बजे पहुँचेगी। गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11 तथा पैंट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## उत्कृष्ट संरक्षा सेवाओं के लिए 20 रेलकर्मी सम्मानित



लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा संरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 20 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/ समन्वय, पवनीश कट्टल एवं मंडल के वरिष्ठ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मानित किए गए रेलकर्मी लखनऊ मंडल के परिचालन तथा यांत्रिक विभाग से संबंधित हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इनके सतर्क प्रयासों से मंडल में संरक्षा मानकों में निरंतर सुधार हुआ है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ‘संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कार्यरत कर्मचारियों की सतर्कता, समयबद्ध निर्णय क्षमता एवं समर्पण ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। मंडल स्तर पर संरक्षा के मानकों को बनाए रखने में इन कर्मियों की भूमिका अनुकरणीय है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीआरएम ने किया 13 रेलकर्मियों को सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने आज मण्डल कार्यालय सभागार में वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक प्रसन्न कात्यायन, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर वैभव श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/सा0 मनीष गंगवार, वरिष्ठ मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/इएनएचएम/फ्रेट/आपदा प्रबन्धन महेन्द्र सिंह तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) श्रअनिल श्रीवास्तव, की उपस्थिति में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह्न एवं कर्मठ व अमूल्य योगदान प्रदान करने के लिए संरक्षा से जुडे.मण्डल के परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार, इंजीनियरिंग तथा यॉत्रिक विभाग के 13 रेलवे कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि यात्री सुरक्षा तथा संरक्षित ट्रेरन परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए हमारे रेल कर्मियों द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में भी निष्ठा पूर्वक ड्यूटी सम्पादित की जाती है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा को और बल प्रदान करने की दिशा में उनके योगदान को आज सम्मानित किया गया है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, सतर्कता, लगन व परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा बधाई दी। इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# रेलवे ने कई ट्रेनों के फेरे बढ़ाये, यात्रियों को मिलेगी राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चल रही निम्नलिखित विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि में निम्नवत विस्तार किया गया है। ये गाड़िया अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, रेक संरचना के अनुसार तथा कुछ स्टेशनों पर ठहराव समय में परिवर्तन के साथ विस्तारित अवधि तक चलाई जायेंगी।

अवधि विस्तार के तहत 09195 वड़ोदरा-मऊ साप्ताहिक विशेष गाड़ी के अवधि विस्तार 04 अगस्त से 29 सितम्बर तक किया गया है। विस्तारित अवधि में यह गाड़ी संशोधित समयानुसार ईदगाह स्टेशन से 07.02 बजे, टुण्डला स्टेशन से 08.22 बजे तथा प्रयागराज जं0 से 15.50 बजे छूटेगी।

09196 मऊ-वडोदरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी के अवधि विस्तार 05 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया गया है। विस्तारित अवधि में यह गाड़ी संशोधित समयानुसार बयाना से 13.20 बजे छूटेगी। 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी साप्ताहिक विशेष गाड़ी के अवधि विस्तार 03 अगस्त से 28 सितम्बर तक किया गया है। विस्तारित अवधि में यह गाड़ी संशोधित समयानुसार उरई स्टेशन से 22.30 बजे तथा कानपुर सेण्ट्रल से 01.35 बजे छूटेगी। इस गाड़ी का ठहराव उरई स्टेशन पर प्रदान किया गया है। 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी के अवधि विस्तार 04 अगस्त से 29 सितम्बर तक किया गया है। विस्तारित अवधि में यह गाड़ी संशोधित समयानुसार वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से 00.55 बजे, उरई से 05.30 बजे तथा कानपुर सेण्ट्रल से 20.50 बजे छूटेगी। इस गाड़ी का ठहराव उरई स्टेशन पर प्रदान किया गया है।

**चैन्नई एक्सप्रेस में लगा एलएचबी रैकः** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 16093/16094 पुरट्चि तलैवर डा.एम.जी.रामचन्द्रन सेण्ट्रल (चेन्नई)-लखनऊ जं.-पुरट्चि तलैवर डा.एम.जी.रामचन्द्रन सेण्ट्रल (चेन्नई) द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ियों के आई.सी.एफ. रेक को आधुनिक एल.एच.बी. रेक से बदला जायेगा। ये गाड़ियाँ आधुनिक एल.एच.बी. रेक से चलाई जायेंगी।

फलस्वरूप 16093/16094 पुरट्चि तलैवर डा.एम.जी.रामचन्द्रन सेण्ट्रल (चेन्नई)-लखनऊ जं.- पुरट्चि तलैवर डा.एम.जी.रामचन्द्रन सेण्ट्रल (चेन्नई) द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ियों में 26 जुलाई से पुरट्चि तलैवर डा.एम.जी.रामचन्द्रन सेण्ट्रल (चेन्नई) से तथा 28 जुलाई से लखनऊ जं0 से संशोधित रेक संरचना के अनुसार वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा पार्सल यान के 01 कोच सहित कुल 19 आधुनिक एल.एच.बी. कोच लगाये जायेंगे।

## तृतीय चरण की काउंसिलिंग का आवंटन घोषित

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि वर्ष-2025 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के तहत 27 जून से पॉलिटेक्निक के प्रवेश काउंसिलिंग के तृतीय चरण में अभ्यर्थियों द्वारा संस्था/पाठ्यक्रम के लिए विकल्प चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है, जिसका आवंटन परिणाम घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के अंतर्गत सभी अभ्यर्थियों को आवंटित सीटें स्वतः (आटो) फ्रीज रहेंगी। अभ्यर्थियों को अपने लॉगिन के माध्यम से 3250 रूपये (रुपये तीन हजार दो सौ पचास मात्र) का सीट एक्सेप्टेंस शुल्क 22 जुलाई से 24 जुलाई के मध्य ऑनलाइन जमा करना होगा। शुल्क जमा करने के बाद अभ्यर्थियों को 22 जुलाई से 25 जुलाई तक सायं 6:00 बजे तक परिषद द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित सहायता केंद्रों पर उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराना आवश्यक होगा। सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय चरण में जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश ले लिया है, वे यदि किसी कारणवश सीट वापसी (विड्राल) कराना चाहते हैं तो उनके लिए 26 जुलाई को यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। परिषद द्वारा सभी अर्ह अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथियों में अनिवार्य रूप से समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। काउन्सिलिंग से संबंधित अन्य विवरण, दिशा-निर्देश एवं सूचनाएं परिषद की आधिकारिक वेबसाइट jeecup.admissions.nic.in पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों से अपील है कि केवल आधिकारिक पोर्टल या विश्वसनीय स्त्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें।

## नव अंशिका हरियाली क्वीन प्रतियोगिता 26 को

लखनऊ। रेल विहार और नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से शनिवार 26 जुलाई को हरियाली उत्सव सीजन फोर - जोश मोर का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित होटल क्लासियो कलेक्शन में किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 11:30 बजे होगा। इसमें सौन्दर्य और टैलेंट के एक से बढ़कर एक दिलचस्प प्रतियोगिताएं होगी। नव अंशिका फाउण्डेशन की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी ने बताया कि हरियाली उत्सव सीजन फोर - जोश मोर में रैंप वॉक और टैलेंट हंट शो आकर्षण का केन्द्र बनेगा वहीं नव अंशिका हरियाली क्वीन 2025 और स्वीट सिक्सटी हरियाली क्वीन 2025 के साथ ही बेस्ट हेयर स्टाइल, ड्रेस, स्माइल, पर्सनैलिटी, परफार्मेंस, रैंप वॉक, मेकअप, डांस, टैलेंट, मेंहदी, सुंदरी, कजरा, चूड़ी श्रंगार, एक्सप्रेशन, सिंगर, आनार्मेंट, फुटवियर और नेल्स के टाइटल अवार्ड भी दिए जाएंगे।

## बीटेक में प्रवेश के लिए संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम जारी

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के संबद्ध संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संशोधित काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहले राउंड की काउंसलिंग के तहत अभ्यर्थी ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग 24 से 28 जुलाई तक कर सकेंगे। जेईई की रैंकिंग के आधार पर 30 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। सीट कंफर्मेशन और ऑनलाइन विलिंगनेस फ्रीज या फ्लोट 30 जुलाई से एक अगस्त तक होगा। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के तहत ऑनलाइन च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग दो से तीन अगस्त तक चलेगा जबकि सीट आवंटन पांच अगस्त को किया जाएगा। राउंड तीन के तहत च्वॉइस फिलिंग का अंतिम अवसर आठ से नौ अगस्त तक होगा। जबकि सीट अलॉटमेंट 11 अगस्त को होगा। राउंड चार के तहत सीट अलॉटमेंट 13 अगस्त को होगा।

## रोजगार मेले में 59 अभ्यर्थी चयनित

लखनऊ। मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, इयूजीनिक्स मेडी साइंस प्रा. लि., वी विन लि., डीलक्स बियरिंग, पेटीएम तथा एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया कि यह मेला मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप युवाओं को अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने उपस्थित कंपनियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का चयन करने की अपील की एवं चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति लेने हेतु प्रेरित किया। ट्रेनिंग, काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में कुल 122 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 90 अभ्यर्थी अर्ह पाए गए। साक्षात्कार की प्रक्रिया के बाद 59 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। कंपनियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 21,000 प्रतिमाह रूपये तक का वेतन मिलेगा। रोजगार से वंचित युवा 31 जुलाई को राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आयोजित होने वाले आगामी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले की सफलता में मकबूल कादिर (अनुदेशक), जेड रहमान (अनुदेशक), ग्रे सिम फाउंडेशन तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के स्टाफ का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## भाषा विवि में हुए छात्रवृत्ति प्रभारी नामित

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने छात्रों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए छात्रवृत्ति वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डॉ. राहुल मिश्रा सामान्य वर्ग, डॉ अभय कृष्णा अन्य पिछड़ा वर्ग, डॉ मनीष कुमार एससी/एसटी और डॉ मूसी रजा अल्पसंख्यक वर्ग को छात्रवृत्ति प्रभारी के रूप में नामित किया है। सभी वरिष्ठ प्राध्यापक हैं और शिक्षा के क्षेत्र में इनका लंबा अनुभव रहा है। वे अब छात्रवृत्तियों से संबंधित सभी गतिविधियों का पर्यवेक्षण करेंगे, जिनमें छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया, पात्रता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और वितरण की निगरानी शामिल है। नव नियुक्त छात्रवृत्ति प्रभारियों ने विश्वास दिलाया कि वे संस्थान के प्रत्येक पात्र छात्र तक समय पर छात्रवृत्ति पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और इस प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनायेंगे। संस्थान के कुलपति प्रो अजय तनेजा ने सभी प्रभारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में छात्रवृत्ति संबंधी कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावशाली बनेगी। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

## भातखंडे में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में आज विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षार्थियों एवं कर्मचारियों के मध्य एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के वार्षिक खेल कैलेंडर के अंतर्गत निर्धारित तिथि पर आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया गया तथा इसे दो मुख्य आयु वर्गों में विभाजित किया गया था जूनियर वर्ग (10 से 17 वर्ष), सीनियर वर्ग (18 से 40 वर्ष) प्रतियोगिता के परिणाम में जूनियर वर्ग (10 से 17 वर्ष) में प्रथम स्थान पर गौरांगी बहादुर सिन्हा, द्वितीय स्थान पर प्रियम्वदा बहादुर सिन्हा एवं तृतीय स्थान पर आयुष श्रीवास्तव रहे जबकि, सीनियर वर्ग (18 से 40 वर्ष) में प्रथम स्थान पर आयुष सिंह, द्वितीय स्थान पर वेद प्रकाश एवं तृतीय स्थान पर डॉली तिवारी ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से जुड़े शिक्षार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अत्यधिक मनोयोग, रणनीति और एकाग्रता का परिचय देते हुए प्रतिस्पर्धा को रोचक व उच्चस्तरीय बना दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कई प्रतिभागियों ने बताया कि यह आयोजन उनके लिए एक नया और प्रेरणादायक अनुभव था।

# मौलाना सज्जाद नोमानी से मुलाकात कर अजय राय ने लिया हालचाल



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना खलील उर रहमान सज्जाद नोमानी की तबीयत खराब है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को हजरत मौलाना सज्जाद नोमानी से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। मौलाना नोमानी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सुबह ही मौलाना नोमानी के लखनऊ स्थित मुंशीपुलिया आवास पहुंचे। मौलाना नोमानी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उन्होंने मौलाना नोमानी के परिवार के सदस्यों से भी बातचीत की।

मुलाकात के बाद अजय राय ने कहा मौलाना सज्जाद नोमानी हमारे समाज के एक सम्मानित व्यक्ति हैं। उनके अस्वस्थ होने की खबर सुनकर दुख हुआ। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने और दीघार्यु होने की कामना करता हूं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान एवं अरशद खुर्शीद तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरशद आजमी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डा.स्मिता मिश्रा की तीन कृतियों का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आईपी फाउंडेशन और विद्योतमा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डा.स्मिता मिश्रा की तीन पुस्तकों एहसास, ट्रामा बॉन्डिंग और फिर मिलूंगी का लोकार्पण प्रेस क्लब में हुआ। प्रो.आदर्श मिश्रा शुक्ला कैप्टन सरोज सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग की प्रो.शशि मिश्रा, लोकगायिका इन्द्रा श्रीवास्तव, डा.रश्मि शील, डा.करुणा पाण्डे, विनीता मिश्रा, लखनऊ वीमेन्स एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रतिमा बाजपेई, जयंती शुक्ला, आस्था अस्पताल संस्थापक डा.अभिषेक का सम्मान हुआ। अलका प्रमोद के मंच संचालन में वाणी वंदना सुप्रसिद्ध लोक गायिका आशा श्रीवास्तव ने की। अतिथियों का स्वागत करते हुए निवेदिता श्री ने डा.स्मिता मिश्रा के जीवन के अनछुए पहलुओं से भी परिचित कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व डीजीपी महेश चन्द्र द्विवेदी एवं मुख्य अतिथि प्रोफेसर शोभा बाजपेयी की उपस्थित में डा.रश्मि शील ने कृति एहसास की 56 कविताओं के विषयों को दर्शकों से परिचित कराया। डा.करुणा पाण्डे ने ट्रामा बॉन्डिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि सम्बन्ध अशोक की लाट के समान सामने से भले ही अलग दिशा में दिखे, परन्तु पीछे से सब आपस में एक दूसरे से जुड़े रहते हैं। तीसरी कृति काव्य संग्रह फिर मिलूंगी की कविताओं को पढते विनीता मिश्रा ने कहे की डा स्मिता मिश्रा ने मानवीय संबंधों को सरल काव्यात्मक भाषा में उतारा है। वरिष्ठ साहित्यकार वीपी शुक्ल ने कहा कि हर कविता जीवन के सत्य से परिचित कराती है। मुख्य अतिथि प्रो.शोभा बाजपेयी ने डा.स्मिता मिश्रा के काव्य संग्रह और उपन्यास के बारे में कहा कि संयुक्त परिवार, महिला, मां, बेटी, भाई जैसे सभी संबंधों को एक साथ लेकर जो लेखन किया है, वह सरल भाषा में सभी को आसानी से समझ आने वाला है। अध्यक्षीय वक्तव्य में पूर्व डीजीपी महेशचन्द्र द्विवेदी ने लेखिका को बधाई देते हुए कहा कि भावनात्मक विचार और अन्याय सहते संबंधों को एक सूत्र में बांधते हुए बहुत सुंदर लेखन किया है।

# विधायक ओपी श्रीवास्तव ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी की पूर्वी विधानसभा में आजादी के अमृतकाल में एक नया इतिहास रचा गया। 17 से 21 जुलाई के बीच क्षेत्र के 21 विभिन्न स्थलों पर विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जन-जन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन कार्यों के माध्यम से क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। इन शिलान्यास कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से पक्की गलियों का निर्माण, सड़क और नाली निर्माण, रामलीला मंच, चबूतरे तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग की संरचनाओं का विकास शामिल है। हर स्थल पर नारियल फोड़कर, भूमि पूजन कर, परंपरा अनुसार नवीन निर्माण कार्यों की विधिवत शुरूआत की गयी।

विधायक ओपी श्रीवास्तव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा की विकासपरक नीतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ निर्माण नहीं, बल्कि समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कि इसी सोच को आत्मसात करते हुए भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ हर वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा छोटे-छोटे कार्यों से ही विकास का पहिया गति पकड़ता है। जब गली, सड़क, नाली जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी होती हैं, तभी समाज में वास्तविक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ नया लखनऊ बन चुका है, ट्रैफिक जाम की समस्याएं अब बीते दिनों की बात होती जा रही हैं। हम पूर्वी विधानसभा के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिलान्यास कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों की भारी भागीदारी देखने को मिली। लोगों ने खुले दिल से विधायक का स्वागत किया और कहा कि यह केवल पत्थर लगाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर मोहल्ले में नई उम्मीद और विश्वास की नींव है। विकास कार्यों को लेकर जनता में आशा, विश्वास और आत्मीयता का वातावरण बना है, जो दर्शाता है कि क्षेत्र में राजनीतिक प्रतिनिधित्व अब केवल वादों तक सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर उतरते कार्यों का प्रमाण बन चुका है।

# विद्या ज्ञान स्कूल ने चैंपियंस ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** तीन दिवसीय भारतीय खेल प्राधिकरण में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 4 खेल प्रतियोगिता के समापन पर लॉन्ग जंप, शॉट पुट, 800 मीटर, 400 मीटर, 100 मीटर, 4*100 मीटर, 3000 मीटर , पोल वाल्ट, सभी खेलों में विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर ने अन्य जिलों से आयी टीमों को पछाड़ते हुए चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

बेस्ट एथलीट अंडर 14 बॉयज तन्मय तन्मेष विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर, अंडर 14 गर्ल्स पलक मिश्रा, लखनऊ पब्लिक स्कूल विनम्र खण्ड, अंडर 17 बॉयज शिवांश शुक्ला विद्याज्ञान सीतापुर, अंडर 17 गर्ल्स साक्षी खन्ना कन्नौज पब्लिक स्कूल कन्नौज, अंडर-19 बॉयज आयुष कुमार, एसजीटीबी स्कूल, लखीमपुर, 19 गर्ल्स रही प्रियांशु कुमारी एपीएस कमाण्ड रही। अंडर 14, 17 और अंडर-19 की ट्राफी विद्या ज्ञान स्कूल, सीतापुर को दी गयी। पुर जो चैंपियंस ट्रॉफी में तीसरे नंबर पर रहा लखनऊ पब्लिक कॉलेज विनम्र खंड और रनर अप एपीएस नेहरू रोड को और ओवर ऑल चैंपियंस ट्रॉफी में पहला स्थान विद्या ज्ञान पब्लिक स्कूल सीतापुर को मिला। सेठ एमआर जयपुरिया द्वारा करायी जा रही इस खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर जावेद आलम खान (ज्वाइन डायरेक्टर , लखनऊ पब्लिक कालेज), तुलिका चरन कारपोरेट आफिस जयपुरिया, कीर्ति मिश्रा (अर्जुन अवार्ड) स्पोर्ट्स चीफ, इंडियन रेलवे, अवनी कमल एसडीएसएन, प्रधानाचार्या, सीबीएसई ऑब्जवर विवेक सिंह, मुख्य तकनीकी प्रतिनिधि सीबीएसई अभय कुमार श्रीवास्तव, शिव शंकर अवस्थी, चेयरमैन सेठ एमआर जयपुरिया, अतुल अवस्थी ट्रस्टी सेठ एमआर जयपुरिया, अनुज अवस्थी, डायरेक्टर सेठ एमआर जयपुरिया और पूनम गौतम प्रधानाचार्य सेठ एमआर जयपुरिया ने बच्चों को पुरस्कार दिए। पुरस्कार वितरण के बाद जावेद आलम खान (ज्वाइन डायरेक्टर लखनऊ पब्लिक कॉलेज) ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आजकल की पीढ़ी को जितनी सुविधाएं मिल रही हैं वह उसका लाभ उठाये। तुलिका चरन (कारपोरेट आफिस जयपुरिया) बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा जो इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं, वे सभी विजेता है। खेल खेलना जरूरी है जीतना या पिछड़ना उसका एक रूप है। आप सिर्फ अपना ध्यान सभी बच्चे खेल पर लगाए। कीर्ति मिश्रा (अर्जुन अवार्ड) स्पोर्ट्स चीफ इंडियन रेलवे ने कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए होती रहनी चाहिए। उन्होंने सभी स्कूल के बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि आप अपने जोश को ऐसे ही बरकरार रखें आप सफलता की सीढ़ी पर आगे बढ़ जाएंगे।


# शिक्षा संस्थानों में छात्रों की बढ़ती आत्महत्याएं


शाहिद ए चौधरी

यूजीसी को अब तो अपनी समिति की रिपोर्ट से मालूम हो गया होगा कि अधिकतर आईसीसी पीड़ित को राहत देने की बजाय लीपापोती करके दोषी को ही बचाती हैं। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि अकेले आईआईटी खड़गपुर ने पिछले सात माह में चार छात्रों की 'अप्राकृतिक मौतें' देखी हैं। घटना के बाद हर कुलीन संस्था 'चूक' की बात करती है। लेकिन अगर शिकायत होने पर ही छात्र को राहत मिल जाये तो यह 'चूक' का बहाना बंद हो जाये।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा गठित तथ्यान्वेषण समिति ने इस साल दो नेपाली छात्राओं की आत्महत्या के लिए भुवनेश्वर के डीम्ड विश्वविद्यालय केआईआईटी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'विश्वविद्यालय की अवैध और गैरकानूनी गतिविधियों' के कारण एक छात्रा की मौत हुई और प्रशासन की कार्रवाई 'आपराधिक दायित्व' के दायरे में आती है। अपने निष्कर्ष के आधार पर समिति ने कठोर सिफारिशें की हैं, जिनका संज्ञान लेते हुए आयोग ने विश्वविद्यालय के विस्तार पर रोक लगाने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाई करने आदि पर विचार कर रहा है। प्रोफेसर नागेश्वर राव के नेतृत्व वाली यूजीसी समिति ने कैंपस का दौरा, स्टेकहोल्डर्स से वार्ता और विस्तृत समीक्षा के बाद 20 मई 2025 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यौन उत्पीड़न, अपर्याप्त हॉस्टल सुविधाओं, अत्यधिक छात्रों को प्रवेश देना, छात्रों के विरुद्ध क्रूर बल प्रयोग करना आदि शिकायतों पर विश्वविद्यालय कानून के अनुरूप कार्यवाही करने में नाकाम रहा, जिनकी वजह से यह घटनाएं हुईं। समिति ने पाया कि विश्वविद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर व प्रशासन में गंभीर कमियां थीं, हॉस्टल सुविधाएं 'निम्नस्तरीय' थीं कि तीन छात्रों को एक छोटे से कमरे में ठूंसा गया था और संस्कृति का लिहाज किये बिना विदेशी छात्राओं को रहने का स्थान दिया गया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यौन उत्पीड़न की शिकायतों को अनदेखा किया गया या उनमें अवैध समझौता कराया गया, प्रशासन ने जबरन बेसहारा नेपाली छात्रों को बेदखल किया और सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग किया। विश्व विद्यालय नियमों, देश के कानूनों और देश के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर अपनी प्रतिष्ठा को वरीयता दे रहा था।

इसमें शक नहीं है कि विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सदस्य और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को इन अपराधों के लिए कानूनन सजा मिलनी चाहिए, जैसा कि यूजीसी समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि घटना के घटित होने के बाद ही यह सब क्यों होता है? छात्र




जब शिकायत करते हैं तब किसी स्तर पर उनकी सुनवायी क्यों नहीं होती है? ऐसा ढर्रा बन गया है कि एक अन्य छात्र आत्महत्या करता है, एक अन्य पोस्ट मोर्टेम होता है, थोड़ा हाय-हुल्ला मचता है, लेकिन छात्रों की शिकायतों पर व्यवस्थित खामोशी जारी रहती है। ओडिशा में 20-वर्षीय कॉलेज छात्रा के भयावह आत्मदाह के बाद अब खबर आयी है कि ग्रेटर नोएडा में भी एक 21-वर्षीय मेडिकल की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। गौरतलब है कि बालासोर, ओडिशा की घटना, भुवनेश्वर की घटना से अलग है, जिसके बारे में यूजीसी की रिपोर्ट आयी है।

विमर्श

बालासोर में एक 20-वर्षीय छात्रा ने शिकायत की थी कि फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज में इंटीग्रेटेड बीएड विभाग के प्रमुख समीरा कुमार साहू उनका यौन उत्पीड़न कर रहे हैं, लेकिन कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति ने छात्रा की शिकायत को निरस्त कर दिया, जिसके बाद 12 जुलाई 2025 को छात्रा ने आत्मदाह कर लिया, जिसे लेकर 14 जुलाई 2025 को पूरे देश का गुस्सा फूट पड़ा। पुलिस ने अब साहू व कॉलेज के प्रधानाचार्य दिलीप घोष को गिरफ्तार किया है। जांच जारी है, लेकिन अब इस सबका क्या फायदा? लड़की तो अपनी जान से गई। जब वह जिंदा थी, तब ही उसकी शिकायत का संज्ञान लेने की जरूरत थी। शिकायतों को अनदेखा करने की प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है, तभी छात्रों की खुदकुशियों पर विराम लगाया जा सकता है। यूजीसी समिति की रिपोर्ट को पढ़ने से मालूम होता है कि कॉलेज या विश्वविद्यालय चाहे जो हो, हर जगह एक सा ही पैटर्न नजर आता है। रिपोर्ट में कहा गया है, '....विश्वविद्यालय की आईसीसी ने यौन उत्पीड़न मामलों में कानूनन एक्शन नहीं लिया। कोई पारदर्शिता नहीं थी कि जांच के प्रोटोकॉल्स का पालन किया गया। त्रासदीपूर्ण घटना से बहुत पहले लड़की ने प्रशासन से दो बार शिकायतें की थीं। दोनों बार अवैध समझौतों के लिए मजबूर किया गया...। विश्वविद्यालय को पहली ही शिकायत पर लड़के को सजा देने का अधिकार था। सजा देने की बजाय उन्होंने लड़के का पक्ष लेते हुए जबरन अवैध समझौता कराया। इसकी वजह से लड़की ने आत्महत्या की। लड़की को आत्महत्या से बचाया जा सकता था।' ध्यान रहे कि 16 फरवरी 2025 को बीटेक (तीसरे वर्ष) की नेपाली छात्रा प्रकृति लमसल अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पायी गई थी। इसके बाद केआईआईटी विश्वविद्यालय के हॉस्टल ही में 2 मई 2025 को एक अन्य नेपाली छात्रा ने आत्महत्या की थी। इन्हीं घटनाओं की जांच करने के लिए ही यूजीसी ने राव समिति गठित की थी। ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में 21-वर्षीय मेडिकल की छात्रा ने 18 जुलाई 2025 की रात को खुदकुशी कर ली क्योंकि फैकल्टी के कुछ सदस्य उसके साथ अनुचित व्यवहार कर रहे थे। यह इस साल की चार प्रमुख घटनाएं हैं, जो अखबारों की सुर्खियां बनीं, उनका तो जिक्र ही नहीं जो खबर न बन सकीं। इन सभी में एक ही पैटर्न है। लड़की अत्याधिक दबाव व तनाव में थी, फैकल्टी या कॉलेज के ही अन्य सदस्य उसका यौन उत्पीड़न कर रहे थे, शिकायत करने पर उसे राहत नहीं मिली बल्कि उसकी शिकायत को अनदेखा कर दिया गया या 'अवैध समझौता' करा दिया गया। इस संदर्भ में पत्र भी हैं। बालासोर के मामले में साथी छात्रों को मजबूर किया गया कि वह फैकल्टी सदस्य का साथ दें ताकि शिकायतकर्ता को अकेला किया जा सके। ग्रेटर नोएडा केस में आत्महत्या नोट है, जिसमें उत्पीड़न व अपमान के लिए प्रोफेसरों के नाम लिए गये हैं। गौरतलब है कि उच्च शिक्षा में फैकल्टी के पास छात्रों के ऊपर बहुत अधिक पॉवर होती है- विचार विकसित करने से लेकर कॅरियर तक। लेकिन ऐसी व्यवस्था की सेहत को बरकरार रखने हेतु जिन सुरक्षा उपायों की जरूरत है, वह टूटे हुए प्रतीत होते हैं। छात्रों की मानसिक सेहत की चिंताओं और उच्च शिक्षा संस्थानों में आत्महत्याओं को संबोधित करने के लिए जब मार्च में सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रीय टास्क फोर्स गठित कर रहा था, तो उसने नोट किया था कि छात्रों में खुदकुशी की घटनाएं कृषि तनाव के कारण किसानों की आत्महत्याओं से भी अधिक हो गई हैं। इसका ज्यादा कुसूर जहरीली प्रतिस्पर्धा का निकलता है और इस मुद्दे पर भी अधिक जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासकों की होनी चाहिए। लेकिन उत्पीड़न के मामले तो अलग ही श्रेणी के हैं। यह विशिष्ट फैकल्टी सदस्यों द्वारा पॉवर का दुरूपयोग है। कुछ मामलों में तो यह स्पष्ट सेक्सुअल होता है। अन्य मामलों में यह शब्दों की क्रूरता का रूप ले लेता है, जिसमें छात्र के शरीर या जाति/धर्म पर टिप्पणी शामिल हो सकती है। अनुचित अटेंडेंस, ग्रेडिंग और पाठ्यक्रम का कार्य भी हो सकता है। इस प्रकार की यातनाओं से छात्रों को कैसे बचाया जाये? ग्रेटर नॉएडा के मामले में, रिपोर्टों के अनुसार, छात्रा को क्लासरूम में निरंतर अपमानित किया जाता था। उसके पैरेंट्स ने कॉलेज प्रशासन से शिकायत की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। बालासोर की छात्रा कॉलेज प्रशासन के अतिरिक्त पुलिस के पास भी गई, राहत नहीं मिली। यूजीसी को अब तो अपनी समिति की रिपोर्ट से मालूम हो गया होगा कि अधिकतर आईसीसी पीड़ित को राहत देने की बजाय लीपापोती करके दोषी को ही बचाती हैं। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि अकेले आईआईटी खड़गपुर ने पिछले सात माह में चार छात्रों की 'अप्राकृतिक मौतें' देखी हैं। घटना के बाद हर कुलीन संस्था 'चूक' की बात करती है। लेकिन अगर शिकायत होने पर ही छात्र को राहत मिल जाये तो यह 'चूक' का बहाना बंद हो जाये।

## आतंकवाद पर लगाम

लश्करे तैयाबा का मुखौटा आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' अर्थात टीआरएफ पर प्रतिबंध अमरीका का एक सकारात्मक कदम है लेकिन इतने भर से हमें यह नहीं समझ लेना चाहिए कि अमरीका की नीतियां बदल रही हैं। दरअसल अमरीका आतंकवाद को लेकर हमेशा दोगली नीति पर चलता है। आज दुनिया में आतंकवाद का जो स्वरूप है उसके पीछे कहीं न कहीं अमरीका की दोहरी नीतियां भी जिम्मेदार हैं। अमरीकी विदेश मंत्रालय ने बीती 2 जुलाई को आंतरिक बैठक में तय कर लिया था कि टीआरएफ को अंतराष्ट्रीय आतंकी संगठन घोषित करना है। उसके आतंकियों को वैश्विक आतंकवादी घोषित करना है तथा टीआरएफ पर चौतरफा पाबंदियां लगानी है। यह बुनियादी फैसला भारत सरकार के साथ साझा किया गया था। अंततः इस निर्णय की घोषणा 17 जुलाई को की गई। पहलगाम नरसंहार के तीन महीने बाद अमरीका ने यह निर्णय लिया है तथा उस आतंकी हमले की घोर निंदा भी की है। बहरहाल अमरीका ने साबित कर



दिया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है और उसका सहयोगी है। अमरीका कई संदर्भों में दोगला हो सकता है, झूठ भी परोस सकता है, उसकी कूटनीति छल भी सकती है, लेकिन बुनियादी तौर पर वह भारत-विरोधी नहीं है। भारत उसका रणनीतिक साझेदार है, इस सच को नकार नहीं सकते। टीआरएफ पाकिस्तान में सक्रिय लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। चूंकि लश्कर पर भी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए गए थे, लिहाजा उसके कारण फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाटफ) की ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान को डाला गया था। तब नए नाम से यह आतंकी संगठन बनाया गया। अब लश्कर, जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-उद-दावा, मिली मुस्लिम लीग, तहरीक-ए-तालिबान और अल बद्र आदि आतंकी संगठनों की जमात में टीआरएफ भी आ गया है। अमरीका पाकिस्तान के ऐसे 13 आतंकी संगठनों पर पाबंदी चस्पा कर चुका है। हाफिज सईद, मसूद अजहर, सैयद सलाहुद्दीन आदि आतंकियों की तरह टीआरएफ के आतंकियों पर भी पाबंदियां लगा दी गई हैं। टीआरएफ ऐसा संगठन रहा है, जिसके आतंकियों ने 5 अगस्त, 2019, संसद में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले दिन, के बाद जम्मू-कश्मीर में करीब 95 फीसदी लक्षित हत्याएं की हैं। शुरू में समझा गया था कि यह सोशल मीडिया पर सक्रिय कोई संगठन है, लेकिन सेना-सुरक्षा बलों ने जिन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर किया अथवा पूछताछ के दौरान जो खुलासे सामने आए, उनसे साबित होता गया कि यह लश्कर का मुखौटा संगठन है और उसी की शैली पर हमले करता है। पाकिस्तान टीआरएफ को कश्मीर के स्थानीय लोगों का संगठन बताकर खुद को पाक-साफ साबित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसकी फितरत बेनकाब कर देती है। पाकिस्तान की हुकूमत ने उन आतंकी अड्डों की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपये तय किए हैं, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की वायुसेना ने ध्वस्त किया था। पंजाब सूबे में लश्कर और जैश की आतंकी फैक्टरियों को 60 करोड़ रुपये और पीओके में आतंकी लॉन्च पैड और मदरसों के लिए 40 करोड़ रुपये दिए गये हैं। मरम्मत का काम इतना हो चुका है कि बहावलपुर में सुभान अल्लाह मस्जिद के मदरसे में हजारों छात्रा और लश्कर के मुरीदके मदरसे में भी हजारों छात्र वापस आ चुके हैं। क्या यह फंडिंग करना अंतराष्ट्रीय अपराध नहीं है? एफएटीएफ ने 2025 में ही पाकिस्तान की आतंकवाद-निरोधक जांच प्रक्रिया की समीक्षा की योजना बनाई है। यदि आतंकवाद को बढ़ावा देने अथवा आतंकी बुनियादी ढांचे को फंड मुहैया कराने के सबूत सही निकलते हैं, तो पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग बंद हो जाएगी। पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे या काली सूची में भी डाला जा सकता है। पाकिस्तान आतंकवाद की खेती पहले भी करता था, आज भी करता है और आगे भी करता रहेगा यह तय है। ऐसे में इस तरह के प्रतिबंधों का कूटनीति महत्व भले हो लेकिन आतंकवाद में कोई कमी नहीं आयेगी।

### विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

### सोशल मीडिया

आज कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं एवं उनके दीर्घायु की प्रार्थना की। अखिलेश यादव.




आज मुंबई में ई गवर्नेंस सुधारों को तेज करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी व सरकारी विभागों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर व आदान प्रदान की अध्यक्षता की। देवेन्द्र फड़णवीस



विपक्ष की उदास कहानी के विपरीत विश्व बैंक भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डालता है, आय असमानता में विश्व में चौथे नंबर पर, चरम घटकर गरीबी 2.3 फीसद। सुधांशु त्रिवेदी.



## संघर्ष का मार्ग



स्वामी विवेकानन्द ने अपनी दार्शनिक विचारधारा में मनुष्य की मुक्ति का उच्च आदर्श खोजा है। वे कहते हैं एक परमाणु से लेकर मनुष्य तक, जड़ तत्व के अचेतन प्राणहीन कण से लेकर मनुष्य इस पृथ्वी की सर्वोच्च सत्ता मानवात्मा तक जो कुछ हम इस विश्व में प्रत्यक्ष करते हैं, वे सब मुक्ति के लिये, संघर्ष कर रहें हैं। यह समग्र विश्व मुक्ति के लिए संघर्ष का ही परिणाम है। हर मिश्रण में प्रत्येक अणु दूसरे परमाणुओं से पृथम होकर अपने स्वतन्त्रा पथ पर जाने की चेष्टा कर रहा है, पर दूसरे उसे आब करके रखे हुए हैं। हमारी पृथ्वी सूर्य से दूर भागने की चेष्टा कर रही है तथा चन्द्रमा पृथ्वी से। प्रत्येक वस्तु में अनन्त विस्तार की प्रवृति है। विश्व में जो कुछ देखतें हैं, उस सबका मूल आधार मुक्ति लाभ के लिए यह संघर्ष ही है। वे कहते हैं 'चेतना तथा अचेतन समस्त प्रकृति का लक्ष्य यह मुक्ति ही है, और जाने या अनजाने सारा जगत इसी लक्ष्य की ओर पहुँचने का प्रयत्न कर रहा है। शिक्षा विकास की वह प्रक्रिया है जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारा सच्चा पथ प्रदर्शन करती है।

एक भटकते राही को दिशा प्रदान करती है।' प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई दर्शन अवश्य होता है चाहे वह व्यक्ति उस विषय में संचेतन हो या न हो जैसा कि अल्टुस हक्सले लिखते हैं- सभी लोग अपनी जीवन दर्शन के अनुरूप अर्थात जगत के सम्बन्ध में अपनी धरा के अनुसार जीवन बिताते हैं। यह बात चिन्तन शून्य लोगों के लिए, भी सही है। तत्व ज्ञान के बिना जीना असम्भव है। तत्व चिन्तन अथवा तत्व चिन्तन शून्यता के बीच हमारे पास कोई विकल्प नहीं है अपितु विकल्प केवल सत् तत्व चिन्तन और कुतत्व चिन्तन के बीच है। दर्शन के बिना शिक्षा की प्रक्रिया सही मार्ग पर अग्रसर नहीं हो सकती है। प्रस्तुत शोध में स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन, वेदान्त दर्शन का विवेचन करने का प्रयास किया है, क्योंकि विवकानन्द के विचारों का स्पष्ट प्रभाव हमारी वर्तमान शैक्षिक धरा पर पड़ा है और उनके विचार सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तन के वाहक बने हैं।

अंतर्दृष्टि

## मैं भी मूर्ख बनकर रहूंगा!

व्यंगलोक

इधर हौसला रखने और बढ़ाने के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसे फोन करता हूं, वही हौसला बुलंदीकरण के गीत गा रहा है। मैं नींबू की 5 गुना कीमत बढ़ने, मारे गर्मी के सड़कों पर सिकते पापड़ के समाचार पढ़ कर बात करता हूं, तो लोग कहते हैं हौसला बुलंद रखो। जब 8 किलोमीटर दूर जाकर पानी का एक अदद मटका लाने का जुगाड़ लगाता हूं, तो पड़ोसी कहते हैं हौसला बुलंद रखो। पत्नी जब भी मेरे सामने से गुजरती है, मुझे हौसला बुलंद रखने का आदेश जारी कर देती है। वह आज सुबह 2 घंटे के कालखंड में 20 बार हौसला बुलंद करने के लिए धमका चुकी है। चारों ओर से यही चीत्कार सुनाई पड़ रहा है। हर तरफ से हौसला बुलंद रखने की आंधी उड़ रही है। इन सब बातों से तंग आकर मैंने निश्चय कर लिया है कि अब मैं सार्वजनिक रूप से हौसला बुलंद रखने की घोषणा कर ही दूं। हौसला बुलंदीकरण कार्यक्रम में तकनीकी बात यह है कि पहले कुछ हौसला भी होना चाहिए। जब हौसला होगा तभी तो बुलंद किया जाएगा न! मैं अगर बिना हौसला लिए ही हौसला बुलंद कर लूं, तो कल जग हंसाई होनी तय है। हौसले का तो आपको पता ही है, वह बिना मूर्खता के बुलंद होता ही नहीं है! इधर लोगों का हौसला इतना बुलंद है कि वे एकदम शुद्ध भूख से मरे शव के आसपास भिन-भिनाती मक्खियों की परवाह किए बिना भी उससे कफन खींचने का कार्यक्रम कर रहे हैं। गधे की लीद को धनिया बता रहे हैं। ईंट के बुरादे को मिर्ची बताकर बेच रहे हैं। साबुन सोडे से शुद्ध दूध बनाकर उसका मक्खन निकाल रहे हैं। ये सब बुलंद हौसलों के कारण हुआ जा रहा है। बुलंद हौसलों की बुलंद तस्वीर! हौसला बुलंद वही सिकंदर, बाकी सब मरगिल्ले बंदर! हौसला इतना बुलंद है कि रुकी कृपा चालू करवाने के लिए नीरामल बाबाजी मिर्ची बड़े को रबड़ी के साथ मिलाकर खाने की सीख दे रहे हैं। चौराहे के सारे भिखारी मिलकर सरकार को भीख दे रहे हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि मूर्खों का ही सबसे ज्यादा हौसला बुलंद होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर मेरे भीतर हौसला बुलंद करने का कीड़ा कुलबुलाने लगा है। इसलिए मैं कफन पर हाथ रखकर कसम खाता हूं कि आज के बाद मैं भी मूर्ख बनकर रहूंगा। इसी के नाते अपने हौसले को बुलंद करने का ऐलान करता हूं। हौसला बुलंद करने के लिए मैंने पर्याप्त मात्रा में मूर्खता भी इकट्ठी कर ली है। अतः आज शाम को 4 बजे काली पहाड़ी के नीचे पीपल वाले श्मशान की खेजड़ी के पीछे मेरा हौसला बुलंद करने का कार्यक्रम रहेगा। अगर किसी भी व्यक्ति को मेरे हौसला बुलंदीकरण पर कोई अंट-संट आपत्ति हो तो वह मुझे 3 घंटे के भीतर बता दें। मुझे व्हाट्सएप कर मेरे बुलंद हौसले पर जो भी एतराज उठाना हो, उठा लें।


रामविलास जॉंगिड़

## जंग-ए-आजादी की जीवंत तस्वीर है, नेताजी भवन


इतिहास

कोलकाता में एल्गिन रोड का नाम अब लाला लाजपत राय सारणी कर दिया गया है। इसी सड़क पर ही नेताजी भवन स्थित है, जोकि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का पैतृक मकान है। यह दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि नेताजी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अग्रिम पंक्ति के सेनानी थे। जिन्होंने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनका बचपन इसी भवन में गुजरा था, जिसे अब अतिभव्य अंदाज में रि-स्टोर कर दिया गया है और इसकी देखभाल की जिम्मेदारी कोलकाता म्युनिसिपल कारपोरेशन पर है। नेताजी भवन नेताजी रिसर्च ब्यूरो का केंद्र भी है। इसमें म्यूजियम भी है, जो नेताजी के जीवन व समय पर रोशनी डालता है और हमें प्रेरित करता है कि हम भी देशप्रेमी बनें, देश के लिए कुबार्नी देना सीखें। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि नेताजी भवन का ऐतिहासिक महत्व है। नेताजी को अंग्रेजों ने इसी भवन में नजरबंद किया था और यहीं से 1941 में 'चुपके से फरार' होकर वह बर्लिन गये थे।

अपने भागने के लिए उन्होंने जिस सीढ़ी और कार का इस्तेमाल किया था, वह भी नेताजी भवन में डिसप्ले पर है। नेताजी के इस पैतृक मकान का निर्माण 1909 में उनके पिता जानकीनाथ बोस ने कराया था। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह मकान आजादी के मतवालों की सियासी गतिविधियों का केंद्र था। उस दौरान नेताजी भी इसी में रहते थे। भवन में नेताजी की स्टडी (अध्ययन करने का कमरा) व उनके बेडरूम को उनके मूल रूप में ही बरकरार रखा गया है। इस भवन की जबरदस्त ऐतिहासिक अहमियत को मद्देनजर रखते हुए यह कोलकाता आने वाले हर पर्यटक की 'दर्शन सूची' का आवश्यक हिस्सा बन गया है। नेताजी भवन को 23 जनवरी 1947 को शरतचंद्र बोस ने देश की सेवा में समर्पित कर दिया था और तभी से यह कोलकाता में पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नेताजी भवन में म्यूजियम के अतिरिक्त आर्काइव्ज व बहुत शानदार पुस्तकालय भी हैं। नेताजी 1941 में यहीं नजरबंद थे और जब वह गुपचुप तरीके से बर्लिन पहुंचे तो सबमरीन से दक्षिणपूर्व एशिया के उन क्षेत्रों में भी पहुंचे जहां जापान का कब्जा था। वहीं उन्होंने विख्यात इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) का गठन किया और फिर इम्पीरियल जैपनीज आर्मी के साथ मिलकर ब्रिटिश सम्राज्य के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की। नेताजी भवन की मिल्कियत व प्रबंधन नेताजी रिसर्च ब्यूरो के पास है। इस ब्यूरो का नेताजी के जीवन व इतिहास के बार में लोगों को बताने में बहुत बड़ा योगदान है और इसने इस संदर्भ में दुनियाभर से सभी प्रासंगिक व आवश्यक मैटीरियल को एकत्र किया हुआ है। ब्यूरो ने 1961 में नेताजी म्यूजियम की स्थापना की। म्यूजियम बहुत अच्छा संगठित किया हुआ है। यह एक प्रकार का बायोग्राफिकल म्यूजियम है, जो नेताजी के जीवन को समर्पित है। म्यूजियम वह सभी चीजें हैं जो दुनियाभर से एकत्र की गई हैं और नेताजी के जीवन से संबंधित हैं।

नेताजी म्यूजियम काफी विशिष्ट है और अपने तौरपर वैभवपूर्ण भी। इससे पर्यटकों को नेताजी के चुनौतीपूर्ण जीवन को समझने में बहुत आसानी हो जाती है और यह भी कि नेताजी का कितना गजब का व्यक्तित्व था। नेताजी का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में जो अद्वितीय योगदान है, उसकी वजह से लोगों के दिलोदिमाग में उनके लिए सम्मान तो हमेशा से ही रहा है, लेकिन उनकी रहस्यमय गुमशुदगी आमजन में जिज्ञासा अधिक बढ़ा दी है। इसलिए नेताजी भवन जिस दिन से खुला है उसी दिन से पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। नेताजी भवन परम्परागत बंगाली घर की तरह ही है। इसमें परम्परागत खम्बे व पोर्टिको हैं। मुख्य पोर्टिको पर एक स्मृति चिन्ह लगा हुआ है, जिसपर 'इत्तेफाक, 'एतमाद' व 'कुबार्नी' शब्द लिखे हुए हैं, जोकि नेताजी की विचारधारा के मूलमंत्र थे। नेताजी का बेडरूम पहले फ्लोर पर है, जहां तरतीब से उनकी सभी व्यक्तिगत चीजें डिसप्ले की गई हैं। अनेक डाक्यूमेंट्स, फोटोग्राफ व लेख भी डिसप्ले पर हैं, जिनका संबंध नेताजी के जीवन व कार्य से है और उन्हें भवन के टॉप फ्लोर पर क्रोनोलॉजिकल व व्यवस्थित ढंग से रखा हुआ है। टॉप फ्लोर को विशेष प्रभाव व रोशनी से आधुनिक लुक दिया गया है। यहां जो पत्र व तस्वीरें प्रदर्शित की गईं हैं वह सुभाषचन्द्र के विकास क्रम में हैं कि बचपन से कैंब्रिज में छात्र तक, फिर मांडले में हिरासत में और 1928 में वालंटियर कोर कलकत्ता के जीओसी। इससे अगला सेक्शन उनके द्वारा भारतीय संघ स्थापित करने की कहानी बताता है। **समीर चौधरी.**

## आप की बात

### सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### हरित ऊर्जा क्रांति

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जारहा है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## प्रभावित भूखण्ड के लिए 21 अगस्त को प्रस्तुत करें दावा

बहराइच । कलेक्टर भूमि अध्याप्ति बहराइच ने बताया कि कामण्डेंट, 42वीं वाहिनी एसएसबी बहराइच के द्वारा तहसील नानपारा के परगना चर्दा, ग्राम केवलपुर में सार्वजनिक प्रयोजन यथा सीमा चैकी रूपईडीहा के निमार्णार्थ परियोजना के लिए अधिनियम की धारा-19 के अन्तर्गत समुचित भूमि की उदघोषणा संख्या 3175 दिनांक 19 जून 2025 द्वारा की गई है।

उन्होंने बताया कि योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अथवा किसी प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर के कार्यालय-विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच में 21 अगसत 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित होकर भूमि में अपने से सम्बन्धित हित की प्रकृति तथा ऐसे हितों के सम्बन्ध में दावे की धनराशि एवं ब्यौरा, अधिनियम की धारा-20 के अन्तर्गत किए गए मापन यदि कोई हो तो पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में दावे को संलग्न करते हुए अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# सावन के दूसरे सोमवार को उमड़ी आस्था

जिला संवाददाता



अयोध्या। सावन के दूसरे सोमवार को रामनगरी अयोध्या भक्ति और आस्था के रंग में डूब गई। लाखों कांवड़ियों ने पवित्र सरयू नदी से जल लेकर भगवान शिव के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। इस दौरान नागेश्वरनाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी और

- जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक के बाद हनुमानगढ़ी व राम मंदिर में भक्तों ने किया दर्शन-पूजन
- भोर में सरयू स्नान के साथ शुरू हो गया दर्शन-पूजन का सिलसिला

श्रीरामजन्म भूमि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। योगी सरकार की बेहतर व्यवस्था के चलते हर श्रद्धालु को सुलभ दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच भक्तों ने भोर से देर शाम तक दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रखा।

सावन के पावन अवसर पर अयोध्या में तड़के ही सरयू नदी के घाटों पर कांवड़ियों का तांता लग गया। भोर में सरयू स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं ने जल भरकर नागेश्वरनाथ मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद हनुमानगढ़ी और श्री राम मंदिर में दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हुआ। नागेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन के लिए लंबी कतारें देखी गईं, जहां भक्तों ने बम-बम भोले और हर हर महादेव के जयघोष के साथ अपनी आस्था प्रकट की।

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि सरयू में स्नान ध्यान के बाद श्रद्धालुओं ने नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया।इसके बाद हनुमानगढ़ी व राम मंदिर में भी दर्शन करने के लिए पहुँच रहे हैं। राम की पैड़ी पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को और पुख्ता करने के लिए मेला क्षेत्र को जोन व सेक्टर में बांटा गया है। दर्शन-पूजन शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से हो रहा है।योगी सरकार ने कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए। मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया था।

पुलिस और प्रशासन की टीमें पूरे समय सक्रिय रहीं, जिससे कोई अव्यवस्था नहीं हुई। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए भीड़ पर नजर रखी गई। इसके अलावा जगह-जगह पेयजल, छाया और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। हनुमानगढ़ी में भक्तों ने बजरंग बली के दर्शन किए और मनोकामनाएं मांगीं। इसके बाद श्री राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। देर शाम तक अयोध्या की सड़कें और मंदिर परिसर कांवड़ियों और भक्तों से भरा रहा। स्थानीय लोगों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। इस बार सावन में अयोध्या में कांवड़ियों की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में वृद्धि देखी गई। स्थानीय व्यापारियों ने भी इस अवसर पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी दुकानों को भक्ति के रंग में सजाया।

## रिलायंस रिटेल ने 13 छात्रों को दिया रोजगार

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रिलायंस रिटेल ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। 13 अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया है। विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट की प्रक्रिया कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गई। कुलपति ने कंपनी द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। रिलायंस रिटेल के चार मैनेजर राहुल गुप्ता, रचित माथुर, गुंजन, नीरज श्रीवास्तव, एवं एच.आर सपना मिश्रा ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया तथा उनसे प्रभावित होकर 13 छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कहा गया है जिसके बाद अगस्त के पहले सप्ताह में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

कैंपस प्लेसमेंट में कृषि तथा उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डायरेक्टरेट ऑफ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. डी नियोगी ने छात्र-छात्राओं से सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की अपील की। उपनिदेशक डा. सत्यव्रत सिंह ने बताया कि अगस्त के पहले सप्ताह में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

## 5 वाहन पर प्रवर्तन दल ने की कार्रवाई 2 ओवरलोड के चालान



बाराबंकी। पशुओं को ले जाने वाले वाहनों द्वारा नियमो का उल्लंघन किये जाने पर परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान के दौरान सख्त कार्यवाही की है।इस दौरान लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर पशुओ को ले जा रहे वाहन संख्या यू0पी 42 सीटी 6436 पर नियमों का उल्लंघन करते मिलने पर चालान किया।तथा नियमो का पालन करने हेतु चालक को जागरुक किया।इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने चेकिंग के दौरान नियमो का उल्लंघन कर पशुओं को ले जा रहे वाहन संख्या यू0पी 42 सीटी 6436 समेत 5 वाहनो के चालान एंव 2 ओवरलोड वाहनो के चालान किये।

## पूर्व मंत्री संग्राम सिंह और सचिव उमाशंकर वर्मा ने किया पद भार ग्रहण



बाराबंकी। मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पुनः चयनित अध्यक्ष पद पर पूर्व मंत्री संग्राम सिंह एंव सचिव उमाशंकर वर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा आज पदभार ग्रहण किया। संस्था द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया कि संस्था के सदस्यों द्वारा निर्वाचन कार्यवाही के दौरान प्रबंधकारिणी के पूर्व चयनित/कार्यरत सभी पदाधिकारियों का सराहनीय कार्य को देखते हुये सर्वसम्मति से पूर्व मंत्री श्री सिंह को अध्यक्ष एंव श्री वर्मा को सचिव चयनित किया गया। इसके साथ ही संस्था प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में संस्था/महाविद्यालय के हित में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

## राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए मांगे गये प्रस्ताव

बहराइच।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए ह्यगुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कारह्ण हेतु प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने तथा इस हेतु पूर्णरूप से समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से श्री गुरू गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 05 जनवरी के अवसर पर ह्यगुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कारह्ण प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार अन्तर्गत रू. एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था है। डीएम ने बताया कि शासन द्वारा विलम्बतम 30 सितम्बर 2025 तक चार प्रतियों में प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

डीएम ने बताया कि भारत के मूल नागरिक जो उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास कर रहे ऐसे व्यक्ति जिनका मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा तो तथा गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न किये गये हों, अर्ह होंगे।

# चोरी की योजना बना रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार



बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध के रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर बहराइच के निर्देशन में आज दिनांक 21.07.2025 को उ0नि0 श्री अजेश कुमार, उ0नि0 श्री रवि यादव, आरक्षी शिव प्रसाद यादव, आरक्षी सुग्रीव वर्मा द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए दो अभियुक्तगण बबलू सिंह पुत्र वासुदेव सिंह निवासी धांधी कनरखी थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर उम्र 45 वर्ष व आफताब पुत्र महताब निवासी महोलीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उम्र 35 वर्ष को मोहल्ला बडीहाट निकट तारा महिला इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बबलू उपरोक्त की जमा तलाशी से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, लोहे की राड, एक अदद टार्च व अभियुक्त आफताब उपरोक्त की जामा तलाशी से एक अदद हथौड़ा, एक अदद रूखानी, एक अदद पेंचकस बरामद हुआ । जिसके सम्बन्ध में उ0नि0 श्री अजेश कुमार द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं 156/25 धारा 313 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कराया गया है।

# अमानीगंज-बहादुरगंज संपर्क मार्ग की स्थिति बदहाल

जिला संवाददाता



मिल्कीपुर-अयोध्या। जनपद के अमानीगंज विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत बहादुरगंज से अमानीगंज बाजार को जोड़ने वाली लगभग 11 किलोमीटर लंबाई का संपर्क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, और बरसात के कारण

- गड्ढो और कीचड़ से परेशान हो रहे राहगीर, जनप्रतिनिधि बेखबर

इन गड्ढों में पानी भर गया है। गड्ढों और कीचड़ से परेशान हो रहे राहगीर। विभागीय उपेक्षा का दंश झेल रही प्रतिदिन हजारों लोगों के गुजरने वाली विधानसभा मिल्कीपुर की यह सड़क जो कि विधानसभा रुदौली ही नहीं सीमावर्ती जनपद सुल्तानपुर स्थित हलियापुर को भी जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है से बेखबर जनप्रतिनिधियों का भी इस ओर ध्यान नहीं जाता। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बरसात से पहले सड़क की मरम्मत कर दी होती, तो स्थिति इतनी खराब नहीं होती। गड्ढों में भरा पानी न केवल सड़क को और अधिक क्षतिग्रस्त कर रहा है, बल्कि राहगीरों के लिए भी खतरा बन गया है। खंडासा निवासी अधिवक्ता सूरज कौशल ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण जब कोई वाहन गुजरता है, तो गड्ढों में भरे पानी और कीचड़ के छींटे आसपास के लोगों पर पड़ते हैं।

आए दिन बाइक सवार गड्ढों में फंसकर गिर रहे हैं, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं फिर भी पीडब्ल्यूडी विभाग इस मार्ग की मरम्मत के प्रति गंभीर नहीं है। अगर बरसात से पहले सड़क की मरम्मत कर दी जाती, तो गड्ढे गहरे होने और सड़क के और अधिक टूटने की नौबत नहीं आती। बरसात के मौसम में मरम्मत कार्य और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि पानी भरे गड्ढों के कारण मरम्मत का काम प्रभावी ढंग से नहीं हो पाता ।इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर (जेई) प्रशांत मणि त्रिपाठी ने बताया कि विभाग जल्द ही इस सड़क की मरम्मत शुरू करेगा।

# सकल दिगंबर जैन समाज की नयी कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

बाराबंकी। श्री 1008 दिगंबर जैन मंदिर बड़ा सरावगी की नई कार्यकारिणी का गठन संरक्षक वीर कुमार जैन एंव चुनाव पर्यवेक्षक मीनू कुमार जैन, निखिल कुमार जैन की देख-रेख मे सम्पन्न हुआ। जिसमे सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष

- अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जैन बिंदु, महामंत्री सुभाष गंगवाल जैन सर्वसम्मति से गये चुने



पद पर वीरेंद्र कुमार जैन बिंदु, उपाध्यक्ष पंकज कुमार जैन धनावत, महामंत्री सुभाष गंगवाल जैन, कोषाध्यक्ष अतुल कुमार जैन, भंडारी सचिन कुमार जैन, सदस्य वर्धमान जैन धनावत, तुषार जैन, विशाल जैन सोनी, विमल चंद्र जैन राजू, शिरोमणि संरक्षक महावीर प्रसाद जैन धनावत, परम संरक्षक महावीर सेठी जैन, वीर कुमार जैन, बाबू लाल पाटनी जैन, संरक्षक के रूप में डॉ0 विनय जैन, दीप चंद्र गंगवाल जैन, डॉ0 महावीर कुमार जैन, महावीर गंगवाल जैन, अशोक कुमार जैन पाटनी, पदम्-चंद्र जैन छाबड़ा का सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा सर्वसम्मति से चुने गये। इस मौके पर महावीर प्रसाद गंगवाल जैन ने बताया कि नयी कमेटी का कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा। इसके उपरान्त समस्त कार्यकारिणी को मिष्ठान एंव फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# लापरवाह अवर अभियंता को शो-कॉज नोटिस और जेई का वेतन रोकने के डीएम ने दिए निर्देश

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विद्युत विभाग कार्यों एवं जिले में सुचारु विद्युत आपूर्ति पर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने रामसनेहीघाट खण्ड को निर्धारित रोस्टर अनुरूप विद्युत आपूर्ति कराये जाने हेतु निर्देशित करते हुये कहा कि इस समय आंधी-पानी का मौसम चल रहा है। मौसम भी गर्म है। लोगों को अपेक्षाकृत अधिक विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता है। अतः किसी भी अपरिहार्य

- ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे हो विद्युत आपूर्ति: डीएम
- विद्युत विभाग के कार्यों की डीएम ने की समीक्षा



ब्रेकडाउन को तुरन्त अटेण्ड किया जाये। क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को तुरन्त बदला जाये। उन्होने सभी लोग जनता से संवाद बनाये रखने, उपकेन्द्रों पर फोन अवश्य अटेण्ड करने, फतेहपुर खण्ड के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर 4 दिन बाद बदले जाने, दूसरे प्रकरण में ग्राम पडरियाडीह में 25 के0वी0ए का परिवर्तक न बदले जाने, समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों में एक ही अवर अभियन्ता की लापरवाही प्रदर्शित होने पर अधिशासी अभियन्ता फतेहपुर को सम्बन्धित अवर अभियन्ता को शो-कॉज जारी करने एवं जे0ई0 का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग में जल निगम (ग्रामीण) के 10 अदद परियोजनाओं पर विद्युत विभाग को अतिशीघ्र प्रारम्भ कर पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अधीक्षण अभियन्ता इ0 राजबाला, अधिशासी अभियन्ता विद्युत इं घनश्याम त्रिपाठी, इं0 बिमलेश, खालिद सिददीकी, इ0 अनुज गुप्ता, इ0 नीरज सिंह गर्ग, इ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अमितेश्वर गोस्वामी, इ0 राजेश कुमार समेत अन्य विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## पसमांदा समाज ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन का किया स्वागत



बाराबंकी। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के सट्टी बाजार स्थित कैम्प कार्यालय पर पसमांदा पदाधिकारियो ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत के पश्चात राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि अब पसमांदा समाज अपने अधिकारों के लिए पूरी ताकत से आवाज बुलंद करेगा और केवल उसी का साथ देगा जो हिस्सेदारी की साफ-साफ बात करेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब तक धर्मनिरपेक्षता की आड़ में राजनीतिक दलों ने केवल समाज का इस्तेमाल किया है। श्री राईन ने कहा कि वर्षों तक पसमान्दा समाज को हाशिए पर रखा गया और सिर्फ चुनावी मोहरा बनाकर छोड़ा गया, लेकिन अब यह समाज जाग चुका है और अपने फैसले खुद करेगा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वे संगठित रहें और हर उस आवाज के साथ खड़े हों जो सच में उन्हें उनका अधिकार दिलाने का काम करे। कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिला एवं तहसील स्तर के संगठन पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों के साथ हर कदम पर खड़े रहने एंव पसमांदा समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर संघर्ष में सहभागी बनेंगे। इस अवसर पर जावेद राईन, महमूद चैधरी, निसार राईन, अनीस राईन, रऊफ राईन, रिजवान राईन, हसमत राईन, शकील राईन, राजू खान, बबलू राईन, शफीक राईन, जावेद जमाल, लाला राईन मौजूद रहे।

# चंदनपुर गांव में फर्जी मास्टर रोल का नहीं खत्म हो रहा खेल



बहराइच ।बलहा ब्लॉक के चंदन पुर गांव में फर्जी मास्टर रोल का खेल थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, भूमि विकाश के नाम कई लाख फर्जी भुगतान करने के चक्कर में अधिकारी भी मस्त है, ताजा मामला ग्राम पंचायत में फर्जी नरेगा से संबंधित है जो आज भी श्रमिक ऑफलाइन मास्टर रोल पर चल रहे जबकि हकीकत तो यह है कि ग्राम पंचायत में कार्यों का कोई नामो निशान नहीं, चंद श्रमिको की फोटो लेकर एक ही फोटो को बारंबार अपलोड कर फर्जी हाजरी चलाई जा रही, ।

फोन के जरिए ग्रामीणों से वार्ता की गई तो बताया यह खेल आज से नहीं बल्कि 2 महीनों से अधिक होने को है प प्रधान लगातार गांव के दो चार लोगो को खड़ा करके फोटो खींच कर साइड पर अपलोड की जा रही है और जब ग्राम प्रधान से इस संबंध में जानकारी मांगता है तो कहता है गांव में मीटिंग होना दिखाया गया है इस लिए तस्वीर ले कर साइड पर अपलोड किया जा रहा है मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत में लगभग ढाई महीने से फर्जी नरेगा चल रहा है और लगातार 200 से प्लस हाजरी अपलोड की गई है, जबकि विकाश का कहीं नामो निशान नहीं है, ग्रामीणों ने यह भी बताया है कि, इस संबंध में कई बार अधिकारियों को जानकारी दी गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, अब सवाल यह है कि फर्जी नरेगा योजना में अधिकारियों की लापरवाही क्यों, सत्ता का हनक है, या कमीशन का खेल, कौन देगा इसका जवाब,ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी अन्य अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्यवाही करने की अपील की है।

# त्रिस्तरीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम हुआ संशोधित

बहराइच ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) मोनिका रानी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई समयसारिणी के अनुसार किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही 18 जुलाई से 18 अगस्त 2025 तक की जाएगी। जबकि 19 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे)।

डीएम ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 19 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच करने की अवधि 23 से 29 सितम्बर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2025 तक, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) 07 अक्टूबर से 24 नवम्बर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक तथा अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 05 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने का कार्य 06 से 12 दिसम्बर, 2025 तक किया जायेगा इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किये जाएंगे ।दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 13 से 19 दिसम्बर 2025 तक तथा दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि 20 से 23 दिसम्बर, 2025 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही 24 दिसम्बर से 08 जनवरी, 2026 तक, पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि का कार्य 09 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा।

## जिले के युवा पीढ़ियों को कर रहे हैं बर्बाद

बहराइच। क्षेत्र में अवैध गांजा चिप्पड़ की बिक्री जोरों पर है मार्केट के साथ साथ चौराहों पर धड़ल्ले से नशे कि बिक्री जोरो पर संचालित है, यह कारोबार,चिचड़ी, मिर्जा पुर, बदला चौराहा, डिगीहा बहराइच, रिसिया मोड़, असम रोड बहराइच, बदला चौराहा, मल्ही पुर, लक्ष्मन नगर, खरगौरा मोड़ ,सेमरी चौराहा, इटवारिया, भिनगा,सिरसिया,मटेरा, संकर पुर कई स्थानों पर माया जाल की तरह युवा पीढ़ी को नशे कि लत में धकेलते जा रहे हैं जैसे सुहागन चूड़ियों की तरह ऑफर ऑफर लगा कर बेची जा रही है उसी तरह यह नशा का कारोबार चालित है, एक एक खुराक इतना कीमती होता जा रहा है कि नशेड़ियों के बबार्दी के साथ परिवार भी तंगदस्ती में जीने पर मजबूर है युवा के साथ साथ छोटे छोटे बच्चे भी इसके प्रभाव में चुमक की तरह खींचते जा रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण है नशे के कारोबार का बढ़ना, अब सवाल यह है कि मार्केट चौराहों, सड़कों पर मादक पदार्थ की क्रय विक्रय बड़े पैमाने पर संचालित है, सरकार के आदेश को दरकिनार कर खुलेआम ठेकेदार नशे का कारोबार चलवा रहे आखिर स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका क्या है।

## ग्रीन बाइट कोल्ड स्टोर का शुभारंभ



अयोध्या। शहर के नाका स्थित मैटी इलेक्ट्रो होम्योपैथी क्लिनिक के सामने आधुनिक खाद्य भंडारण की दिशा में एक नई पहल करते हुए ह्यग्रीन बाइट कोल्ड स्टोर रूमह्ण का भव्य शुभारंभ सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी नाका के महंत रामदास जी महाराज ने फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में व्यापार जगत से जुड़ी अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्रीन बाइट के ओनर सोनू तारा चंद,मोनू ताराचंद एवं अमित ताराचंद ने सभी अतिथियों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया ।और कोल्ड स्टोर की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कोल्ड स्टोरेज अत्याधुनिक तापमान नियंत्रित तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें ग्रीन पीस, स्वीट कॉर्न, सोया चाप, मशरूम, बटर, घी जैसे संवेदनशील खाद्य उत्पादों को सुरक्षित और ताजा रखा जा सकेगा। यह सुविधा क्षेत्र के छोटे-बड़े व्यवसायियों और किसानों के लिए एक बड़ी राहत सिद्ध होगी। महंत रामदास जी ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए कहा ग्रीन बाइट का यह प्रयास न केवल खाद्य सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर तनिष्क ताराचंद,हनी ताराचंद मोहित मोदनवाल समाज महामंत्री राजीव तारा चंदअंकित तारा चंद आदि अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## पति के नौकरी छोड़ी तो गर्भवती पत्नी को पीटा

गोरखपुर। जिले में एक व्यक्ति के नौकरी छोड़ने पर मालिक ने उसकी गर्भवती पत्नी को कथित रूप से पिटाई की और उससे जबरन उठक-बैठक करवायी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस के मुताबिक, कौवाडिल गांव निवासी शिवम शर्मा (24) गोला इलाके में रतन भारद्वाज नाम के व्यक्ति की मसाले की दुकान पर सात हजार रुपये मासिक वेतन पर काम करता था। वेतन कम होने का हवाला देते हुए शिवम ने लगभग 10 दिन पहले नौकरी छोड़ दी, जिससे दुकान का मालिक नाराज हो गया। पुलिस के मुताबिक, 18 जुलाई की शाम लगभग सात बजे भारद्वाज और उसका साथी कुश शर्मा शिवम के घर में कथित तौर पर घुस गए और उस पर लाठी, ईंट, बेल्ट और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि जब शिवम की गर्भवती पत्नी खुशबू ने बीच-बचाव की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे जमीन पर कथित रूप से पटक दिया और उसकी पिटाई की। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद हमलावरों ने गर्भवती महिला से कथित तौर पर 25 बार उठक-बैठक करने को कहा। उठक-बैठक करने से महिला की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। रतन भारद्वाज और कुश शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया हालांकि दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## रास्ते के विवाद में आंबेडकर की प्रतिमा नहर में फेंकी

प्रयागराज। जिले के गंगानगर के फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़ापुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने खेत में लगी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा उखाड़कर नहर में फेंक दी जिससे स्थानीय लोगों में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर रविवार की रात फूलपुर थाना अंतर्गत कोड़ापुर गांव में कुछ लोगों ने खेत के रास्ते में लगी आंबेडकर की प्रतिमा उखाड़कर नहर में फेंक दी। सुबह इस घटना की जानकारी होने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा कर शांत कराया। राजस्व विभाग से पता चला कि खेत में रास्ते को लेकर कुछ लोगों में विवाद है। गुनावत ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है और आंबेडकर की नयी प्रतिमा मंगाकर लगाई जा रही है। इलाके में शांति व्यवस्था कायम है।

## रेलपटरी पर मिला युवक का शव

बलिया। जिले में सोमवार सुबह रेल की पटरी पर एक युवक का शव मिला। पुलिस ने बताया कि वाराणसी-गोरखपुर रेल खंड पर उभांव थानाक्षेत्र के तिरनई खुर्द गांव के निकट रेल पटरी पर मिले शव को देखकर ऐसा लगता है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। मृतक की पहचान नगरा थानाक्षेत्र के नरही गांव निवासी अरविंद राजभर (35) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि अरविंद की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बाबा बाल्हेश्वर धाम में लगा विशाल भंडारा

### हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



लालगंज रायबरेली। सावन के सोमवार को किए जा रहे भंडारो का महत्व भगवान शिव की पूजा और भक्ति से जुड़ा है। सावन माह भगवान शिव को समर्पित है, और सोमवार को शिव की पूजा करने से विशेष फल मिलता है। भगवान भोले शंकर और भंडारे के महात्म्य का उल्लेख करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी और रघुवीर रौलिंग मिल्स व रघुवीर हॉस्पिटल के चेयरमैन रमेश दीक्षित ने कहा कि आयोजित भंडारे में शिव भक्तों को भोजन और प्रसाद वितरित किया जाता है। श्री दीक्षित ने कहा कि सावन के सोमवार को शिव की पूजा और भक्ति का विशेष महत्व है। भगवान भोले बाबा की कृपा से ही उनके द्वारा भंडारा आयोजित किया जाता है। सोमवार को भंडारे में विशेष भीड़ थी। लगभग 50 हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष बात यह रही कि समाजसेवी रमेश दीक्षित ने अपने हाथों से लोगों को प्रसाद वितरण किया। भंडारे के विशेष योगदान में शशांक दीक्षित, रघुवीर हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट की निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा, डॉक्टर मणि मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि अगले सोमवार 28 जुलाई को बाबा सोहलेश्वर धाम में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। समाजसेवी रमेश दीक्षित ने भगवान शिव के भक्तों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा , जर्नलिस्ट मीडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला, भाजपा नेता अनूप पांडे ,कैलाश वाजपेई आदि ने समाजसेवी रमेश दीक्षित के सामाजिक कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की है। इस अवसर पर रवि बाजपेई, नीरज दीक्षित, लल्ला मिश्रा, रज्जन शुक्ला, डॉ धर्मेंद्र, प्रशांत, किसन आज लोग भी सेवा भाव से लगे रहे।

**मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा व आस्था का सैलाब उमड़ा**

सलोन रायबरेली। सावन के दूसरे सोमवार को बाबा झारखंडेश्वर मटका, बंधावा धाम, मुनेश्वर नाथ ममुनी, बाबा माधव दास, सिद्धेश्वर धाम सिरसिरा, कमासिन धाम, वन देवी आदि मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा व आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। भारी संख्या में शिव भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान को जल चढ़ाया। सोमवार चार बजे से ही मंदिर का पट खोल दिया गया। श्रृंगार आरती पुजारी अखिलेश गिरि द्वारा की गई। इसके बाद पट शिवभक्तों के लिए खोल दिए गए। सुबह पांच बजे से ही शिव भक्तों का आना प्रारंभ हो गया। भक्त भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए गंगा तट पर स्नान कर जल भरकर कतारबद्ध तरीके से मंदिर के अंदर पहुंचे व जलाभिषेक किए। पति की लंबी उम्र के लिए सोमवार को व्रत रखने वाली महिलाओं ने विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की।

## छत के सहारे घर में घुसे चोर, लाखों के गहने व रुपए उड़ाए

गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना अंतर्गत रविवार की रात खेड़ी गांव में चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। यहां से नगदी सहित लाखों का आभूषण समेट कर चोर फरार हो गए। इसी गांव में चोरों ने दो घरों में सेंधमारी की लेकिन यहां उनको सफलता हाथ नहीं लगी। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच पड़ताल की है। थानाक्षेत्र खेड़ी गांव निवासी घनश्याम यादव रविवार की रात परिजनों के साथ बरामदे में सोए हुए थे। रात करीब दो बजे छत के रास्ते चोर घर में घुस आए। यहां से दो अटैची का लॉक तोड़ कर एक बक्सा उठा ले गए। घर से करीब एक किलोमीटर दूरी पर कोहड़ा गांव के पास गन्ने के खेत में बक्सा टूटा हुआ मिला। 35 हजार रुपया नगद, एक सोने की चैन, एक जोड़ी झुमकी, मटर माला, झाला सहित करीब दो लाख के सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। वहीं चोरों ने पड़ोस के विक्रमजीत यादव और जमुना प्रसाद यादव के घर में भी सेंधमारी की, लेकिन असफल रहे। घटना की सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक इनामुल हक ने पुलिस कर्मियों के साथ जांच पड़ताल की है। पुलिस को दी तहरीर में घनश्याम यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला इनामी बदमाश दिल्ली से गिरफ्तार

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक अपराधी को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम था। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने यहां बताया कि पीलीभीत पुलिस ने जिले में चलाए जा रहे ठगी-कबूतरबाजी (विदेश भेजने वाले) करने वाले गिरोह के खिलाफ अभियान में 50 हजार रुपये के एक इनामी बदमाश मनोज कुमार भारती को दिल्ली से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि जाली दस्तावेजों के माध्यम से विदेश भेजने और वहां नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले शातिर अपराधियों की तलाश में अमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

अधिकारी ने बताया कि 20 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर अमरिया थाना पुलिस और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की बरेली इकाई की संयुक्त टीम ने अभियुक्त मनोज कुमार भारती को उत्तमनगर (दिल्ली) के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी मनोज कुमार भारती पीलीभीत जिले के अमरिया थानाक्षेत्र के पिंजरा वमनपुरी गांव का रहने वाला है। मनोज पहचान छिपाकर लखनऊ दिल्ली और अन्य शहरों में रह रहा था। आरोपी को अदालत के समक्ष पेश कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## 18 घंटे बाद कूड़ा नदी से मिला युवक का शव

सिद्धार्थनगर- जिले के उस्का बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत गनेरा घाट पर रविवार को नहाने गए 19 वर्षीय रितिक वर्मा की नदी में डूबने से मौत हो गई। नौगढ़ के इंदिरा नगर निवासी रितिक अपने पांच दोस्तों के साथ दोपहर करीब 3 बजे घाट पर पहुंचा था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और फिर बाहर नहीं निकल सका। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे डूबते देखा तो शोर मचाया, लेकिन रितिक पलक झपकते ही पानी में समा गया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी गई, लेकिन रेस्क्यू में देरी को लेकर लोगों में गुस्सा देखा गया। लगातार 18 घंटे की मशक्कत के बाद सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे एनडीआरएफ की टीम ने रितिक का शव नदी से बरामद किया। जैसे ही शव बाहर आया, घाट पर कोहराम मच गया। हर कोई रो पड़ा। थानाध्यक्ष हरे कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि ह्युयक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद करीब दो घंटे तक एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीण और परिजन भड़क उठे। लोगों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यदि समय रहते गोताखोर लगाए जाते, तो शायद रितिक की जान बच सकती थी। जब रितिक का शव उसके घर पहुंचा, तो वहां चीख-पुकार मच गई। पिता अर्जुन वर्मा, मां और परिवार के अन्य सदस्य बेसुध हो गए। गांव की हर गली में मातम पसरा है, हर आंख नम है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि गनेरा घाट जैसे संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और प्रशिक्षित गोताखोरों की स्थायी तैनाती की जाए। लोगों का कहना है कि हर साल इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन प्रशासन जागता नहीं।

## पत्नी के बाद पति ने भी लगाई फांसी, दो महीने पहले पत्नी की हुई थी मौत

सिद्धार्थनगर- जिले के पुरानी नौगढ़ क्षेत्र में सोमवार को एक युवक ने सुसाइड कर लिया। 28 वर्षीय दीपक पुत्र रामहित ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खास बात यह है कि महज दो महीने पहले उसकी पत्नी ने भी इसी तरह फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। अब इस दंपति के दो मासूम बेटे—एक 8 साल का और दूसरा 5 साल का—पूरी तरह अनाथ हो गए हैं। घटना के समय दीपक ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और छत में लगे हुक से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सदर सीओ मयंक द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया, ह्हमें सूचना मिली कि दीपक ने आत्महत्या कर ली है। दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है ।ह्व इस घटना की खबर से पूरे इलाके में मातम छा गया। ग्रामीणों के अनुसार, पत्नी की आत्महत्या के बाद दीपक गहरे अवसाद में था। अब उसकी खुदकुशी ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपक का परिवार लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। वह चाय की एक छोटी दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। माना जा रहा है कि यही आर्थिक तंगी और पारिवारिक अवसाद उसकी आत्महत्या का कारण बन सकते हैं।

## युवक का शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए घर ले गये परिजन

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में युवक की मौत में पीएम के बाद रविवार की देर शाम परिजन मृतक का शव लेकर घर चले गये। घटना को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर घटना के बाबत पूछतांछ कर रही है। लालगंज कोतवाली के नेकनामपुर में रविवार की सुबह घर के अहाते में फुल्की कारोबारी बत्तीस वर्षीय तेजसिंह पाल पुत्र जगत सिंह पाल का शव पड़ा मिला था। मृतक मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले के नयगांव अतरसुआ का निवासी था। शनिवार की रात वह अपनी पत्नी अंजली व चार वर्षीय बेटी राधिका के साथ छत पर सो रहा था। रात करीब तीन बजे उसे बिस्तर पर न देख परेशान पत्नी ने खोजबीन शुरू की तो सुबह उसका शव मकान के अहाते में पड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया छत से गिरने से लगी चोट के चलते मौत की आशंका हो रही है।

## बांसी पुलिस ने 1 नफर वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

सिद्धार्थनगर। बांसी पुलिस ने 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन व संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में 21 जुलाई को बांसी पुलिस द्वारा माननीय वारण्ट वाद संख्या 158/2021 धारा 323, 504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारण्टी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया। अखिलेश पुत्र बसन्त निवासी मोहल्ला पन्तनगर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

बरेली। जिले के एक गांव में एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने सोमवार को बताया कि परिजनों ने व्यक्ति की पत्नी पर प्रेमी संग मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया जबकि महिला ने दावा किया कि उसके पति ने रविवार रात को आत्महत्या कर ली। दक्षिणी क्षेत्र की अपर पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा ने बताया कि रविवार रात बिथरी चैनपुर थानाक्षेत्र के त्रिकुनिया गांव में रहने वाले पप्पू (32) का शव फंदे से लटके होने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आयेगी। हालांकि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। अंशिका ने बताया कि मृतक व उसकी पत्नी का फोन पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पप्पू के भाई महेंद्र ने आरोप लगाया कि उसके भाई की पत्नी का गांव के ही एक युवक से काफी समय से प्रेम संबंध था, जिसकी वजह से कई बार पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि पप्पू ने अपनी पत्नी को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। महेंद्र ने बताया कि रविवार रात उनको पता चला कि पप्पू ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने बताया कि जब परिवार के सदस्यों ने शव को जाकर देखा तो उसके पैर जमीन से लग रहे थे। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि पप्पू की पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या की और फिर मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। महेंद्र ने दावा किया कि उसके भाई ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है।

## अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से तीन साल की बच्ची का अपहरण

अलीगढ़। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या पांच से तीन साल की एक बच्ची का उस समय अपहरण कर लिया गया जब उसका पिता ट्रेन का इंतजार कर रहा था। जानकारी मिलने के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बच्ची की तलाश के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। अलीगढ़ जीआरपी थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि शनिवार रात बच्ची का पिता करण प्रकाश अपनी बेटी के साथ प्लेटफार्म पर नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन का इंतज़ार कर रहा था। उन्होंने कहा कि प्रकाश को इस बीच नींद आ गई और उसी दौरान बच्ची को अपहृत कर लिया गया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में पास में बैठे एक जोड़े द्वारा बच्ची को उठाते हुए देखा गया है। जब प्रकाश की नींद खुली और बेटी के गायब होने का एहसास हुआ, तो उसने तुरंत जीआरपी थाने में संपर्क किया। उन्होंने यह भी कहा कि वह (प्रकाश) नशे की हालत में लग रहा था और शुरुआत में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की तुरंत जांच की और एक जोड़े की पहचान की, जिन्होंने बच्ची को कुछ खाने की चीजें देकर उससे दोस्ती की और फिर उसे लेकर मौके से भाग गए। मामले में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और लापता बच्ची का पता लगाने के लिए पुलिस टीमें भेजी गई हैं।

## कांवड़ियों पर डीएम-एसएसपी ने हेलीकॉप्टर से बरसाये फूल

बुलंदशहर। जिले में पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जिले के प्रमुख शिवालय एवं कांवड़ मार्गों पर जलाभिषेक करने के लिए आ रहे कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करते हुए उनकी सफल यात्रा की कामना की। डीएम ने कहा कि कांवड़ियों पर सदर क्षेत्र में राजेश्वर मंदिर, अनूपशहर क्षेत्र में बवस्टर गंज घाट और अहार क्षेत्र मे अंबकेश्वर महादेव मंदिर पर पुष्प वर्षा की गई।

## जिला कारागार में बंदियों ने कांवड़ यात्रा निकाली

शाहजहांपुर। जिला कारागार से जल्द रिहाई तथा अपने पापों के प्रायश्चित के लिए महिला और पुरुष बंदियों ने जेल के अंदर कांवड़ यात्रा निकाली और गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने बताया कि बंदियों ने उनसे कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए अनुरोध किया था, परंतु बंदी खुले में कांवड़ लेकर नहीं जा सकते थे, इसीलिए उन्होंने फर्रुखाबाद स्थित पांचाल घाट से गंगाजल मंगवाया। कांवड़ यात्रा निकालने की इच्छा रखने वाले लगभग दो दर्जन बंदियों ने जेल परिसर में कांवड़ यात्रा निकालकर शिव का जलभिषेक किया। अधिकारी ने बताया कि फांसी की सजा का सामना कर रही ब्रिटिश महिला अमनदीप कौर ने भी कांवड़ यात्रा में शामिल होकर शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान जेल के अंदर बंदी भगवा वस्त्र पहनकर और कंधों पर कांवड़ उठाए शिवधुन के बीच नृत्य करते हुए आगे बढ़े तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदियों ने जेल से जल्द रिहाई तथा अपने पापों के प्रायश्चित के उद्देश्य से कांवड़ यात्रा निकाली।

## चंदौली में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य के बेटे ने खुद को गोली से उड़ाया

चंदौली। जिले के सकलडीहा थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह जिला पंचायत के एक पूर्व सदस्य के बेटे ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार पचखरी गांव में सोमवार सुबह जिला पंचायत के पूर्व सदस्य रमेश यादव के 25 वर्षीय बेटे संदीप यादव ने अपने पिता की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली। उसने बताया कि परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण परिवारिक विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी अतुल प्रजापति ने बताया कि घटनास्थल से एक राइफल बरामद की गई है, जिसका लाइसेंस मृतक के पिता रमेश यादव के नाम से है। पुलिस ने राइफल को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि संदीप यादव शादीशुदा था और उसका चार साल का एक बेटा भी है।

# भवं भवानी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

### हर हर महादेव के जयकारा कर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सावन के दूसरे सोमवार को भवं भवानी धाम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था का जन सैलाब उमडा। हर हर महादेव के जयकारे कर शिव भक्तों ने बेलपत्र, दूर्वा, फुल आदि से जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। डॉ मुकेश तिवारी ने भगवान शिव का मंत्रोच्चारण कर शहद, दूध, गन्ना आदि से रुद्राभिषेक किया।

भवं भवानी धाम शिव मूर्ति नगर शाहपुर लपटा शिव मंदिर आसपास जिलो के श्रद्धालुओं की आस्था विश्वास का केंद्र है। सावन के दूसरे सोमवार को मंदिर परिसर में आस्था का जन सैलाब उमडा। मंदिर संस्थापक पूर्व कैबिनेट मंत्री जय नारायण तिवारी भोर में ही पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ ने बेलपत्र, फुल, दूर्वा आदि से भगवान शिव का जलाभिषेक के लिए ताता लगा रहा। हर-हर महादेव के जयकारे कर श्रद्धालुओं ने धूप, दीप से विधिवत पूजन अर्चना कर मंदिर में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग भगवान शिव परिवार का दर्शन कर मनौती पूरी की। मंदिर प्रशासक डॉ मुकेश तिवारी ने भगवान शिव का शहद, दूध, गन्ने का रस, कुशोदक आदि से विद्वान ब्राह्मण ऋषि ने रुद्राभिषेक कराया। उन्होने ने बताया पूरे सावन मास भगवान शिव का लगातार रुद्राभिषेक होगा। व्यवस्था में विनोद पांडेय, अपूर्व मंगलम तिवारी, अशोक पांडेय, अतुल चतुवेर्दी, द्वारिका द्विवेदी, ललित तिवारी, प्रमोद मिश्र, विजय नाथ तिवारी, लल्लू तिवारी आदि रहे।

# बढ़ रहा कांग्रेस का जनाधार: जिलाध्यक्ष

### कांग्रेसियों ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष खाड्गे का जन्मदिन



सुलतानपुर (वीओएल)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का जन्मदिन कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने केक काटकर कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराया और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष मेहनत निष्ठा व लगन की प्रसंशा की और कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने जब से कांग्रेस की कमान संभाली है तब से कांग्रेस का दिन प्रतिदिन जनाधार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि खड़गे जी कई दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं और पार्टी में तथा अपने गृह राज्य और केंद्र की सरकारों में कई अहम पदों पर रहकर जनता व देश की सेवा की है ,यहीं नहीं दो दशक बाद भी वे पहले ऐसे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने, जो गांधी परिवार से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि खरगे 2021 से राज्यसभा में विपक्ष के नेता रहे, इसके अलावा 2020 से कर्नाटक से राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। उनके जन्मदिन पर हम कांग्रेस जन भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें दीघार्यु और स्वास्थ्य रखें। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि ईश्वर मल्लिकार्जुन खड़गे जी को स्वस्थ रखे। मल्लिकार्जुन खड़गे साहब काफी लंबे अरसे से कांग्रेस से जुड़े हैं, उनके नेतृत्व में पार्टी दिन प्रतिदिन प्रगति कर रही है ये देश के हर कांग्रेस जन के लिए सौभाग्य का पल हैं। इस अवसर पर अरशद पवार, पवन मिश्र कटावा, ममनून आलम, रियाज अहमद, सुब्रत सिंह सनी, सियाराम तिवारी, शीतला साहू, इंतजार अहमद, सौरभ सिंह, वरिष्ठ नेता नफीस फारुकी सुनील चैहान आदि लोग मौजूद रहे।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौंधे न हो तो हम सांस नहीं ले सकते। जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी है। इसी उद्देश्य के साथ कटका क्लब सामाजिक संस्था व विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कूरेभार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कटका बाजार में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने किया। सौरभ मिश्र ने कहा कि विकास की दौड़ में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, जिससे पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में ऑक्सीजन की जो किल्लत सामने आई थी, उससे सबक लेकर अब हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ियों को सांस लेने में दिक्कत न हो। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि यह हमें फल, छाया और जीवनदायिनी पर्यावरण भी प्रदान करते हैं। सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए। यहां विभिन्न किस्म के दर्जनभर पौधों को रोपित किया गया। इस अवसर पर लालजी तिवारी, राम तेज मिश्रा, दीपक पाल, पंकज तिवारी, अवधेश शर्मा, राम शंकर वर्मा, शिव कुमार मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धर्मांतरण गिरोह का सरगना गिरफ्तार, अब तक 11 आरोपित धरे गये

आगरा। आगरा में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने के तीन दिनों के भीतर मामले से जुड़े एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी को गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। पुलिस ने इससे पहले शनिवार को गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया था। पुलिस ने बताया कि अवैध धर्मांतरण के मामले के संबंध में पकड़ा गया 11 वां आरोपी अब्दुल रहमान मूल रूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है और उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। आगरा के पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया, पकड़ा गया आरोपी अब्दुल रहमान अवैध धर्मांतरण गिरोह का सरगना है। गिरोह में शामिल लोग उसे रहमान चचा के नाम से बुलाते हैं। अब्दुल रहमान ने 1990 में धर्म परिवर्तन किया था और उसके बाद दिल्ली चला गया। अब्दुल से पहले गिरोह का सरगना कलीम सिद्दीकी था। 2021 में राज्य पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने कलीम सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था और 2024 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी। आयुक्त ने बताया कि कलीम सिद्दीकी के जेल जाने के बाद अब्दुल रहमान ने धर्म परिवर्तन कराने की कमान संभाली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अब्दुल रहमान के पास से धर्मांतरण से जुड़ा धार्मिक साहित्य बड़ी मात्रा में बरामद किया गया। अब्दुल रहमान को अदालत से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को लखनऊ में संवाददाताओं को बताया कि इस गिरोह में संलिप्त 10 व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश समेत देश के छह राज्यों से गिरफ्तार किया गया।

# भंडारे का न्योता देने पहुंचे मौनी महाराज का भव्य स्वागत

### मौनी महाराज ने राष्ट्र धर्म को बताया सर्वश्रेष्ठ



तिलोई, अमेठी। जनपद के परम हंस सेवाश्रम बाबूगंज सगरा मे चल रहे महारूद्र महायज्ञ के उपरांत 4 अगस्त को होने वाले विशाल भंडारे का न्योता देने पहुंचे शिव योगी मौनी महराज का अहोरवा भवानी कस्बे के शिव रिसॉर्ट मे भव्य स्वागत किया गया।

बाबू गंज सगरा के संत शिरोमणि शिव योगी मौनी महाराज ने मौजूद जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहाकि सेवाश्रम मे चल रहे 12 करोड़ 51 लाख मन्त्रों के जप के पूर्णआहुति के विशाल भंडारे मे आने का न्योता देते हुए कहाकि राष्ट्र धर्म सर्वश्रेष्ठ है। जब राष्ट्र सुरक्षित होगा तभी धर्म भी सुरक्षित होगा। राष्ट्र धर्म, एक गहरे और व्यापक सिद्धांत के रूप में, समाज और राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उन मूल्यों और नैतिकताओं का संग्रह है जो किसी राष्ट्र को उसकी पहचान और संस्कृति से जोड़ते हैं। राष्ट्र धर्म का पालन करने से न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामूहिक विकास भी संभव होता है। जब हम राष्ट्र धर्म की बात करते हैं, तो हमें यह समझना चाहिए कि यह केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह हमारी विविधता, एकता, और सहिष्णुता को भी दशार्ता है। एक मजबूत राष्ट्र धर्म हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का एहसास कराता है, और यह हमें प्रेरित करता है कि हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं। धर्म का महत्व इस बात में भी है कि यह एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है, जहां सभी नागरिक अपने देश के प्रति गर्व महसूस करते हैं। यह भावनाएं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देती हैं, जिससे देश में शांति और समृद्धि स्थापित होती है। इसलिए, राष्ट्र धर्म का सम्मान करना और इसे अपने जीवन में अपनाना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान कमलेश अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा बैजनाथ, चन्दन, शानू, उत्तम बाजपेई, गोपी बाजपेयी, सत्यदेव तिवारी, दयानन्द मिश्र, राकेश त्रिपाठी रत्नाकर पांडे नीतम पाठक दीपू मिश्रा अवनीश तिवारी सधन बाजपेई आशू तिवारी सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे। शिव रिसोर्ट के प्रबंध निदेशक अभिषेक अग्निहोत्री ने सबका आभार जताया।

संक्षेप

## अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** मवेशी की टक्कर से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के मादामई गांव निवासी पचास वर्षीय रामपियारे गौतम पुत्र रामगोपाल गौतम शनिवार की रात बाइक से अपने बेटे के साथ प्रतापगढ़ शहर से घर लौट रहा था। ढिंगवस के समीप अचानक सड़क पर मवेशी के आने से बाइक की उससे टक्कर हो गयी। जिससे दोनों घायल हो गये। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की रात में अधेड़ रामपियारे की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात पिकअप चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। मासूम की हुई मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मठिया किशुनगढ़ गांव निवासी संदेही लाल कोरी पुत्र बिल्लू कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्नीस जुलाई की शाम करीब चार बजे उसके भाई रामप्रसाद कोरी का चार वर्षीय पुत्र रौनक घर के सामने सड़क से आ रहा था। इसी बीच अज्ञात पिकप वाहन ने मासूम को टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल मासूम की इलाज के दौरान एम्स रायबरेली में मौत हो गयी। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि अज्ञात पिकप चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मां-बेटी को मारपीट कर किया घायल, तीन पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। बेटी से मिलने उसकी ससुराल गई मां को लोगों ने जमकर मारापीटा व धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी लल्लू सरोज पुत्र छेदी लाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बेटी रीता का विवाह तीन वर्ष पहले दलापटटी निवासी सतुल पुत्र कृषू सरोज के साथ हुई। पीडित का आरोप है कि बीती बीस जुलाई को उसकी पत्नी उर्मिला पुत्री से मिलने उसके ससुराल पहुंची। जहां दामाद सतुल व उसके भाई शक्तिमान तथा पिता कृषू ने गालीगलौज करते हुए उर्मिला को मारने पीटने लगे। बचाव में पहुंची पीड़ित की पुत्री रीता को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

प्रतापगढ़। मुकदमों में नामजद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने को लेकर पीडित ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के रामबक्श का पुरवा पिचूरा गांव निवासी राजेश पुत्र स्व0 सुखलाल ने मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती आठ मई की रात गांव के पड़ोसी प्रियांशू गौड़ पुत्र स्व0 शोभनाथ गौड़ उसके घर में रखी हजारों की नकदी, बाइक व जेवरात चुरा ले गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उसके घर से पीड़ित की बाइक की बरामदगी भी की। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में उमड़ा लाखों भक्तों का सैलाब

### सोमवार की एकादशी पर कांवड़िया श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



प्रतापगढ़। श्रावण माह के दूसरे सोमवार को ब्रम्हमुहूर्त से लेकर देर शाम तक बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को श्रद्धालु उमड़े दिखे। सूत्रों के मुताबिक सोमवार को लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का दर्शन पूजन किया। लाखों शिवभक्तों की मौजूदगी को लेकर पुलिस व प्रशासन को पसीना छूट आया। मानिकपुर तथा कालाकांकर के पवित्र गंगा घाट से जल भरकर कांवड़िया श्रद्धालुओं का बोल बम जयघोष के साथ जलाभिषेक खासे आकर्षण में दिखा। रविवार की शाम से ही मानिकपुर से जलाभिषेक के लिए कांवडिया श्रद्धालुओं से बाबा धाम तक के मार्गो पर रिकार्ड भीड़ के उत्साह का वेग दिखा। रविवार को निशिताकाल में भी शिवभक्तों ने बाबा का दर्शन पूजन किया। श्रावण के दूसरे सोमवार को दिन भर मंदिर परिसर में रूद्राभिषेक में भी भक्त भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करते दिखे। भक्तों ने बाबा के शिवलिंग पर बेल पत्र, पुष्प, अक्षत, धातूरा, भांग भी अर्पित किया। दूसरे सोमवार को एकादशी होने के कारण बाबा धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब भी दिन भर बना रहा। पुलिस प्रशासन ने शिवभक्तों की भीड को देखते हुए अमावां सीमा तथा देउम चौराहे पर बैरियर लगाकर भारी वाहनों के आवागमन को दिन भर प्रतिबंधित रखा। सीओ आशुतोष मिश्रा व सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी पुलिस एवं पीएसी के साथ धाम परिसर में मुस्तैद दिखे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर उदयपुर के उप निरीक्षक राजेश शुक्ला श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के प्रबन्ध में मशक्कत करते देखे गये। एकादशी के सोमवार को बाबा भोलेनाथ की संध्या आरती की भव्यता भी शिवभक्त निहारते दिखे। मंदिर के मुख्य महन्त मयंकभाल गिरि ने संध्या आरती में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य शिव आराधना की मनमोहक प्रस्तुति में दिखे।

# लालगंज में स्कूली बच्चों से भरी मैजिक पलटी, छः बच्चे हुए घायल



प्रतापगढ़। छात्रों को घर लेकर जा रही किराये की मैजिक अनियंत्रित होकर पलटा खा गई। हादसे में छः छात्र घायल हो गए। एक छात्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लालगंज स्थित शीतलमऊ माण्टेसरी स्कूल के छात्र छुट्टी के बाद सोमवार को घर जा रहे थे। इसी बीच लालगंज कोतवाली के लालूपुर ग्राम के समीप छात्रों से भरी प्राइवेट मैजिक अनियंत्रित होकर पलटा खा गई। हादसे में छः बच्चे घायल हो गए। मामूली रूप से चुटहिल तीन बच्चे घटनास्थल से घर चले गए। जिससे कि उनका नाम नहीं पता चल सका है। वही बारह वर्षीय हर्षित पाण्डेय निवासी राजापुरबिन्धन, ग्यारह वषीर्या अंशिका निवासी शुकुलपुर व बारह वर्षीय ओमप्रकाश निवासी डेरवा को लालगंज स्थित ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख हर्षित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आननफानन में अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि अभिभावकों ने आपस में मिलकर आने जाने के लिए मैजिक बुक किया था। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मेडा प्रवर्तन डी वन क्षेत्र के गढ़ रोड पर अवैध कमर्शियल भवन सील

- **मेडा उपाध्यक्ष की अवैध निर्माण पर सख्ती दिखने लगी धरातल पर, इंजीनियरों में खौफ**
- **कई मंजिला बिना पार्किंग, अवैध अस्पताल बनाए जाने की चर्चा**
- **कंपाउंडिंग के रूप में आने वाले राजस्व की चोरी, शहर के विकास में लगाया जाता है मानचित्र, कंपाउंडिंग का पैसा**

**मुकेश कुमार गुप्ता**




**मेरठ।** कावड़ यात्रा के दौरान फायदा उठाते हुए कमर्शियल भवन का अवैध निर्माण तेजी से किया जा रहा था लेकिन मेडा उपाध्यक्ष की सख्ती के चलते जोनल अधिकारी की पैनी नजर ने सोमवार को अवैध कमर्शियल निर्माण को सील कर दिया जिसके चलते अवैध कमर्शियल निर्माण मालिक में हड़कंप मच गया। गौर तलब रहे कि मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस अधिकारी संजय कुमार मीणा अवैध निर्माणों को लेकर काफी सख्त हैं उन्हीं की सख्ती के कारण मेरठ में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। मेडा उपाध्यक्ष संजय कुमार मीणा भी चाहते हैं कि लोग मानचित्र स्वीकृत कराकर ही कमर्शियल अथवा रिहायशी निर्माण नियमों के अनुरूप करें जिससे शहर की सुंदरता को चार चांद लगेंगे वहीं मानचित्र अथवा कंपाउंडिंग के रूप में आने वाले राजस्व से शहर का विकास होगा उनकी इसी सोच के चलते मेडा के इंजीनियरों ने भी अवैध निमार्णों को लेकर कमर कस ली है। ऐसा ही एक मामला मेरठ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन खंड जोन डी वन क्षेत्र से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गढ़ रोड पर नंदन सिनेमा के सामने मुख्य मार्ग पर ही लगभग 400 वर्ग गज में प्रथम तल पर अवैध कमर्शियल भवन का निर्माण किया जा रहा था जिसे आज प्राधिकरण प्रवर्तन टीम ने सील कर दिया। यदि हम सूत्रों की माने तो इस कमर्शियल भवन में कई मंजिला अस्पताल बनाए जाने की चर्चा है वहीं इस कमर्शियल भवन का कोई मानचित्र भी स्वीकृत नहीं है। सूत्र बताते हैं कि बिना मानचित्र ही भूतल पर भी लगभग 1 वर्ष पूर्व अवैध रूप से निर्माण किया गया था जबकि आज तक इसकी कोई कंपाउंडिंग भी जमा नहीं कराई गई है। सूत्र बताते हैं कि इस कमर्शियल भवन में रोड वाइंडिंग की जमीन भी शामिल है जो जांच का हिस्सा है लेकिन इसके बावजूद इस कमर्शियल भवन का निर्माण लिफ्ट के साथ प्राधिकरण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बेखोफ होकर किया जा रहा है।

सूत्रों का मानना है कि आवासीय क्षेत्र होने के बावजूद अस्पताल का अवैध निर्माण करने वाले मालिक ने बिना पार्किंग, साइड बैक मे जगह भी इस भवन में नहीं छोड़ी गयी है यदि कोई हादसा होता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। सूत्र बताते हैं कि इस भवन के मालिक ने संबंधित विभागों से कोई एन ओ सी भी नहीं ली है यह एक बड़ा सवाल लोगों के मन में सवाल खड़े कर रहा है। परंतु जैसे ही इस अवैध कमर्शियल निर्माण की जानकारी प्राधिकरण तक पहुंची तो प्राधिकरण के जोनल अधिकारी अर्पित यादव ने इस अवैध कमर्शियल भवन पर सील लगाने में कोई देरी नहीं की और उपाध्यक्ष के निदेर्शों का पालन करते हुए सोमवार 21 जुलाई को ही सील लगा दी। सूत्र बताते हैं कि अवैध कमर्शियल भवन पर प्राधिकरण पहले भी दो बार सील लगा चुका है लेकिन अवैध कमर्शियल भवन का निर्माण करने वाले मालिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सील तोड़कर निर्माण करने में जुटे हैं।

*मेरठ विकास प्राधिकरण प्रर्वतन खंड जोनल डी के जोनल अधिकारी, इंजीनियर अर्पित यादव का कहना है कि इस कमर्शियल भवन मालिक को अवैध निर्माण करने से मना करते हुए कई बार समझाया गया तथा कंपाउंडिंग के लिए सलाह दी गई लेकिन अवैध निर्माण कर्ता नहीं माने तब आज सोमवार को इस कमर्शियल भवन को सील किया गया है।*

# युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को डीएम ने दी जिम्मेदारी



श्रावस्ती। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी०एम० युवा) योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला की तैयारी के संबंध में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यशाला दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में जनपद के विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर, आईटीआई, पॉलिटेक्निक के अंतिम वर्ष या पास आउट छात्र-छात्राएं तथा अन्य सम्भावित लाभार्थी शामिल होंगे।

दूसरी पाली में समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, जिला समन्वयक, एलडीएम, सीएससी संचालक, प्रशिक्षण संस्थाएं जैसे आरसेटी, कौशल विकास मिशन व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

इस कार्यशाला में युवाओं को इनोवेटिव प्रोजेक्ट, बिजनेस ऑन व्हील्स, फ्रेंचाइजी बिजनेस आदि से जोड़ने के लिए जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक शिक्षित युवा स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, उपयुक्त उद्योग तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थाओं को निर्देश दिए कि अपने अंतिम वर्ष के छात्रों की उपस्थिति 23 जुलाई 2025 को कार्यशाला में सुनिश्चित कराएं।

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनी 14 शिकायतें




श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं गम्भीरता से सुनीं। इस अवसर पर कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो राजस्व, विद्युत, पंचायत, समाज कल्याण समेत विभिन्न विभागों से सम्बन्धित रहीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को तीन दिवस के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तय है। श्री द्विवेदी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की जानकारी फरियादियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर अवश्य दी जाए, ताकि उन्हें बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शासन की मंशा है कि हर फरियादी को समयबद्ध न्याय मिले और उसका कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ निपटाया जाए।

## कांवड़ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल



बांसी सिद्धार्थनगर। सावन मास के दूसरे सोमवार को शिव मंदिर काजी रुधौली और पचारी के झारखंडी स्थान से कांवड़ियों का जत्था हर हर महादेव और बोल बम का उद्घोष करते हुए बांसी कस्बे में राप्ती नदी तट पर स्थित रानी मोह भक्त लक्ष्मी स्नान घाट पहुंचा जहां से जल भरकर काजी रुधौली पहुंचे और शिव मंदिर पर जला अभिषेक किया गया। कावड़ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। काजी रुधौली से लेकर बांसी नगर में भक्ति का माहौल रहा चारों तरफ हर हर महादेव गूंजता रहा। कावड़ यात्रा में भगवान शिव की प्रतिमा झांकी भी सजाया गया था। डीजे और बैंड बाजा के साथ सभी भक्त नाचते गाते मंदिर पर पहुंचे और जलाभिषेक करने के बाद मन्नतें मांगी। कावड़ यात्रा में महेंद्र कुमार गौड़, रमाकांत वर्मा, अनुराग मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, राम कुमार, भीम, प्रमोद कुमार, शत्रुघ्न गौड़, रंगीलाल काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल थे।

## जिला प्रशासन और मीडिया के मध्य स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न



सिद्धार्थनगर। जिला प्रशासन एवं मीडिया के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं जिला स्तरीय स्थायी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 उपस्थित जिला स्तरीय स्थायी समिति के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया गया। बैठक में अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन आलोक श्रीवास्तव द्वारा मांग किया गया कि बस्ती जनपद में लोकल वाहनो पर टोल नही लगता है। जनपद के 02 टोल पर भी वाहनों को टोल से छूट मिलना चाहिए। इसके अलावा तहसील डुमरियागंज के प्रेस क्लब की भूमि को प्रेस क्लब के नाम से दर्ज किये जाने की मांग किया गया। मान्यता प्राप्त पत्रकार राष्ट्रीय स्वरूप वीपी त्रिपाठी द्वारा ई-रिक्शा चालको तथा नाबालिग द्वारा ईरिक्शा के संचालन के सम्बन्ध में बात कहा गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है। मान्यता प्राप्त पत्रकार राष्ट्रीय सहारा सत्यप्रकाश गुप्ता द्वारा जिला अस्पताल में मान्यता प्राप्त पत्रकारों को लोकल दवा परचेजिंग की सुविधा मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश की व्यवस्थानुसार कार्यवाही किया जायेगा। पत्रकारो को जो भी अनुमन्य है वे सभी सुविधायें दी जायेगी। अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन आलोक श्रीवास्तव द्वारा मांग किया गया कि तहसील स्तर के पत्रकारों को भी सुविधा मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन को पत्रकारों का सहयोग मिलता है। जो भी सच्चाई है उसे आप लोग लिखे। खबरो के माध्यम से कमियों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है तथा उस पर कार्यवाही की जा रही है। इस बैठक में उपरोक्त के प्र0 जिला सूचना अधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर मयंक द्विवेदी, अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार, सत्यप्रकाश गुप्ता, सुनील मिश्रा, वीपी त्रिपाठी, रमाकान्त त्रिपाठी, जितेन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोशिएसन आलोक श्रीवास्तव आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

## लेखपालों ने निलंबन के विरोध में दिया धरना



बांसी। डुमरियागंज तहसील में नियम विरुद्ध लेखपालों के हुए निलंबन के विरोध में संघ के आह्वान पर बांसी तहसील लेखपाल संघ ने सोमवार को कार्य वहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिला कार्यकारिणी के आह्वान पर लेखपाल संघ डुमरियागंज उपशाखा के समर्थन में बांसी लेखपाल संघ के अध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में सोमवार को कार्य वहिष्कार व धरना प्रदर्शन किया गया। डुमरियागंज तहसील में बिना स्थानांतरण आदेश प्राप्त कराए नियम विरुद्ध तरीके से नौ जुलाई को लेखपाल आनन्द गौतम, देवेश कुमार तिवारी तथा विपिन तिवारी के नियम विरुद्ध तरीके से किए गए निलंबन को लेकर लेखपाल संघ में आक्रोश है। लेखपाल संघ ने कहा कि निलंबन वापसी तक अनिश्चित कालीन कार्य वहिष्कार व धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में भानु प्रताप, प्रभात सैनी, विपुल तिवारी, अजय चौधरी, पूजा यादव, रेनू यादव, अनिल यादव आदि लेखपाल धरने में मौजूद रहे।

## वीजा के नाम पर ठगी करने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर-की खेसरहा पुलिस ने सोमवार को 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। निजाम अंसारी उर्फ निजाम हुसैन पिछले तीन साल से फरार चल रहा था। आरोपी पर वीजा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए गए अभियान में यह कार्रवाई की गई। खेसरहा थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को पकड़ा। निजाम अंसारी मूल रूप से संतकबीरनगर के धर्मसिंहवा का रहने वाला है। वह महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के महुअवा गांव में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ खेसरहा और बखिरा थानों में तीन मुकदमे दर्ज हैं! 26 जून 2022 को देवरी गांव के हबीब खां ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि निजाम ने वीजा दिलाने के नाम पर उनका पासपोर्ट और 95 हजार रुपये ले लिए। न तो वीजा मिला और न ही पैसे वापस किए। जांच में पता चला कि आरोपी ने 12 और लोगों से भी इसी तरह ठगी की है। पीड़ितों द्वारा पैसों की मांग करने पर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी करने वाली टीम की सराहना की है।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत

सिद्धार्थनगर- मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। नागचौरी गांव में सोमवार की सुबह सर्पदंश से एक 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। नारद यादव की पुत्री लक्ष्मी सुबह शौच के लिए खेत की ओर गई थी। वहां एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। लक्ष्मी रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार ने अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया। समय बीतने के साथ लक्ष्मी की हालत बिगड़ती गई। कुछ घंटों में ही उसकी मृत्यु हो गई। लक्ष्मी आदर्श विद्या मंदिर, नागचौरी में कक्षा आठ की छात्रा थी। उसकी मौत से स्कूल के शिक्षक और सहपाठी भी शोक में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर अस्पताल ले जाया जाता तो शायद लक्ष्मी की जान बच सकती थी।

# महताब इद्रीशी दर्जनों साथियों के साथ बीएसपी छोड़ सपा में हुए शामिल



बांसी सिद्धार्थ नगर। जनपद सिद्धार्थनगर में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी छोड़कर अपने सैकड़ो साथियों के साथ महताब इद्रिशी सपा में शामिल हुए लालजी यादव सपा जिलाध्यक्ष /पूर्व विधायक बाँसी के समक्ष सपा में शामिल हुए, लालजी यादव पूर्व विधायक / एवं पूर्व नपाध्यक्ष/ सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी व अन्य उपस्थित सभी सपाईयों महताब का स्वागत सम्मान किया गया, मोहम्मद इद्रीश राईनी ने कहा कि इनके आने से पी डी ए समाज उत्साहित है जिले में समाज वादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया, इस मौके पर मोहम्मद इद्रीस पटवारी ज़िला उपाध्यक्ष, अबरार हुसैन पूर्व उप अध्यक्ष नपा बाँसी, राममिलन भारती प्रदेश सचिव, सैयद कुतुब जिला सचिव, जवाहर यादव पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कपिल देव नगर अध्यक्ष बाँसी, प्रमोद अग्रहरि इसरार, शाहजादे, मुन्ना, मोहम्मद नोमान, अलीम शेख, एवं तमाम लोग मौजूद रहे।

# छात्र -छात्राओं ने किया बनीनाथ का जलाभिषेक



**कटरा श्रावस्ती।** श्रावस्ती के सहेट-महेट के मध्य स्थित प्राचीन शिवधाम बनीनाथ मंदिर, जहां पौराणिक मान्यता के अनुसार अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने अपने कर-कमलों से शिवलिंग की स्थापना की थी, आज भी जनमानस की आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। सावन मास के पावन सोमवार पर यहां का वातावरण भक्तिभाव और शिव आराधना से गूंजायमान रहा। आज द्वितीय सोमवार के दिन चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा भारी संख्या में श्रद्धालु पगडंडियों और कच्चे रास्तों से गुजरते हुए अपने आराध्य भोलेनाथ के दरबार में जलाभिषेक करने पहुंचे। मार्ग में प्रवीण बौद्ध द्वारा बच्चों और जनसमूह के लिए जलपान की व्यवस्था कराई गई, जो निःस्वार्थ सेवा भावना का अनुपम उदाहरण बना। मंदिर प्रांगण हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा और वातावरण में भक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आस्था के मूल स्त्रोतों से जोड़ना है, ताकि भावी पीढ़ी अपनी जड़ों को न भूले।

## अव्यवस्थाओं पर उठे सवाल



श्रद्धालुओं की आस्था जहां अडिग रही, वहीं व्यवस्थाओं की पोल एक बार फिर खुलकर सामने आई। स्वामी नाथ द्विवेदी ने पत्रकारों से कहा कि मंदिर तक पहुंचने का करीब 500 मीटर लंबा मार्ग अब भी कच्चा है। सावन मास में बरसात के चलते यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी कठिनाई होती है। साथ ही मंदिर परिसर में शौचालय, स्नानागार, रात्रि विश्राम जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव आज भी बरकरार है, जिससे दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। राजगढ़ गुलहरिया के प्रधान ने बताया कि ग्राम सभा स्तर पर बरसात के दिनों में अस्थाई रूप से मिट्टी डलवाई गई थी, परंतु वह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, स्वामी नाथ द्विवेदी, प्रधान पुल्लूर निषाद, प्रवीण बौद्ध, शिक्षक जानकी वर्मा, पंकज द्विवेदी, पंडित अनोखी पाठक, मंदिर के पुजारी भोला बाबा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## एडीबी ने दिया त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों को ऋण

अगरतला। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 975.26 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। त्रिपुरा औद्योगिक विकास निगम (टीआईडीसी) के चेयरमैन नबादल बानिक ने कहा कि इस परियोजना के तहत औद्योगिक शेड, बिजली सबस्टेशन, भूमिगत बिजली लाइन, अग्निशमन सेवा स्टेशन और 34 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एडीबी ने त्रिपुरा के नौ औद्योगिक क्षेत्रों में विकास के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु 975.26 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। क्रियान्वयन का काम प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने दक्षिण त्रिपुरा में संतिरबाजार (127 एकड़) और उनाकोटी जिले में फटीक्रोय (28 एकड़) में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के लिए भूखंड सौंप दिए हैं। टीआईडीसी ने दोनों नए क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सीमांकन का काम शुरू कर दिया है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उद्योगों के लिए आवंटित कोई भी जमीन लंबे समय तक अनुपयोगी न रहे।

## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 को होगा हस्ताक्षर

नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी होंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। उम्मीद है कि इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्रा का मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्री इस यात्रा में प्रधानमंत्री के साथ रहेंगे। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसे लागू होने में लगभग एक साल लगेगा।

## सिप्ला हेल्थ का अस्टाबेरी के कैंपेन गेट द रिच लुक लॉन्च

मुंबई। सिप्ला हेल्थ ने अपने ब्यूटी और पर्सनल केयर ब्रांड एस्टाबेरी के नवीनतम कैंपेन 'गेट द रिच लुक' की घोषणा की है। 'रिच लुक' का मतलब है ऐसी मुलायम और स्वस्थ त्वचा जो बिना किसी मेकअप या फिल्टर के स्वाभाविक रूप से दमकती है और रोजमर्रा की ज़िंदगी में आत्मविश्वास को निखारती है। प्रकृति से प्रेरित और भारत की महिलाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह कैंपेन, स्वाभाविक रूप से दमकती, सेहतमंद त्वचा का उत्सव है – जो महिलाओं को जीवन के हर मोड़ पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की ताकत देता है। उपभोक्ताओं द्वारा साझा की गई असली कहानियों से प्रेरणा लेते हुए, इसमें दिखाया गया है कि एस्टाबेरी के सरल और प्रभावशाली स्किनकेयर समाधान महिलाओं को स्वाभाविक रूप से दमकता हुआ 'रिच लुक' हासिल करने में कैसे मदद कर सकते हैं। यह हल्के-फुल्के और सच्चे अंदाज में जीवन के उन परिचित पलों को आकर्षक ढंग से दर्शाती है, जहां एक मामूली से ब्यूटी अपग्रेड से कोई महिला अपना लुक बेहतर बना सकती है– चाहे वह किसी नए व्यक्ति से मिलना हो, किसी खास मौके की तैयारी करना हो, या फिर काम पर जाना हो।

## आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी में हरित हाइड्रोजन संयंत्र करेगी स्थापित एलएंडटी

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने सोमवार को कहा कि उसकी इकाई हरियाणा में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की पानीपत रिफाइनरी में देश का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। यह परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है जिसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन उत्पादन और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

# सेंसेक्स में 443 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ।

तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 516.3 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 122.30 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी शुक्रवार को एक महीने के निचले स्तर 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38 प्रतिशत की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत चढ़ा। जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 15.9 प्रतिशत बढ़कर 13,558 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद बैंक का शेयर चढ़ा है। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.19 प्रतिशत मजबूत हुआ। बैंक का जून, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,258 करोड़ रुपये रहने के बावजूद इसके शेयर में मजबूती आई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए। हालांकि, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 3.29 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि कंपनी को अप्रैल-जून तिमाही में 26,994 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तिमाही लाभ हुआ है। बाजार की नजर कंपनियों की आय पर बनी हुई है और उसी रूप में प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। यह बताता है कि निवेशक मूल्यांकन में सहायता के लिए आय के मोर्चे पर नजरें लगाये हुए हैं। रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों के नतीजों को लेकर शुरुआती प्रतिक्रिया के कारण बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार में फिलहाल तेजड़िये और मंदड़ियों के बीच खींचतान चल रही है और आगे की दिशा के लिए मुख्य रूप से कंपनियों की कमाई पर ध्यान है। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.55 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगभग स्थिर रहा।

# रुपया 14 पैसे टूटकर 86.30 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को 14 पैसे टूटकर 86.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। तेल आयातकों की ओर से डॉलर की लगातार बढ़ती मांग का दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के 86 के स्तर तक कमजोर होने के बाद आज के सत्र में भी इसमें गिरावट जारी रही।

रुपया नकारात्मक रुख के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.27 पर खुला। इसने दिन में 86.19 से 86.36 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया। अंत में यह 86.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.16 पर बंद हुआ था। हाल के दिनों में भारतीय रुपये में काफी कमजोरी देखी गई है और यह एशियाई मुद्राओं में सबसे कमजोर बना हुआ है। आयातकों की ओर से डॉलर की लगातार मांग और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी गिरावट की मुख्य वजह रही। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.26 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 442.61 अंक की बढ़त के साथ 82,200.34 अंक पर जबकि निफ्टी 122.30 अंक चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.95 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को लिवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 374.74 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## ईपीएफओ ने मई में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 20.06 लाख सदस्य जोड़े

नयी दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के साथ मई महीने में शुद्ध रूप से 20.06 लाख सदस्य जुड़े जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इन सदस्यों में 9.42 लाख नए कर्मचारी भी शामिल हैं।

सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मई, 2025 का यह आंकड़ा अप्रैल, 2025 की तुलना में 4.79 प्रतिशत और मई, 2024 के मुकाबले 2.84 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि मई का यह आंकड़ा अप्रैल, 2018 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले अंशधारकों की निगरानी शुरू होने के बाद से दर्ज सबसे अधिक बढ़ोतरी है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि मई, 2025 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़ने वाले शुद्ध सदस्यों की यह संख्या भारत के संगठित रोजगार परिदृश्य की बढ़ती ताकत का प्रमाण है। मांडविया ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और युवा-समर्थक, श्रमिक-समर्थक सुधारों की दिशा में सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है। मई, 2025 में ईपीएफओ से लगभग 9.42 लाख नए सदस्य जुड़े जो अप्रैल, 2025 की तुलना में 11.04 प्रतिशत अधिक है। नये अंशधारकों की संख्या में यह वृद्धि रोज़गार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभ के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल संपर्क कार्यक्रमों का नतीजा है।

# निर्यात को बढ़ावा देने की रणनीति तैयार



नयी दिल्ली। देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी निर्यात रणनीति तैयार की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने यह भी कहा कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) और जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) का गठन किया है। इसके अलावा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के क्षेत्रीय अधिकारियों ने 590 जिलों के लिए जिला कार्ययोजना का मसौदा तैयार किया है। इनमें से 249 जिलों को डीईपीसी ने औपचारिक रूप से अधिसूचित किया है। अधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं में जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने की एक व्यापक रणनीति शामिल है। केंद्र राज्यों को निर्यात संवर्धन गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है क्योंकि इससे घरेलू विनिर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारी ने कहा कि 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य निर्यात रणनीति तैयार की गई है। इनमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक शामिल हैं। विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में, डीजीएफटी ने जिला निर्यात केंद्र पहल को शामिल किया है। इसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले की क्षमता और विविधता को दिशा प्रदान करके उन्हें निर्यात केंद्र बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, देश के सभी जिलों में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचान की गई है। निर्यात संवर्धन के लिए सहायता प्रदान करने और निर्यात वृद्धि की बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर एसईपीसी और जिला स्तर पर डीईपीसी के रूप में एक संस्थागत व्यवस्था बनायी गयी है। उत्पादकों और विनिर्माताओं दोनों के लाभ को पहचाने गए उत्पादों और सेवाओं के लिए जिला निर्यात कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही हैं।

## सोने में 250 रुपये की तेजी चांदी 500 रुपये मजबूत

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की मांग में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 250 रुपये बढ़कर 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस बीच, चांदी की कीमतें 500 रुपये बढ़कर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। शुक्रवार को चांदी 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि मांग में तेजी से कीमती धातु की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 15.16 डॉलर या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 3,365.56 डॉलर प्रति औंस हो गया। अमेरिकी शुल्क नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं और डॉलर में गिरावट के बीच सोमवार को सोने में तेजी आई, जिससे कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला। व्यापारी अमेरिकी व्यापार एजेंडा के साथ-साथ प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों, जिनमें अनंतिम पीएमआई आंकड़े, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर शामिल हैं।

# आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून में सुस्त पड़कर 1.7 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून, 2025 में घटकर 1.7 प्रतिशत रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि मई की तुलना में थोड़ा बेहतर रही है।

मई में इन क्षेत्रों का उत्पादन 1.2 प्रतिशत बढ़ा था। पांच प्रमुख उद्योगों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में जून में गिरावट आई। हालांकि, रिफाइनरी उत्पाद (3.4 प्रतिशत), इस्पात (9.3 प्रतिशत) और सीमेंट (9.2 प्रतिशत) उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष (2025-26) की अप्रैल-जून अवधि में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 1.3 प्रतिशत रही है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 6.2 प्रतिशत थी। कोयला उत्पादन में जून में 6.8 प्रतिशत जबकि कच्चे तेल के उत्पादन में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई। प्राकृतिक गैस तथा उर्वरक उत्पादन में क्रमशः 2.8 प्रतिशत और 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई। जून में बिजली उत्पादन में सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

# दिल्ली की औद्योगिक नीति के मसौदे में एआई, फिनटेक को बढ़ावा देने पर जोर

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने औद्योगिक नीति 2025-35 का मसौदा तैयार किया है। इसके तहत कृत्रिम मेधा (एआई) और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) सहित अग्रणी प्रौद्योगिकी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए 400 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने का प्रस्ताव है।

साथ ही इसमें 50 करोड़ रुपये के पूंजीगत निवेश की वापसी (रिइम्बर्समेंट) करने की बात भी कही गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीति के मसौदे में अनुसंधान और नवाचार के साथ ही आतिथ्य को भी केंद्रित क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है। इसपर 30 जुलाई तक हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं। यह मसौदा रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कृत्रिम मेधा, बिग डेटा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बीएफएसआई), गेमिंग, एनिमेशन, बायोटेक, आईटी और आईटी आधारित सेवाओं सहित अग्रणी प्रौद्योगिकी सेवाओं में निवेश पर केंद्रित है। दस्तावेज में कहा गया, वित्तीय प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, जैव प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षेत्रों के लिए निवेशक अनुकूल पहल शुरू करने की जरूरत है, जिससे अग्रणी वैश्विक कंपनियों को दिल्ली में मुख्यालय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। दस्तावेज में कहा गया है कि वाणिज्यिक कार्यालय स्थलों की कमी के चलते दिल्ली की अर्थव्यवस्था में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र के योगदान में उल्लेखनीय कमी हुई है। इसमें कहा गया है कि सरकार का लक्ष्य बड़े कार्यालय स्थलों की उपलब्धता बढ़ाना, भरोसेमंद बिजली और परिवहन अवसंरचना सुनिश्चित करना और नवीन प्रौद्योगिकियों में मजबूत अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ावा देना है। नीति के मसौदे में कहा गया है कि अग्रणी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए पांच वर्षों में स्थिर पूंजी निवेश के 50 प्रतिशत की वापसी की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति परियोजना 50 करोड़ रुपये तक है। इसके अलावा ब्याज सब्सिडी, राज्य जीएसटी की वापसी और पेटेंट दाखिल करने पर सहायता देने का प्रस्ताव भी है।

पेज एक का शेष

## बम और बंदूक

भारत की सैन्य शक्ति, जन-प्रेरणा और मेड इन इंडिया रक्षा क्षमताओं को मजबूती देने वाले इस भाव को मुखरता से प्रस्तुत करेंगे। मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इसने पूरी दुनिया को झकझोर दिया और आतंकवाद तथा उसके केन्द्र की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैंसरन घाटी में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

प्रधानमंत्री ने माओवाद और नक्सलवाद के खिलाफ अपनी सरकार की निर्णायक कार्वाई का उल्लेख करते हुए कहा, लाल गलियारे अब हरित विकास क्षेत्रों में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा देश में लंबे समय से नक्सलवाद रहा, लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद सिकुड़ रहा है और कल तक जो रेड कॉरिडोर थे वह आज ग्रीन, ग्रोथ जोन में परिवर्तित हो रहे हैं। सुरक्षा बल नक्सलवाद के उन्मूलन के लक्ष्य के साथ नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने कहा मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि देश के कई जिले अब नक्सलवाद की पकड़ से बाहर आ चुके हैं और आजादी से सांस ले रहे हैं। हमारा संविधान जीत रहा है। प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में हुए आर्थिक बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार ने कार्यभार संभाला था, तब भारत कमजोर पांच अर्थव्यवस्था में शामिल था, लेकिन आज देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कभी देश में महंगाई दर दोहरे अंकों में थी लेकिन आज यह दो फीसद के आसपास आ चुकी है और आम आदमी को राहत मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को भरपूर बारिश से बढ़ावा मिल रहा है, साथ ही इस दशक में शांति और प्रगति के साथ-साथ कम मुद्रास्फीति और उच्च विकास दर रही है। उन्होंने बताया कि जलाशयों का स्तर पिछले दस वर्षों की तुलना में तीन गुना बढ़ गया है, जो अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद होगा। प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष अभियान का उल्लेख करते हुए कहा, पहली बार भारत का तिरंगा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया, यह देश के हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण है। प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे देश में विज्ञान के प्रति उमंग एवं उत्साह है। उन्होंने कहा, लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन एक स्वर में इस उपलब्धि की सराहना करेंगे।

## विपक्षी हंगामे

दो बजे तक और फिर चार बजे तक के लिए स्थगित की गई। शाम चार बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकियाने हंगामा कर रहे सदस्यों से कार्यवाही सुचारू तरीके से चलने देने की अपील की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने की अपील करते हुए कहा, आपने सुबह से सदन नहीं चलने दिया है। कार्यवाही चलने दीजिए। सैकिया ने आज सदन की कार्यसूची में सूचीबद्ध गोवा राज्य विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का समायोजन विधेयक, 2024 का जिक्र करते हुए कहा कि आज गोवा की जनजातियों के अधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होनी है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले आज सुबह सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी सदन को दी। सभा ने उनके साथ ही पहलगाम आतंकी हमले और अहमदाबाद विमान हादसे में तथा देश के कई हिस्सों में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान गंवाने वाले लोगों को कुछ पल मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन का उल्लेख किया और कहा कि इस सत्र में अंतरिक्ष के विषय पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके बाद, बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करने लगे। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमला और बिहार में एसआईआर जैसे मुद्दों को उठाने की कोशिश की। उन्होंने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह प्रश्नकाल के बाद सभी विषयों पर चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। हंगामे के बीच ही कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कुछ सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन चलने देने की अपील कई बार की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि उन्हें नारेबाजी करनी है तो वे सदन से बाहर चले जाएं क्योंकि सदन के भीतर ऐसा करना उचित नहीं है। नारेबाजी नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 20 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही दोपहर 12 बजे पुनः शुरू होने पर पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इस दौरान विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए आसन के समीप आ गए। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कहा कि आज कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक होगी जिसमें सभी की सहमति से तय होगा कि किन विषयों पर चर्चा होगी और सरकार ऐसे सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हम शुरू से अपील कर रहे हैं कि मानसून सत्र में सार्थक चर्चा हो। संसद सत्र के पहले दिन इस तरह हंगामा करना, नारेबाजी करके समय का दुरुपयोग करना ठीक नहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सभी सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे रक्षा संबंधी जिस भी विषय पर चर्चा चाहते हैं, जितनी लंबी चर्चा चाहते हैं, लोकसभा अध्यक्ष जो भी निर्णय लेंगे, हम उसके तहत ऐसी किसी भी चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## बांग्लादेश में

बताया कि 72 लोगों को जलने और अन्य प्रकार की चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज कम्बाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल (सीएमएच), ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी (एनआईबीपीएस) में किया जा रहा है तथा उनमें ज्यादातर विद्यार्थी हैं। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से आठ की हालत गंभीर है। एनआईबीपीएस के एक डॉक्टर ने संवाददाताओं को बताया, हमारे अस्पताल में लाये जा रहे घायल लोगों की संख्या बढ़ रही है।

रहमान ने बताया कि विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम का इलाज सीएमएच की गहन चिकित्सा इकाई में किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान ने दोपहर एक बजकर छह मिनट पर उड़ान भरी और कुछ ही देर बाद वह कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विमान जोरदार धमाके के साथ माइलस्टोन स्कूल के चार मंजिले भवन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और तत्काल उसमें आग लग गई। पुलिस के अनुसार, इस दुर्घटना के शीघ्र बाद अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस की गाड़ियां और वायुसेना के हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर पहुंच गए।

स्कूल की एक अध्यापिका ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सुरक्षाकर्मी शवों को बॉडी बैग में भरकर क्षतिग्रस्त भवन से ढाका के सीएमएचले जा रहे हैं। इस भवन में कक्षा एक से सात तक के बच्चे पढ़ते हैं। अध्यापिका ने कहा दर्जनों एंबुलेंस घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जा रही हैं। यहां नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट ने कहा कि उसके यहां 18 लोगों का इलाज किया जा रहा है जिनमें ज़्यादातर विद्यार्थी हैं और कुछ की हालत गंभीर है। अंतरिम सरकार ने 22 जुलाई को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है, जिस दिन बांग्लादेश और उसके विदेश स्थित दूतावासों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। फहीम ने द डेली स्टार को बताया, यह दोपहर लगभग सवा एक बजे एक दो मंज़िला इमारत के भूतल पर गिरा, जहां प्राथमिक स्तर की कक्षाएं चल रही थीं।

## हर विकासखण्ड

स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि हो सके। ग्रोथ सेंटर्स को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी काम किया जाय। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत आवश्यक कौशल, संसाधन और सहायता प्रदान करने के साथ ही प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने की उपयुक्त व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा द्वारा ग्राम विकास विभाग की गेमचेंजर योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि राज्य में अभी तक एक लाख पैंसठ हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। आगामी तीन सालों में एक लाख और महिलाओं को लखपति दीदी बनाये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के तहत तीन सालों में पंद्रह हजार ग्रामीण उद्यमों को सहायता प्रदान की जाएगी। हाऊस ऑफ हिमालयाज के अंतर्गत राज्य के 150 से अधिक उत्पादों को जोड़े जाने के लिए चरणबद्ध ढंग से कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव झरना कमठान, अपर सचिव अनुराधा पाल, सी.पी.पी.जी.जी. के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंबई ट्रेन

नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। उच्च न्यायालय ने 671 पन्नों के अपने निर्णय में कहा, किसी अपराध के वास्तविक अपराधी को सजा देना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, कानून के राज को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस और आवश्यक कदम है। लेकिन किसी मामले को हल करने का झूठा दिखावा करना यह दिखाना कि आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है केवल एक भ्रमपूर्ण समाधान की भावना पैदा करता है। ऐसा भ्रामक निष्कर्ष न केवल जनता के विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि समाज को झूठी तसल्ली देता है, जबकि वास्तव में असली खतरा अब भी आज़ाद घूम रहा होता है। मूल रूप से, यही इस मामले की सच्चाई को दर्शाता है।

## पूर्वी पाकिस्तान

जाएं, क्योंकि यह अधिनियम 2018 में निरस्त किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवेदनशील प्रयास दशकों से उपेक्षित विस्थापित परिवारों के लिए एक नई उम्मीद और गरिमापूर्ण जीवन का द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है। इसे केवल पुनर्वास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए।

## उत्तर प्रदेश

सोमवार को यह जानकारी दी। कलवारी के पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदीप तिवारी ने बताया कि गोटवा के पास रविवार रात मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई।

कांवड़िए अयोध्या से सरयू नदी का जल लेकर अपने गांव लौट रहे थे। रात के समय गोटवा के पास तेज रफ्तार के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गई। हादसे की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।




# भारत-इंग्लैंड के बीच निर्णायक मुकाबला

## श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर

एजेंसी



चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)। भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब यहां मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है।

यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेज़बानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका। भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी।

### ओवेन और ग्रीन ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज पर जीत

किंग्स्टन (जमैका)। मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की। ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए।

### अर्शदीप चौथे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं

मैनचेस्टर। भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं।

# फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन छठे और प्रज्ञानानंद सातवें स्थान पर



लास वेगास। भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया। अरोनियन ने टूर्नामेंट जीतने पर 200000 डॉलर जबकि अर्जुन ने 40000 डॉलर की पुरस्कार राशि हासिल की। प्रज्ञानानंद ने भी सुनिश्चित किया कि वह ज़्यादा पीछे न रहें और अंतिम राउंड में जीत के बाद कुल 30000 डॉलर की राशि अपने नाम की।

**भारत अक्टूबर-नवंबर में शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा**

नयी दिल्ली। भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा।

### खेल मंत्री रक्षा खडसे ने स्पेशल ओलंपिक भारत फुटबॉल टीम की सराहना की

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने स्वीडन के गोथेनबर्ग में आयोजित गोथिया कप में स्पेशल ओलंपिक भारत की लड़कों की फुटबॉल टीम के अपना खिताब बचाने की उपलब्धि की सोमवार को सराहना की। भारतीय टीम ने पोलैंड को 3-1 से हराकर ट्रॉफी बरकरार रखी जो उन्होंने पिछले साल भी जीती थी। टूर्नामेंट में भारत के लिए साहिर मुहम्मद ने सात गोल किए जबकि अंकुश कुमार ने तीन और स्टालिन कुमार ने दो गोल दागे। तरुण कुमार और बिकी दुले ने एक-एक गोल किया। वर्ष 2011 में स्थापित गोथिया कप सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय युवा फुटबॉल टूर्नामेंट है जिसमें स्पेशल ओलंपिक ट्रॉफी श्रेणी है। खडसे ने विज्ञप्ति में कहा गोथिया कप में हमारी स्पेशल ओलंपिक भारत टीम की उपलब्धियां दृढ़ संकल्प, लचीलेपन और प्रत्येक व्यक्ति में निहित असीम क्षमता का गहरा प्रमाण हैं।

## संक्षेप

### शेफलर ने पहली बार बने द ओपन चैंपियन

पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें द ओपन गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा। अमेरिका के स्कॉटी शेफलर ने अंतिम राउंड में तीन अंडर 68 के साथ एक प्रभावशाली सप्ताह का समापन करते हुए द ओपन जीत लिया।

### वीनस विलियम्स कोर्ट पर लौटने को तैयार


वाशिंगटन। वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।

### क्रिकेट : नेपाल टीम बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र में करेगी अभ्यास

नयी दिल्ली। नेपाल की पुरुष क्रिकेट टीम टी-20 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के तहत 20 अगस्त से चार सितंबर तक बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण लेगी। यह कदम दोनों देशों के युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार के सहयोग से उठाया गया है। टी-20 विश्व कप क्वालीफायर इस साल अक्टूबर में होने वाले हैं। मुख्य टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। भारत ने पिछले साल अगस्त में भी इस उत्कृष्टता केंद्र में नेपाल की टीम के प्रशिक्षण में सहयोग किया था। नेपाल ने पिछले साल जून में हुए टी-20 विश्व कप से पहले बड़ौदा और गुजरात क्रिकेट संघ की टीमों के साथ त्रिकोणीय टी-20 अभ्यास टूर्नामेंट में भी भाग लिया था।

# ओल्ड ट्रैफर्ड में इंजीनियर व लॉयड के नाम के स्टैंड होंगे

एजेंसी



मैनचेस्टर। भारत और इंग्लैंड के बीच यहां प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले चौथे टेस्ट के इतर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड के नाम स्टैंड (दर्शक दीर्घा) को दिए जाएंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड के नाम रखने का फैसला किया है। इंजीनियर लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से खेले जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लॉयर्ड लगभग दो दशक तक क्लब के साथ रहे और क्लब के इतिहास में बहुमूल्य योगदान दिया। सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि स्टेडियम के नामकरण का समारोह 23 जुलाई के शुरू हो रहे टेस्ट मैच के पहले दिन होगा। इंग्लैंड बेहद कड़े मुकाबलों के बाद पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। सूत्र ने कहा यह क्लब के दोनों दिग्गजों के लिए उचित सम्मान है। वर्ष 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर के लिए 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आने के बाद क्लब की किस्मत बदल दी। जब मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था लेकिन उन्होंने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीतने में टीम की मदद की। दिलचस्प बात यह है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला लेकिन वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। इंजीनियर ने कुछ साल पहले क्लब की वेबसाइट से कहा था वह अविश्वसनीय समय था और ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी। लोग हमें खेलते देखने के लिए मीलों दूर से आते थे। उन्होंने कहा ओल्ड ट्रैफर्ड के ड्रेसिंग रूम से हम वारविक रोड रेलवे स्टेशन देख सकते थे।

# नीदरलैंड से 2-8 से हारा भारत, यूरोप के दौरे से बाहर

एजेंसी



आइंडहोवन (नीदरलैंड)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अभियान नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार के साथ समाप्त किया। युवा भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने रविवार को खेले गए यूरोप दौरे के अंतिम मैच में भारतीय टीम की तरफ से गोल दागे। भारत ए पिछले सप्ताह नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 से हार गया था। भारत ए ने आठ जुलाई को दौरा शुरू किया और पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले।

भारतीय टीम ने नीदरलैंड और बेल्जियम जैसी कुछ शीर्ष टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। भारत ए के कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा, भले ही इस यूरोपीय दौरे के दौरान हमें जीत की तुलना में अधिक हार मिली, लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य अनुकूल परिणाम हासिल करना नहीं बल्कि एक टीम के रूप में सीख और अनुभव हासिल करना था जिसका भविष्य में इन खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा।

**एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाकिस्तान**

कराची। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं। एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है। उन्होंने कहा हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### भारत क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर

सोलो (इंडोनेशिया)। भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की।

### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

हॉफगेइसमर (जर्मनी)। भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए एस स्तर पर पहली सफलता है।

अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी एस प्रतियोगिता थी।

उसने इसे अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता से संभाला। उन्होंने कहा यहां सफलता हासिल करना हम दोनों के लिए एक खास पल है। फ्लोरियाना के लिए यह तो बस शुरुआत है। मैं भविष्य को लेकर उत्साहित हूं।

# पवन अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में चैंपियन



लखनऊ। लखनऊ के वरिष्ठ शतरंज प्रशिक्षक और मजबूत टैक्टिकल खिलाड़ी पवन बाथम (राज्य कर विभाग) ने सीसीबीडब्लू अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 6.5 अंको के साथ खिताब जीत लिया। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू-लखनऊ) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के उपलक्ष्य में शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूर्नामेंट के सातवें व अंतिम राउंड के बाद लखनऊ चेस सेंटर के अनुभवी प्रशिक्षक व तीसरी वरीय सईद अहमद 6 अंक के साथ वरिष्ठ नागरिक श्रेणी में चैंपियन बने। उन्होंने पवन को एकमात्र ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया। वहीं इस श्रेणी में मोहम्मद इरफान (5 अंक), अजीत कुमार श्रीवास्तव (4 अंक), आरपी गुप्ता (3 अंक) क्रमशः दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट के एक अन्य सितारे मॉडर्न स्कूल अलीगंज के दस वर्षीय अभिज्ञान कटियार रहे जिन्होंने ओपन श्रेणी में 5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कटियार पवन बाथम के खिलाफ लगभग जीत की स्थिति में थे

**अभिज्ञान ने जीता दिल**

लेकिन समय के दबाव में चूक का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। दूसरी ओर संजीव कुमार ने 30 वर्ष से अधिक अनरेटेड श्रेणी में 6 अंक के साथ जीत हासिल की। अंडर-16 अनरेटेड श्रेणी में दर्श अग्रवाल (डीपीएस एल्डिको), आकर्षक सिंह (सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस) और अर्जुन चौरसिया (डीपीएस एल्डिको) 6 अंकों के साथ संयुक्त पहले स्थान पर रहे। वहीं कार्तिक अग्रवाल (सीएमएस अलीगंज प्रथम कैंपस) और कौस्तुभ मिश्रा (सेंट फ्रांसिस) ने क्रमशः अंडर-16 व अंडर-10 श्रेणी में 5.5 अंक के साथ खुद को उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर क्लब ने हर्षित अमरनानी को भी सम्मानित किया। हर्षित ने इटली के इसोला डेल सोले, ग्रैडो शतरंज ओपन में अंडर 2200 वर्ग में जीत हासिल की है और फिडे रेटिंग 2143 के साथ लखनऊ के सबसे अधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही एक विशेष मुलाकात और अभिवादन सत्र में हर्षित ने सैकड़ो ऑटोग्राफ दिए और एक घंटे से अधिक समय तक धैर्यपूर्वक अपने सभी प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाईं।

# चाइना ओपन में सात्विक- चिराग की नजरें दमदार प्रदर्शन पर

एजेंसी



चांग्झू। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी। चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।

वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे। अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। पिछले सप्ताह वह कोरिया की सिम यू जिन से हार गईं थी। यह इस वर्ष पांचवा अवसर था जबकि वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी।

सिंधू का पहला मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त 18 वर्षीय पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन तोमोका मियाजाकी से होगा। महिला एकल में ही इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का पहले दौर में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से मुकाबला होगा, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना चीनी ताइपे की लिन सियांग टी से होगा। महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी, पांडा बहनें रुतपर्णा और श्वेतपर्णा, और अमृता प्रमुथेश-सोनाली सिंह की जोड़ी मैदान में हैं, जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

**छह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को विश्व विश्वविद्यालय खेलों से प्रतिबंधित किया गया**

नयी दिल्ली। जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे। बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह केवल कुप्रबंधन नहीं है- यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया।

उन्होंने लिखा यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं। सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए बताया, हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। एक सूत्र के अनुसार यह मामला सिर्फ एक त्रुटि का नहीं था बल्कि व्यवस्थित अनियमितताओं का परिणाम था जिसकी शुरुआत भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में आयोजित चयन ट्रायल से शुरू हुई।

# पहलगाम आतंकी हमला कायरतापूर्ण व दुखद

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राज्यसभा को नोटिस मिला: धनखड़

नयी दिल्ली। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को कायरतापूर्ण और दुःखद बताते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि इसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई, जिससे देश की सामूहिक अंतरात्मा आहत हुई। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन उच्च सदन की बैठक में सभापति ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश एकजुट हुआ और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सीमा पार आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और जनता की एकजुटता ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त किया। सभापति ने 12 जून, 2025 को एयर इंडिया की उड़ान 171 की दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना से पूरा देश को गहरे शोक में डूब गया। उन्होंने कहा कि इस दुखद हादसे में 240 लोगों की जान गई इस हादसे की जांच जारी है। हम सभी इस अपूरणीय क्षति पर शोकाकुल हैं। सभापति ने पूरे सदन की ओर से, विमान हादसे के शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

वहीं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को बताया कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए उन्हें एक नोटिस प्राप्त हुआ है और उन्होंने इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के लिए महासचिव को निर्देश दिए हैं। धनखड़ ने बताया कि यह नोटिस संविधान के अनुच्छेद 217 (1)(बी), अनुच्छेद 218, और अनुच्छेद 124 (4) के साथ-साथ न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 की धारा 31(बी) के तहत प्राप्त हुआ है, जिसमें न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए जांच समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव आज मुझे प्राप्त हुआ है। इस पर राज्यसभा के 50 से अधिक सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया आरंभ करने के लिए आवश्यक संख्या है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा यह पुष्टि किए जाने के बाद कि इसी तरह का एक नोटिस लोकसभा में भी दिया गया है, सभापति धनखड़ ने राज्यसभा के महासचिव को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च माह में न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से अधजले नोटों की गड्डियां मिली थीं, जिसके बाद उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया था। धनखड़ ने उच्च सदन में यह भी कहा कि पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को हटाने के लिए सांसदों द्वारा नोटिस दिया गया था, और जांच में पता चला कि नोटिस पर एक सदस्य के दो हस्ताक्षर थे लेकिन संबंधित सदस्य ने इस बात से इनकार कर दिया कि उन्होंने नोटिस पर दो बार हस्ताक्षर किए थे। सभापति ने कहा कि मैंने इसकी जांच की और पाया कि एक सदस्य ने दो जगहों पर हस्ताक्षर किए थे। प्रस्ताव में 55 हस्ताक्षर थे, लेकिन वास्तव में उस पर केवल 54 हस्ताक्षर ही थे। इस संबंध में तह तक जाने की आवश्यकता है। हस्ताक्षरों के सत्यापन और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह प्रक्रिया जारी है। यदि आवश्यक संख्या में सदस्य अपने हस्ताक्षर सत्यापित कर लेते हैं।



# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है सरकार: नड्डा

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए तैयार है।

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन उच्च सदन में विपक्षी सदस्यों ने पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई पर तत्काल चर्चा कराये जाने की मांग को लेकर हंगामा किया। सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे पर सदन में विस्तृत चर्चा सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई विपक्षी सदस्यों ने पूर्व निर्धारित कामकाज को स्थगित कर इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव दिए थे। कुछ सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग की। सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है। विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग की। इस पर सभापति ने कहा कि वह विभिन्न दलों के नेताओं से इस विषय पर चर्चा करेंगे। लेकिन विपक्षी सदस्य तत्काल चर्चा की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। खरगे ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम में मध्यस्थता की, देश के लिए अपमानजनक है। इस पर उच्च सदन के नेता और भाजपा के वरिष्ठ नेता नड्डा ने कहा कि सरकार इस विषय पर विस्तार से चर्चा के लिए तैयार है और वह किसी भी बहस से पीछे नहीं हट रही है। नड्डा ने कहा कि सरकार ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए तैयार है।



## संक्षेप

### कांवड़ यात्रा: दिल्ली में 23 तक प्रमुख सड़कें बंद

नयी दिल्ली। कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में तीर्थयात्रियों की भीड़ के कारण राष्ट्रीय राजधानी की कई प्रमुख सड़कें 23 जुलाई को सुबह आठ बजे तक बंद रहेंगी। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को जारी विस्तृत परामर्श में यह जानकारी दी गई। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांवाड़यों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए केशव चौक गोलचक्कर से युधिष्ठिर सेतु (आईएसबीटी) तक सड़क का बायां मार्ग 21 जुलाई को सुबह आठ बजे से 23 जुलाई को सुबह आठ बजे तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा जारी एक अलग परामर्श में कहा गया कि अप्सरा बॉर्डर से शाहदरा तक जीटी रोड, सीमापुरी से अप्सरा बॉर्डर और आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर सहित कई प्रमुख मार्ग भी इस अवधि के दौरान बंद रहेंगे। इसने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि स्वामी दयानंद मार्ग से केशव चौक (जीटी रोड की ओर) और पुस्ता रोड से शास्त्री पार्क तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे इन मार्गों से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। केशव चौक और युधिष्ठिर सेतु के बीच का मार्ग वाहनों के लिए बंद है और सीमापुरी से अप्सरा बॉर्डर तक का मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा।

# सावरकर, सहजानंद सरस्वती और मानेक शॉ को भारत रत्न देने की मांग

नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को मानसून सत्र के पहले दिन एक भाजपा सदस्य ने प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी वीडी सावरकर, विख्यात समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती और फील्ड मार्शल मानेक शॉ को भारत रत्न देने की मांग की।

भारतीय जनता पार्टी के भीम सिंह ने विशेष उल्लेख के जरिये यह मांग उठायी। उन्होंने कहा कि इन तीनों विभूतियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्र को एक नयी दिशा दी और गौरव दिलवाया। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर वो विभूति हैं जिन्हें दो आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी थी। उन्होंने कहा कि सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं एक विचारक, लेखक और भविष्यदृष्टा भी थे जिनसे भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी भी प्रभावित हुए। सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती एक ऐसे संन्यासी थे जिन्होंने हिमालय की गुफाओं में नहीं बल्कि गांवों के खेतों में, किसानों के आंसुओं में और शोषित की पीड़ा में ईश्वर को देखा। उन्होंने किसानों को संगठित किया और जमीदारी उन्मूलन आंदोलन को दिशा दी तथा जय किसान के नारे को आगे बढ़ाते हुए एक मिशन बनाया।

# सरकार पहलगाम, ऑपरेशन सिंदूर पर अगले सप्ताह 16 घंटे चर्चा के लिए सहमत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक के बाद सोमवार को कहा कि सरकार पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर अगले सप्ताह 16 घंटे (तीन दिन) चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष चाहता है कि इस पर तत्काल चर्चा शुरू हो।

बीएसी की बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने यह भी बताया कि सरकार अगले सप्ताह चर्चा चाहती है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह विदेश दौरे पर रहेंगे। उन्होंने संसद परिसर में पीटीआई वीडियो से कहा कि आज बीएसी की बैठक में वे (सरकार) ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकवादी हमले पर 16 घंटे यानी तीन दिन तक चर्चा करने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए। यह बिना किसी नियम के विशेष चर्चा होगी। सुरेश का कहना था, हमारी मांग है कि चर्चा तत्काल शुरू हो, लेकिन सरकार ने कहा कि अगले सप्ताह चर्चा होगी क्योंकि प्रधानमंत्री देश में नहीं हैं और जब भी प्रधानमंत्री वापस आएंगे तब तुरंत चर्चा शुरू की जाएगी।

लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष चाहता है कि चर्चा तत्काल शुरू हो, लेकिन सरकार यह नहीं बता रही है कि चर्चा किस दिन से शुरू होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बजाय विदेश दौरे को ज्यादा महत्व दिया है।

# महाराष्ट्र के चार मंत्री हनीट्रैप में फंसे, राउत का दावा- भाजपा ने सबूत देने को कहा



मुंबई। शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने सोमवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के चार मंत्रियों और कई सरकारी अधिकारियों को मोहपाश (हनीट्रैप) में फंसाया गया है। हालांकि, महाराष्ट्र मंत्रिमंडल के सदस्य चंद्रशेखर बावनकुले ने इस दावे का खंडन करते हुए राउत से सबूत सार्वजनिक करने को कहा।

राउत ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि तत्कालीन अविभाजित शिवसेना के चार युवा सांसदों को हनीट्रैप में फंसाया गया था, जिसके कारण वे पाला बदलकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। राउत ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि चार मंत्री और कई अधिकारी हनीट्रैप में फंसाए गए हैं। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा था कि राज्य में हनीट्रैप के जरिये ब्लैकमेलिंग का कोई मामला सामने नहीं आया है। सोमवार को राउत ने आरोप लगाया कि फडणवीस ने सदन में झूठ बोला और उन्हें पता है कि चार मंत्री हनीट्रैप में फंसे हैं। राउत ने नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया, (अविभाजित शिवसेना) छोड़ने वाले सांसदों में से चार हनीट्रैप में फंसे थे और उन पर दबाव डाला गया और भाजपा से हाथ मिलाने के बाद वे बेदाग हो गए। पिछले सप्ताह, कांग्रेस विधायक नाना पटोले ने मांग की थी कि सरकार ठाणे, नासिक और मुंबई स्थित मंत्रालय (सचिवालय) में तैनात राज्य के अधिकारियों को निशाना बनाकर चलाए जा रहे कथित हनीट्रैप गिरोह पर विधानसभा में औपचारिक बयान दे। पटोले ने दावा किया था कि उनके पास एक पेन ड्राइव में आरोपों से जुड़े सबूत मौजूद हैं। राउत के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राज्य के राजस्व मंत्री बावनकुले ने कहा कि उन्हें डरना नहीं चाहिए। अगर उनके पास हनीट्रैप के दावों से जुड़ी कोई सामग्री है, तो उन्हें आगे आकर उसे दिखाना चाहिए। बावनकुले ने पत्रकारों से कहा कि यह सुर्खियों में बने रहने की एक घटिया कोशिश के अलावा और कुछ नहीं है। मंत्री ने दावा किया कि सत्ता गंवाने के बाद विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी के नेता जनता को गुमराह करने के लिए सरासर झूठ फैला रहे हैं।

# न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिये गये

नयी दिल्ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के प्रस्ताव से संबंधित नोटिस सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। निचले सदन में अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत नोटिस दिए गए हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और भाजपा के राजीव प्रताव रूड़ी समेत कई अन्य सदस्यों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रसाद ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि न्यायपालिका की ईमानदारी, पारदर्शिता और स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित होगी, जब न्यायाधीशों का आचरण अच्छा होगा। आरोप संगीन थे और ऐसे में महाभियोग के लिए नोटिस दिया गया है। हमने आग्रह किया है कि कार्यवाही जल्द शुरू होनी चाहिए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे गए नोटिस पर 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं।



कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि कुल 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं और अब इस मामले की जांच होगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित न्यायाधीश को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले पर विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक एकजुट हैं। हुसैन ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किया है और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्य सोमवार को सदन में मौजूद नहीं थे, लेकिन वे इस मुद्दे पर सहमत हैं और बाद में इसका समर्थन करेंगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज विभिन्न विपक्षी दलों के 63 राज्यसभा सांसदों ने न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 के तहत न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए राज्यसभा के सभापति को प्रस्ताव का नोटिस दिया। न्यायमूर्ति शेखर यादव को हटाने के लिए इसी तरह का एक प्रस्ताव 13 दिसंबर, 2024 को राज्यसभा के सभापति को प्रस्तुत किया गया था। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सोमवार को सदन को बताया कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए उन्हें एक नोटिस प्राप्त हुआ है और उन्होंने इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के लिए महासचिव को निर्देश दिए हैं। धनखड़ ने कहा कि यह नोटिस संविधान के अनुच्छेद 217 (1)(बी), अनुच्छेद 218, और अनुच्छेद 124 (4) के साथ-साथ न्यायाधीश जांच अधिनियम, 1968 की धारा 31(बी) के तहत प्राप्त हुआ है, जिसमें न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए जांच समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है।


## इंटरटेनमेंट...

# उदयपुर फाइल्स से हटायें 6 दृश्य: केंद्र

नयी दिल्ली। केंद्र ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने फिल्म उदयपुर फाइल्स- कन्हैया लाल टेलर मर्डर में छह दृश्यों को हटाने का सुझाव दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ से कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुझाई गई बातों के अलावा कोई भी आगे की कार्वाई अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगी। मैंने आदेश पढ़ लिया है। शीर्ष अदालत ने मेहता से आदेश को रिकॉर्ड पर रखने को कहा। फिल्म निर्माताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटी ने

**न्यायालय ने रिलीज पर रोक जारी रखी**

कहा कि केंद्र अपने पुनरीक्षण अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर रहा है और उसने फिल्म के दृश्यों में छह कट लगाने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति कांत ने भाटिया से कहा कि फिल्म निर्माताओं को दृश्यों को हटाने के निर्देशों का पालन करना होगा, जब तक कि वे आदेश को चुनौती नहीं देते। आरोपी मोहम्मद जावेद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि जब तक उच्चतम न्यायालय इस




मुद्दे पर फैसला नहीं सुना देता, तब तक अंतरिम रोक जारी रहनी चाहिए। पीठ ने अगले आदेश तक रोक जारी रखी और सुनवाई 24 जुलाई के लिए निर्धारित की।

# मोहित सूरी की 'सैयारा' पर नकल का आरोप

एजेंसी

मोहित सूरी की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने मिल रहा है। रिलीज के चौथे दिन ही कमाई के मामले में फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इन सबके बीच इंटरनेट यूजर्स फिल्ममेकर पर नकल का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि ये फिल्म साल 2004 में आई कोरियन फिल्म 'ए मोमेंट टू रिमेंबर' की कॉपी है। रेडिट और एक्स यूजर का दावा है कि 'सैयारा' और 2004 की कोरियन फिल्म 'ए मोमेंट टू रिमेंबर' के बीच काफी समानताएं हैं। दोनों फिल्मों की कहानी काफी मिलती-जुलती है।




मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' एक गुस्सैल म्यूजिशियन कृष कपूर (अहान पांडे) और एक जर्नलिस्ट वाणी (अनीत पड्डा) की प्रेम कहानी है। फिल्म में वाणी को अल्जाइमर का पता चलता है। वाणी इस रिश्ते को छोड़ना चाहती है, जबकि कृष उसके साथ रहना चाहता है।

# अनूप जलोटा ने बिग बॉस को कहा स्क्रिप्टेड


**मुंबई।** भजन सिंगर अनूप जलोटा बिग बॉस 12 का हिस्सा बने थे। वो शो में 31 साल छोटी जसलीन मथारू के साथ पहुंचे थे, जिसके बाद से ही खबरें चर्चा में आ गईं कि अनूप और जसलीन का अफेयर है। हालांकि अब अनूप जलोटा ने बिग बॉस के मेकर्स पर संगीन आरोप लगाए हैं। सिंगर का कहना है कि उनका जसलीन से अफेयर नहीं था, लेकिन मेकर्स ने जसलीन पर ऐसा कहने के लिए दबाव बनाया था। हाल ही में लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में अनूप जलोटा ने जसलीन मथारू से अफेयर की खबरों को खारिज किया है। अनूप जलोटा ने कहा, 'जसलीन बहुत अच्छी सिंगर है। वो हमसे सीखने आती थी। पांच छह बार आई है। ज्यादा नहीं आई।

# 'नेपोकिड का दाईजान' कहे जाने पर भड़के करण जौहर

**मुंबई।** हाल ही में करण जौहर ने अहान पांडे की फिल्म सैयारा की तारीफ करते हुए एक लंबी-चौड़ी पोस्ट शेयर की है। हालांकि इस पोस्ट से ज्यादा चर्चा करण के उस कमेंट की हो रही है, जो उन्होंने एक ट्रोलर के लिए किया है। दरअसल, करण की पोस्ट सामने आने के बाद एक ट्रोलर ने फिर एक बार नेपोटिज्म का मुद्दा खड़ा करते हुए करण जौहर को ही नेपोकिड की दाईजान कह डाला है। इस ट्रोलर को

**सरेआम भड़ककर ट्रोलर को लगायी फटकार, कहा- चुप कर, खुद कुछ काम कर**

नजरअंदाज करने की बजाय इस बार करण ने मजेदार जवाब दिया है। इसके जवाब में करण जौहर ने लिखा, 'चुप कर, घर बैठे-बैठे नेगेटिविटी मत पाल, दो बच्चों का काम देख और खुद कुछ काम कर।' करण जौहर ने अहान पांडे की फिल्म सैयारा की तारीफ करते हुए लिखा था, 'मुझे याद नहीं आखिरी बार किसी फिल्म को देखकर ऐसा कब महसूस हुआ था, आंखों से आंसू बह रहे थे लेकिन



दिल में एक गहरी खुशी भी थी। खुशी इस बात की कि एक खूबसूरत प्रेम कहानी ने सिल्वर स्क्रीन पर जीत हासिल की है और पूरे देश को फिर से प्यार में डाल दिया है। मुझे सबसे ज्यादा गर्व इस बात का है कि मेरी 'आल्मा मेटर' (जहां से मैंने शुरूआत की थी) यशराज फिल्म्स ने एक बार फिर से सच्चा प्यार वापस लाया है। फिल्मों में और हमारी फिल्म इंडस्ट्री में। आदित्य (चोपड़ा), मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं और ये कहने में बहुत गर्व महसूस करता हूं कि मैं हमेशा के लिए यशराज फिल्म्स का स्टूडेंट हूं।

अक्षय विधानी, तुम्हारा एक प्रोड्यूसर के तौर पर ये डेब्यू कमाल का रहा। ये बॉल तो सीधा मैदान के बाहर जा चुकी है। शानदार काम। बधाई हो। आगे करण ने लिखा, 'मोहित सुरी ने अपने करियर की सबसे बेहतरीन फिल्म बनाई है। उनकी कहानी कहने की कला, उनका निर्देशन और खासकर जिस तरह उन्होंने संगीत का उपयोग किया है, वह कमाल का है। इस फिल्म में संगीत सिर्फ एक बैकग्राउंड नहीं, बल्कि एक किरदार जैसा लगता है। अहान पांडे, क्या जबरदस्त डेब्यू किया है तुमने। तुमने मेरा दिल तोड़ दिया लेकिन एक फिल्ममेकर के तौर पर मुझे फिर से प्रेरित कर दिया। तुम्हारी आंखों ने जो कहा, वो शब्दों से कहीं ज्यादा था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com